CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, शुक्रवार 9 मई 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 37 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख शुक्ल पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 | 10 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

तापमान: अधिकतम :32°C न्यूनतम: 21°C

सेंसेक्स 80,334.81
निफ्टी 24,273.80

सोना 1,00,000
चांदी 99,000



**संरा महासभा अध्यक्ष ने भारत-पाक के बीच बढ़ती शत्रुता पर जताई चिंता**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**वरुण चक्रवर्ती पर बीसीसीआई ने लगाया 25 प्रतिशत जुर्माना**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

जय हिंद

## पाकिस्तान ने फिर मुंह की खाई, भारत ने किए सभी हमले नाकाम

# F 16 समेत तीन पाक लड़ाकू विमान मार गिराए

## लाहौर पर जवाबी हमला

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच, भारतीय सेना ने पाकिस्तान के खिलाफ कड़ा कदम उठाया है। पाकिस्तान के लाहौर शहर में भारतीय सेना द्वारा जवाबी हमला किया गया है। इस हमले के बाद लाहौर में अचानक ब्लैकआउट घोषित कर दिया गया है। भारत ने पाकिस्तान के दो जेएफ-17 और एक एफ-16 लड़ाकू विमान को मार गिराया है। हालात बेहद तनावपूर्ण हैं और पूरे क्षेत्र में सेना और सुरक्षाबलों की गश्त बढ़ा दी गई है।

पाकिस्तान ने हाल ही में कटरा स्थित तीर्थ स्थल पर ड्रोन हमला करने की कोशिश की थी, लेकिन भारतीय रक्षा तंत्र ने इस हमले को नाकाम कर दिया। यह घटनाक्रम जम्मू-कश्मीर में बढ़ते तनाव को दर्शाता है, जहां पहले से ही कई सुरक्षा अलर्ट जारी हैं। इन हमलों के बाद, जम्मू और कश्मीर के साथ-साथ लेह में भी ब्लैकआउट लागू कर दिया गया है। लोग अपने घरों में रहकर सुरक्षा की दिशा में कदम उठा रहे हैं। भारत के रक्षा मंत्री ने नियंत्रण रेखा और सीमावर्ती क्षेत्रों की स्थिति की गहरी समीक्षा की है, ताकि किसी भी प्रकार की उकसावे की कार्रवाई का प्रभावी जवाब दिया जा सके। भारत सरकार ने राजस्थान में सभी सरकारी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं और सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा किया गया है। राज्य में सभी आवश्यक प्रशासनिक और सुरक्षात्मक उपाय किए जा रहे हैं, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। इससे पूर्व पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। सूत्रों का दावा है कि राजस्थान व जम्मू में भी धमाके की आवाज सुनी गई। वहां भारत ने पाकिस्तान के एफ-16 जेट को मार गिराया है। वहीं एक बार फिर पाकिस्तान ने जम्मू में ड्रोन और मिसाइल से हमला करने की कोशिश की, भारत ने आठ मिसाइल मार गिराई हैं। जम्मू के साथ ही पाकिस्तान की ओर से पठानकोट एयरबेस पर हमले की कोशिश की गई, जिसे भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया है। आरएसपुरा सेक्टर में पाकिस्तान की तरफ से भारी शेलिंग की जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कई जगह धमाके की आवाज आई है। भारत ने 24 घंटे से कम समय में पाकिस्तान को दूसरा सबक सिखाया है। जम्मू में ड्रोन देखे जाने के बाद लोगों को घरों में रहने की हिदायत दी गई है। धमाके की आवाज के बाद पूरे शहर में ब्लैकआउट है। जम्मू के साथ ही सांबा, आरएसपुरा, अखनूर में भी ब्लैकआउट है। जम्मू में अलर्ट जारी किया गया है।जम्मू शहर के आसपास लोगों ने दो ड्रोन आकाश में उड़ते हुए देखे। इस बीच जम्मू- कश्मीर के पूर्व डीजीपी एसपी वैद ने एक पोस्ट में कहा है कि जम्मू में पूरी तरह से ब्लैकआउट। जोरदार धमाके-बमबारी, गोलाबारी या मिसाइल हमले की आशंका। चिंता न करें। बहादुर भारतीय सशस्त्र बल हमारे साथ हैं। वहीं राजस्थान के बॉर्डर वाले जिलों में भी ब्लैकआउट कर दिया गया है। सरहदी राज्य पंजाब, जम्मू-कश्मीर और राजस्थान हाई अलर्ट पर हैं। इससे पहले पंजाब के गुरुदासपुर, राजस्थान के बाड़मेर, जैसलमेर और जोधपुर में रोजाना रात 9 बजे सुबह 5 बजे तक ब्लैकआउट रखने के आदेश दिए गए थे। इन शहरों के लिए स्थानीय प्रशासन ने गाइडलाइन जारी कर दी गई हैं। श्रीगंगानगर, बीकानेर में प्रशासन ने ड्रोन उड़ाने व आतिशबाजी पर अगले आदेश तक रोक रहेगी।



**■ पठानकोट एयरबेस पर हमले की कोशिश की गई, जिसे भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया**

## लाहौर की वायु रक्षा प्रणाली की ध्वस्त

**सेना के ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए पाकिस्तान की भारत के 15 शहरों में सैन्य ठिकानों को मिसाइल और ड्रोन से निशाना बनाने की कोशिश की नाकाम**

**अवंतीपोरा, श्रीनगर , जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला , जालंधर , लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा और चंडीगढ़ समेत 15 सैन्य ठिकाने थे निशाने पर**

**भारतीय सुरक्षा बलों ने समानुपातिक जवाबी कार्रवाई में पाक में कई जगह पर वायु रक्षा प्रणाली और रडारों को निशाना बनाकर किया हमला : रक्षा मंत्रालय**

**नई दिल्ली।** भारत के ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए और हताश पाकिस्तान ने बुधवार रात जम्मू-कश्मीर से लेकर गुजरात तक कम से कम 15 शहरों में सैन्य ठिकानों को मिसाइल और ड्रोन से निशाना बनाने की कोशिश की, जिसे भारत की वायु रक्षा प्रणाली ने रूस से मिल एस-400 डिफेंस सिस्टम के जरिये इस हमले को नाकाम कर दिया और जवाबी कार्रवाई में लाहौर की वायु रक्षा प्रणाली (एयर डिफेंस सिस्टम) ध्वस्त कर दी।

इसके लिए इजरायल से मिले हार्पी ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को यहां एक वक्तव्य जारी कर कहा कि सात और आठ मई की दरमियानी रात में पाकिस्तानी सेना ने उत्तरी एवं पश्चिमी भारत के अनेक सैन्य ठिकानों को मिसाइलों और ड्रोन से निशाना बनाने की कोशिश की, जिनमें अवंतीपोरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा, चंडीगढ, नाल, फलोदी, उत्तरलाई और भुज शामिल हैं। पाकिस्तानी मिसाइल और ड्रोन को भारत की एकीकृत वायु रक्षा प्रणालियों ने नष्ट कर दिया। मंत्रालय ने बताया कि गुरुवार सुबह भारतीय सुरक्षा बलों ने समानुपातिक जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान में कई जगह पर वायु रक्षा प्रणाली और रडारों को निशाना बनाकर हमला किया। इन हमलों में लाहौर की वायु रक्षा प्रणाली पूरी तरह से नष्ट हो गई है। पाकिस्तान की नष्ट की गई मिसाइलों और ड्रोन के मलबे को बरामद किया जा रहा है, जो पाकिस्तानी हमलों का प्रमाण है।



## सीमाओं पर एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम तैनात



**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने पहले ही सीमाओं पर रूस से मिले एस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम को तैनात कर रखा है, जैसे ही पाकिस्तान ने मिसाइलों से हमला किया, इस सिस्टम को एक्टिव कर दिया गया।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि पाकिस्तान के हमलों के बाद गुरुवार सुबह भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान में कई स्थानों पर हार्पी ड्रोन से वहां के एयर डिफेंस रडार और सिस्टम को निशाना बनाया। भारत की कार्रवाई उसी क्षेत्र में, तेजी के साथ की गई है जैसी पाकिस्तान ने की थी। एस-400 एक एयर डिफेंस सिस्टम है। ये हवा में हो रहे अटैक को रोकता है। ये दुश्मन देशों के मिसाइल, ड्रोन, रॉकेट लॉन्चर और फाइटर जेट्स के हमले को रोकने में कारगर है। यह 600 किमी दूर टारगेट को ट्रैक कर लेता है। इसकी टारगेट हिट करने की रेंज 400 किमी है।

**■ 600 किमी दूर टारगेट ट्रैक कर लेता है एस-400 सिस्टम**

## पाकिस्तान की जम्मू-कश्मीर में फायरिंग, अब तक 16 की मौत

**जम्मू-कश्मीर।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने गुरुवार को लगातार दूसरे दिन भी देर रात जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामूला, उरी और अखनूर में सीजफायर का उल्लंघन किया और गोलाबारी की।

विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि पुंछ में तीन महिलाओं और पांच बच्चों सहित अब तक 16 लोगों की जान चली गई है। जबकि 59 लोग घायल हुए हैं। पुंछ में फायरिंग में लांस नायक दिनेश कुमार (32) शहीद हो गए। वे हरियाणा के पलवल के रहने वाले थे। सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने लांस नायक दिनेश कुमार को श्रद्धांजलि दी।

## भाजपा सांसद दुबे की टिप्पणी गैरजिम्मेदाराना: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के बयान को बेहद गैरजिम्मेदाराना बताया। साथ ही कहा कि ये बयानबाजी अपनी तरफ ध्यान खींचने के लिए की गई। सुप्रीम कोर्ट ने सख्त लहजे में ये भी कहा अदालतें फूलों की तरह इतनी नाजुक नहीं हैं कि ऐसे हास्यास्पद बयानों के सामने मुरझा जाएं। सांप्रदायिक नफरत फैलाने की किसी भी कोशिश, हेट स्पीच से लोहे के हाथों से निपटेंगे। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने निशिकांत दुबे के खिलाफ अवमानना याचिका खारिज कर दी। शीर्ष कोर्ट ने 5 मई को निशिकांत दुबे के खिलाफ अवमानना याचिका पर सुनवाई की थी। कहा था कि हम ही थे, जिन्होंने वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई की थी।

## सीजेआई ने जस्टिस वर्मा मामले में राष्ट्रपति व पीएम को भेजी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक पत्र लिखा है, जिसके साथ न्यायाधीशों की तीन सदस्यीय समिति की जांच रिपोर्ट और न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा से प्राप्त पत्र/प्रतिक्रिया प्रति संलग्न की गई है। उच्चतम न्यायालय की ओर से गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करके यह जानकारी दी गई। विज्ञप्ति के अनुसार कहा गया है कि भारत के मुख्य न्यायाधीश ने इन-हाउस प्रक्रिया के संदर्भ में भारत के माननीय राष्ट्रपति और भारत के माननीय प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है, जिसमें तीन सदस्यीय समिति की दिनांक 3-5-2025 की रिपोर्ट की प्रति और न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा से प्राप्त दिनांक 6-5-2025 का पत्र/प्रतिक्रिया संलग्न है।

## मालेगांव विस्फोट मामले में फैसला 31 जुलाई को

**मुंबई।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने महाराष्ट्र में नासिक जिले के मालेगांव में हुए विस्फोटों के करीब 17 साल बाद गुरुवार को अपना फैसला आगामी 31 जुलाई तक टाल दिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एके लाहोटी ने पहले फैसले के लिए गुरुवार का दिन मुकर्रर किया था, लेकिन न्यायिक प्रक्रिया के कारण उन्होंने इसे 31 जुलाई तक टाल दिया। इस मौके पर अदालत के समक्ष भाजपा की पूर्व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर, पूर्व सैन्य खुफिया अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित (सेवानिवृत्त), मेजर रमेश उपाध्याय (सेवानिवृत्त), अजय राहिरकर, समीर कुलकर्णी, सुधाकर चतुर्वेदी और सुधाकर धर द्विवेदी सहित मुकदमे में नामजद सभी सात आरोपी उपस्थित हुए।

## माओवादियों के विस्फोट में तीन सुरक्षाकर्मी मारे गए

**मुलुगु।** तेलंगाना में वीरभद्रपुरम-पेरुर के जंगलों में गुरुवार को माओवादियों की ओर से किए गए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट में तीन सुरक्षाकर्मी मारे गए।

## जयशंकर ने की ईरान व सऊदी अरब के मंत्रियों से किया मशविरा





**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची और सऊदी अरब के विदेश राज्य मंत्री अदेल अलजुबेर के साथ गुरुवार को यहां मुलाकात की और उन्हें ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारत के दृष्टिकोण से परिचित कराया और कहा कि भारत इसे आगे नहीं बढ़ाना चाहता है, लेकिन यदि हम पर हमला हुआ, तो उसका बहुत सख्त जवाब दिया जाएगा।

ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची भी भारत आए हैं और गुरुवार दोपहर विदेश मंत्री डा. जयशंकर ने भारत-ईरान संयुक्त आयोग की 20वीं बैठक में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत का पक्ष रखा। डा. जयशंकर ने कहा कि आप ऐसे समय में भारत आ रहे हैं, जब हम 22 अप्रैल को भारतीय केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में एक विशेष रूप से बर्बर आतंकवादी हमले का जवाब दे रहे हैं। इस हमले ने हमें 7 मई को सीमा पार आतंकवादी ढांचे पर हमला करके जवाब देने के लिए मजबूर किया।

**■ अगर पाक ने भारत पर हमला किया, तो देंगे सख्त जवाब: जयशंकर**

## भारत-पाक के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के बीच हुई बातचीत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री इशाक डार ने दावा किया है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान और भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के बीच बातचीत हुई है।

एक न्यूज एजेंसी के अनुसार श्री डार ने यहां कहा कि पाकिस्तान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार असीम मलिक और भारत में उनके समकक्ष अजीत डोभाल के बीच संपर्क हुआ है। उन्होंने हालांकि इस बाबत कोई ब्योरा नहीं दिया। पाकिस्तान ने हाल ही में खुफिया आईएसआई के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल असीम मलिक को नया राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नियुक्त किया है। भारत ने हालांकि इस दावे की पुष्टि नहीं की है। इससे पहले श्री डार ने पाकिस्तान नेशनल असेंबली भवन में कहा कि पाकिस्तान ने स्पष्ट रूप से प्रतिबद्धता व्यक्त की है कि वह आक्रामकता शुरू नहीं करेगा। पाकिस्तान का यह बयान बुधवार की सुबह भारत द्वारा आतंकवादी शिविरों पर सीमा पार से किए गए हमलों के बाद आया है। यह हमला पहलगाम आतंकवादी हमले का बदला लेने के लिए किया गया था, जिसमें 26 पर्यटक मारे गए थे। इस बीच, श्री डार ने यह भी दावा किया कि भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पाकिस्तानी और भारतीय लड़ाकू विमानों के बीच 'एक घंटे का द्वंद्व' हुआ था, लेकिन इस दावे का भी भारत ने समर्थन नहीं किया है।

**■ भारत ने दावे की पुष्टि नहीं की**

## ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी: रक्षा मंत्री

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है। यानी 7 मई को पाकिस्तान के 9 ठिकानों पर हुए एयर स्ट्राइक के बाद भी ऑपरेशन रोका नहीं गया है।

रक्षा मंत्री ने ये बातें दिल्ली के पार्लियामेंट एनेक्सी में बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में कहीं। करीब डेढ़ घंटे चली बैठक से बाहर आने के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने भी रक्षा मंत्री के बयान को दोहराया। ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देने के लिए बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, विपक्ष के नेता राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे शामिल हुए। सूत्रों के मुताबिक बैठक में बताया गया कि ऑपरेशन सिंदूर में 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए हैं। ऑपरेशन जारी है, इसलिए सटीक संख्या बताना मुश्किल है। पाकिस्तान ने उकसाया तो फिर कार्रवाई करेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने कहा कि संकट में हम देश और सरकार के साथ हैं। सरकार की कोई आलोचना नहीं करनी है। हमने सरकार को अपना पूरा समर्थन दिया है।

**■ सर्वदलीय बैठक में सरकार को मिला सभी दलों का साथ, राहुल ने कहा: सरकार को फुल सपोर्ट**

## 8 राज्यों के 28 एयरपोर्ट्स बंद, 430 फ्लाइट्स प्रभावित

### हरियाणा, पंजाब और राजस्थान में अलर्ट, स्कूल बंद, छुट्टियां रद्द

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक के बाद केंद्र ने 8 राज्यों के 28 एयरपोर्ट्स 9 मई (आज) तक बंद कर दिए हैं। ये राज्य- जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश हैं। बड़े एयरपोर्ट्स में श्रीनगर, जम्मू, लेह, चंडीगढ़, जोधपुर, राजकोट, धर्मशाला, अमृतसर, भुज और जामनगर शामिल हैं।

ये पाकिस्तान बॉर्डर से लगे हुए हैं। मप्र के ग्वालियर और उत्तर प्रदेश के हिंडन एयरपोर्ट के ऑपरेशन भी बंद हैं। एयर इंडिया, इंडिगो, एयर इंडिया एक्सप्रेस, स्पाइसजेट, अकासा एयर और कुछ विदेशी एयरलाइंस ने गुरुवार को 430 फ्लाइट्स कैंसिल कर दिए। ये देश की डेली फ्लाइट्स का 3 फीसदी है। पाकिस्तान में भी 147 फ्लाइट्स कैंसिल हैं, जो डेली फ्लाइट्स का 17 फीसदी है। जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान में हाई अलर्ट है। दोनों राज्यों के बॉर्डर इलाकों में स्कूल बंद कर दिए गए हैं। पुलिस, प्रशासनिक और हेल्थ विभाग के अधिकारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के 15 दिन बाद भारत ने मंगलवार देर रात पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की। इसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए थे।



## गलत, फर्जी सूचनाओं के प्रवाह को रोकने के लिए मोदी ने की सचिवों से चर्चा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने गुरुवार को राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित हाल के घटनाक्रमों के मद्देनजर राष्ट्रीय तैयारियों और अंतर-मंत्रालयी समन्वय मजबूत करने के लिए विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के सचिवों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की, जिसमें देश में गलत एवं फर्जी सूचनाओं के प्रवाह पर रोक लगाने को लेकर विशेष रूप से चर्चा हुई।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार श्री मोदी ने परिचालन निरंतरता और संस्थागत लचीलेपन को बनाए रखने के लिए मंत्रालयों और एजेंसियों के बीच निर्बाध समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। प्रधानमंत्री ने मौजूदा स्थिति में किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए मंत्रालयों द्वारा की गई योजना और तैयारी की समीक्षा की। बैठक के दौरान कई मुद्दों पर चर्चा की गई। इनमें नागरिक सुरक्षा तंत्र को मजबूत करना, गलत सूचना और फर्जी खबरों का मुकाबला करने के प्रयास और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सुरक्षा सुनिश्चित करना शामिल है। मंत्रालयों को राज्य के अधिकारियों और जमीनी स्तर के संस्थानों के साथ घनिष्ठ समन्वय बनाए रखने की भी सलाह दी गई।

## उत्तरकाशी में हेलीकॉप्टर क्रैश, छह श्रद्धालुओं की मौत, एक घायल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून की सहस्त्रधारा हेलीपैड से हर्षिल-गंगोत्री जा रहा एक हेलीकॉप्टर गुरुवार की सुबह उत्तरकाशी जिले के गंगनानी क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हेलीकॉप्टर में सात लोग सवार थे, जिनमें से छह की मौके पर ही मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल है।

हादसे में सभी मृतक श्रद्धालुओं और घायल की पहचान हो गई है। मृतकों में तीन महाराष्ट्र के अलावा एक-एक गुजरात, आंध्र प्रदेश और उत्तर प्रदेश के श्रद्धालु हैं। जबकि आंध्र प्रदेश का एक श्रद्धालु घायल है। घटना सुबह करीब 8:30 बजे की है। हेलीकॉप्टर ने सहस्त्रधारा से खरसाली हेलीपैड के लिए उड़ान भरी थी, लेकिन उत्तरकाशी के गंगनानी क्षेत्र में 200 से 250 मीटर गहरी खाई में गिरकर क्रैश हो गया। बताया जा रहा है कि -शेष पृष्ठ दो पर



### हादसे पर धामी ने जताया शोक, जांच के आदेश

**देहरादून।** उत्तरकाशी के गंगनानी के समीप हेलीकॉप्टर क्रैश में कुछ लोगों की मृत्यु पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने प्रशासन को घायलों को हर संभव सहायता पहुंचाने और हादसे की जांच के निर्देश दिए हैं। राहत एवं बचाव कार्य के लिए एसडीआरएफ और जिला प्रशासन की टीमें तत्काल घटनास्थल पर पहुंच गई हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### गैस सिलेंडर फटने से नौ लोगों की मौत

**बीकानेर।** राजस्थान में बीकानेर के कोतवाली थाना क्षेत्र में गैस सिलेंडर फटने से नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि सात अन्य घायल हो गए है। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि बुधवार सुबह सिटी कोतवाली थाने के पास मदान मार्केट के एक भवन में अचानक गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया। जिससे भवन की छत ढह गई एवं दुकानों में कार्यरत कर्मचारी मलबे में दब गए। विस्फोट से आग भी लग गई। हादसे में दस घायलों को मलबे से निकाल कर अस्पताल पहुंचाया गया, जिनमें दो को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मलबे से शाम को एक और शव निकाला गया। पुलिस ने बताया कि कल सचिन सोनी, मोहम्मद असलम और सलमान बंगाली की मौत हुई। वहीं गुरुवार को अस्पताल में एक और घायल ने दम तोड़ दिया, जबकि मलबे से पांच शव और निकाले गए। पुलिस ने बताया कि इनकी शिनाख्त किशन पुत्र पूनम, किशन पुत्र भंवर, रामस्वरूप, असलम, लालचंद और अयान के रूप में हुई है। विस्फोट से भवन में 21 दुकानें नष्ट हो गयी। आग लग जाने से दुकानों में कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक्स और प्लास्टिक की सामग्री जलकर राख हो गई। मौके पर दमकल की कई गाड़ियां पहुंची और आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था।

### ओबरा तापीय परियोजना के स्विच यार्ड में लगी आग

**सोनभद्र।** सोनभद्र जिले में ओबरा तापीय परियोजना के स्विच यार्ड में गुरुवार की सुबह भीषण आग लग गई, जिससे 200 मेगावाट की दो इकाइयां दसवीं व ग्यारहवीं ट्रिप कर गई। तापीय परियोजना के सूत्रों के अनुसार ओबरा तापीय परियोजना के सुबह सात बजे आग लग गई। थोड़ी ही देर मे आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग लगते ही दसवीं व ग्यारहवीं यूनिट (200-200 मेगावाट) बंद हो गई। आग लगने की सूचना मिलते ही सीआईएसएफ के जवान व फायर विंग मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाने के प्रयास में लग गए थे। लगभग 10 बजे आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने बताया की आग लगने से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। पहली प्राथमिकता बंद इकाइयों को शुरू करने का है। इस घटना से किसी आमजन या कर्मचारियों को कोई नुकसान नहीं हुआ है।

### भारतीय सशस्त्र बलों को बधाई: नवीन

**नई दिल्ली।** बीजू जनता दल के अध्यक्ष नवीन पटनायक ने पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओके) में आतंकवादियों के ठिकानों पर भारतीय सेना की कार्रवाई का स्वागत करते हुए आतंकवादियों के ठिकानों पर सफल हमले के लिए भारतीय सशस्त्र बलों को बधाई दी है। गौरतलब है कि भारतीय सशस्त्र बलों ने मंगलवार की रात 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादियों के नौ ठिकानों पर हमला किया था, जिसमें कई आतंकवादियों के मारे जाने और उनके ठिकाने नष्ट होने की सूचना है। नवीन पटनायक ने गुरुवार को यहां मीडियाकर्मियों से कहा कि मैं पाकिस्तान में आतंकवादियों के ठिकानों पर सफल हमले के लिए भारतीय सशस्त्र बलों को बधाई देता हूं। मैं उन्हें तहे दिल से बधाई देता हूं।

## यूपीपीएससी के 494 सहायक अध्यापकों को योगी ने सौंपे नियुक्ति पत्र

# भारत की ताकत की झलक पूरी दुनिया ने देखी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पाकिस्तान पर भारत की कार्रवाई को विकसित भारत की झलक करार देते हुए गुरुवार को कहा कि विकसित भारत में अगर कोई आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करके नागरिकों की सुरक्षा में सेंध लगाता है, तो नया भारत उसको छोड़ता नहीं है।

लोकभवन में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 494 सहायक अध्यापक तथा 49 प्रवक्ताओं को नियुक्ति पत्र वितरण करने के मौके पर उन्होने कहा कि भारत की ताकत का एहसास पूरी दुनिया ने किया है और आने वाले समय में भी दुनिया इसका एहसास करेगी। विकसित भारत में अगर कोई आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करके नागरिकों की सुरक्षा में सेंध लगाता है तो नया भारत उसको छोड़ता नहीं है। उसकी मांद में घुसकर मारता है। मुख्यमंत्री ने 23 राजकीय इंटर कॉलेज में मिनी स्टेडियम का भी शिलान्यास किया। मिनी स्टेडियम की लागत 4.92 करोड़ रुपए है। कार्यक्रम में 5 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को अटल टिंकरिंग लैब तथा 5 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को आईसीटी लैब स्थापना के प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। योगी ने सभी नवनियुक्त शिक्षकों से अपील की दुनिया बदल चुकी है, हमें उसके साथ अपने आप को लेकर चलना होगा। अगर हम उसके साथ चलेंगे, आज की आवश्यकता के अनुरूप अपने युवाओं को तैयार करेंगे तो हमारी प्रासंगिकता बनी रहेगी। अगर हम कहीं भी चूके तो उसका खामियाजा सिर्फ हमारी वर्तमान पीढ़ी को ही नहीं भुगतना पड़ेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ी भी कभी हमें माफ नहीं करेगी।

हमें वर्तमान के अभियान का हिस्सा बन करके मजबूती के साथ एक विकसित भारत की आधारशिला अपने विद्यालयों से रखनी है। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने क्षेत्र में नवाचार, शोध और विकास के अभियान को आगे बढ़ाने के लिए प्रयास करें। शिक्षा के क्षेत्र में वह कौन से परिवर्तन ला सकते हैं, कौन सी तकनीक अपना सकते हैं, जो नौजवानों के सामने पहचान का संकट नहीं, बल्कि उज्जवल भविष्य की दिशा तय कर सके। वह इन बातों का अध्ययन करें कि पढ़ाने का तरीका क्या हो सकता है। पाठ्यक्रम उबाऊ न हो, आपकी क्लास उबाऊ ना बने, इसके लिए आपको छोटी-छोटी कथाओं के माध्यम से उन्हें पढ़ाना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि चयन की, जो प्रक्रिया संपन्न हुई है, इसमें किसी भी स्तर पर सिफारिश करने की जरूरत नहीं पड़ी होगी।

### सुरक्षा में सेंध लगाने वाले को नहीं छोड़ेंगे



■ मुख्यमंत्री ने 23 राजकीय इंटर कॉलेज में मिनी स्टेडियम को शिलान्यास किया, आज की जरूरत के अनुसार अपने युवाओं को तैयार करना होगा: सीएम

### 25 लाख नए किसानों का जल्द बनेगा क्रेडिट कार्ड

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में 71 लाख से अधिक किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) की सुविधा प्रदान की है, वहीं चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में 25 लाख नए किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। अधिकृत सूत्रों के अनुसार सरकार ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के सभी लाभार्थी किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने का कार्य तेज कर दिया है। इस कार्य के अंतर्गत सहकारी और व्यवसायिक बैंकों की सहायता से कार्ड का वितरण किया जा रहा है। भारत सरकार ने भी सभी पात्र किसानों को केसीसी से जोड़ने के निर्देश दिए हैं, ताकि वे फसली ऋण जैसी सुविधाओं का लाभ ले सकें।

### हर घर नल योजना में नहीं देना होगा पैसा

**सारा खर्च यूपी सरकार उठाएगी योजना के लिए 4500 करोड़ रुपये की व्यवस्था**

**लखनऊ।** यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार ने ग्रामीणों के लिए बड़ी राहत भरी घोषणा की है। अब 'हर घर नल' योजना के तहत ग्रामीणों को नल कनेक्शन के लिए सामुदायिक अंशदान यानी अपनी जेब से 10 प्रतिशत पैसा नहीं देना होगा। यह खर्च अब पूरी तरह से राज्य सरकार उठाएगी। इस फैसले से राज्य के 2.39 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों को सीधा फायदा मिलेगा। इस योजना को केंद्र सरकार के जल जीवन मिशन के तहत लागू किया गया है, जिसका लक्ष्य है कि देश के हर ग्रामीण घर में साफ पेयजल की सुविधा नल के माध्यम से पहुंचे। अब तक इस योजना के तहत उत्तर प्रदेश में 2 करोड़ से ज्यादा ग्रामीण परिवारों को नल कनेक्शन मिल चुका है। इस योजना में पहले गांव वालों को पूंजी लागत का हिस्सा सामुदायिक अंशदान के रूप में देना होता था। सामान्य गांवों में यह 10 प्रतिशत और अनुसूचित जाति/जनजाति बहुल गांवों में 5 प्रतिशत निर्धारित था, लेकिन अब सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सरकार ने यह अंशदान खुद वहन करने का फैसला लिया है। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में 4500 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। पिछले वर्ष 2024-25 में यह राशि 2000 करोड़ रुपये थी, जिसे अब दोगुना से अधिक कर दिया गया है। हालांकि नल कनेक्शन की पूंजी लागत सरकार वहन करेगी, लेकिन ग्रामीणों को नल की देखरेख और संचालन के लिए अपनी ग्राम पंचायत को हर महीने सिर्फ 50 रुपये देने होंगे।

## बैठक में मोदी का न आना निराशाजनक, लेकिन हम साथ

नई दिल्ली, वार्ता



■ दूसरी सर्वदलीय बैठक में भी पीएम मोदी नहीं आए: खड़गे

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए गुरुवार को कहा कि पहलगाम हमले को लेकर उठाए गए कदमों तथा सेना की कार्रवाई के बाद सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई लेकिन इसमें मोदी गुरुवार को भी शामिल नहीं हुए, जो अत्यंत निराशाजनक स्थिति है।

सर्वदलीय बैठक के बाद खड़गे ने कहा कि पहलगाम हमले को लेकर सरकार ने दूसरी बैठक बुलाई, लेकिन मोदी न पहली बैठक में आए और ना ही आज शामिल हुए। अच्छा होता कि मोदी आते, क्योंकि सभी चाहते थे कि इस सर्वदलीय बैठक में प्रधानमंत्री भी आएं और संक्षिप्त में अपनी बात रखें कि किस तरह भारत ने आतंकवाद के खिलाफ एक्शन लिया और देश के जवानों ने हिम्मत दिखाई। बैठक में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस मुद्दे पर संसद का विशेष सत्र बुलाने की भी मांग की है। खड़गे ने कहा कि हम चाहते थे कि मोदी बैठक में शामिल हों और आतंकवादियों के खिलाफ की कार्रवाई पर अपनी बात रखेंगे, लेकिन वह नहीं आए।पिछली बैठक में भी नहीं आए, यह बहुत दुखद स्थिति है। सब मिलकर काम कर रहे हैं और सरकार जो भी कदम उठा रही है, उसका एकस्वर में समर्थन कर रहे हैं। पूरा विपक्ष सरकार के साथ खड़ा है।इस बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि इस वक्त ऐसे प्रश्न न पूछे जाएं जो डिफेंस सीक्रेट से जुड़े हैं, ऐसे वक्त में हम उन्हें सार्वजनिक करना नहीं चाहते। हम सभी पार्टियों ने भी देशहित में इसे गंभीरता से लेकर इस विषय में कोई प्रश्न नहीं पूछा।

सभी ने कहा कि नाजुक घड़ी है, तो प्रश्न नहीं पूछेंगे। फिर हमने न कोई सवाल किया और ना ही इसको लेकर सरकार पर दबाव डाला। उन्होंने कहा कि बैठक में हम सभी एक मुद्दा उठाया कि पुंछ क्षेत्र की सीमा पर रहने वाले लोगों की पुख्ता सुरक्षा होनी चाहिए। सरकार वहां रहने वाले लोगों की सुरक्षा की व्यवस्था करे। वहां नागरिक प्रशासन और लोगों के बीच बेहतर समन्वय होना चाहिए। यह संकट की घड़ी है और इसमें देशहित में जो भी कदम उठाए जाएंगे, उसके लिए हम सरकार का समर्थन करते हैं।

## मुसलमानों को सिर्फ 15 मिनट सौंप दो सत्ता, पाक का मिटा देंगे नामोनिशान

नई दिल्ली, वार्ता

■ अब पाक पूछे मसूद अजहर के रिश्तेदारों का धर्म: एआईएमआईएम

ऑपरेशन सिंदूर के बीच ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के एक नेता ने कहा है कि मुसलमानों को सिफ 15 मिनट सत्ता सौंप दो, पाकिस्तान का नामोनिशान मिटा देंगे। एआईएमआईएम के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष शोएब जमई ने पाकिस्तान पर अपना गुस्सा जाहिर करते हुए कहा कि हम बता देंगे कि पाकिस्तान को कैसे नेस्तनाबूद किया जाता है। भारत के मुसलमानों ने इस टू नेशन थ्योरी को रिजेक्ट कर दिया और इसके बाद देश को बनाने में इसकी तरक्की में जो किरदार निभाया है, वह अविस्मरणीय है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शोएब जमई ने कहा कि मंगलवार रात भारत की कार्रवाई जो इतिहास में दर्ज हो गई। बहुत बड़ा मील का पत्थर है। बहुत दिनों से पाकिस्तान में जो आतंकवादी ढांचा है, कैंप है, उसका नेस्तानाबूद होना जरूरी था। जो भी आंखें, जो भी ताकत हमारी सीमा को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगी, उन ताकतों को नेस्तानाबूद करना, उन आंखों को नोचना जरूरी है। उन्होंने कर्नल सोफिया कुरैशी का जिक्र करते हुए कहा कि जब बात भारत के आन-बान शान पर आती है, तो भारत का हर मुसलमान अपना बलिदान देकर सीमा की हिफाजत करने के लिए तैयार है। जमई ने कहा कि पाकिस्तानी आतंकवादियों ने भारत के पीएम को ही नहीं, यहां के सभी लोगों को चैलेंज किया था। अब पाकिस्तान पूछे मसूद अजहर के रिश्तेदारों का धर्म। धर्म पूछकर पहलगाम में लोगों को मारा, क्योंकि उनकी साजिश थी कि देश में हिंदू-मुस्लिम में नफरत पैदा की जाए, लेकिन यहां के लोग इस साजिश को कामयाब नहीं होने देंगे। वहीं एआईएमआईएम के मुखिया असदुद्दीन ओवैसी ने भी पहलगाम हमले के बाद से पाकिस्तान पर गुस्से से लाल हैं। पाकिस्तान मुर्दाबाद, भारत जिंदाबाद के नारे लगाए हुए उनका वीडियो खूब वायरल हो रहा है। ओवैसी ने एक्स पर लिखा- मैं हमारी रक्षा सेनाओं द्वारा पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर किए गए लक्षित हमलों का स्वागत करता हूं।

## भारतीय सेना की जय जय: राजनाथ सिंह



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय सेना की तारीफ करते हुए कहा कि सेना की जय जय। उन्होंने कहा कि कल सेना ने जो शौर्य और पराक्रम दिखाया है, उसके लिए मैं भारतीय सेना को बधाई देता हूं। वे नेशनल क्वालिटी कॉनक्लेव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आतंक के खिलाफ सेना का एक्शन जारी है। भारत ने पाकिस्तान पर कल रात एक्शन लिया। सेना ने पाकिस्तान और पीओके में 9 आतंकी कैंप तबाह किए। हमारी कार्रवाई में कोई निर्दोष नहीं मारा गया। उन्होंने कहा कि सेना सटीकता से ऑपरेशन सिंदूर पूरा किया। रक्षा मंत्री ने कहा कि आजकल जो परिस्थितियां चल रही हैं, आप सभी इससे परिचित हैं। हम हमेशा बातचीत के पक्षधर हैं। इसका मतलब यह नहीं कि कोई भी आंख दिखा दे। कल हमने क्वालिटी कारवाई करके दिखाई है। हम क्रोधित नहीं होते, मुस्कराते रहते हैं। चाहे चैलेंज कितना भी बड़ा हो। कल हमारी सेना ने टेरर कैंप को नेस्तनाबूद किया है, वह हम सबके लिए गर्व का विषय है। राजनाथ ने आगे कहा कि हमने हमेशा एक जिम्मेदार राष्ट्र होने का रोल बड़े संयम से निभाया है। हम लगातार इस बात के पक्षधर रहे हैं कि समस्याओं का समाधान बातचीत के जरिए हो।

## सीमा पर नागरिकों को निशाना बनाना ओछी हरकत

नई दिल्ली, वार्ता



■ कांग्रेस ने की पाकिस्तानी सेना की कड़ी निंदा

कांग्रेस ने गुरुवार को कहा कि पाकिस्तान की सेना पुंछ में आम नागरिकों को निशाना बना रही है और यह उसकी ओछी और अत्यंत निंदनीय हरकत है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने गुरुवार को कहा कि हमने सिर्फ पाकिस्तान में आतंकवादियों के ठिकानों पर हमला किया है और पाकिस्तान की सेना तथा आम नागरिकों पर कोई निशाना नहीं साधा गया है, जबकि पाकिस्तानी सेना सीमा पर हमारे नागरिकों को निशाना बना रही है। पूरी दुनिया को इससे भारत तथा पाकिस्तान की मानसिकता को समझ लेना चाहिए। खेड़ा ने जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तानी गोलीबारी में शहीद जवान को कांग्रेस की तरफ से श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि जिस तरह से पाकिस्तान पुंछ में निर्दोष नागरिकों पर हमला कर रहा है, गुरुद्वारे को निशाना बना रहा है, इससे दुनिया को समझ जाना चाहिए कि हिंदुस्तान और पाकिस्तान में कितना बड़ा अंतर है। उन्होंने कहा कि हमने पाकिस्तान में उन आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, जहां आतंकवाद पनपता है। ये जायज बात है, लेकिन जो पाकिस्तान कर रहा है, वह नाजायज है और वह खुद को दुनिया में अलग-थलग पा रहा होगा। अगर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ हमले का जवाब देने की बात कर रहे हैं, तो पहले उन्हें इतिहास पढ़ लेना चाहिए कि पाकिस्तान को भारत से कितनी बार हार मिली है। इसलिए पहले वह अपने देश को सुधारे और आतंकियों को पनाह देना बंद करें। यह बहुत जरूरी है कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को हमें समय-समय पर यह संदेश देना होगा कि हम ऐसे हालातों में क्या कर रहे हैं और क्या करते हैं।

### शशि थरूर ने फिर मोदी सरकार की तारीफ की

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने एक बार फिर मोदी सरकार की तारीफ की है। थरूर ने भारत सरकार की ओर से ऑपरेशन सिंदूर पर की गई प्रेस ब्रीफिंग को पाकिस्तान और दुनिया के लिए मजबूत संदेश बताया है। उन्होंने कहा कि प्रेस ब्रीफिंग में विदेश सचिव विक्रांत मिसरी, कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह की मौजूदगी ने साबित कर दिया कि यह लड़ाई हिंदू-मुस्लिम की नहीं, बल्कि आतंक के खिलाफ भारत की एकता है।

## सुरक्षा के लिए जम्मू क्षेत्र व पंजाब में हाई अलर्ट

श्रीनगर, वार्ता



■ खाली कराए जा रहे गांव, स्कूल-कॉलेज भी बंद

भारतीय सेना की ओर से किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद सीमा पर अलर्ट बढ़ा दिया गया है। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में कल किए गए ऑपरेशन के बाद पाकिस्तान की ओर से सीमा पर ताबड़तोड़ फायरिंग की गई, जिसमें कई लोगों की मौत हो गई। सीमा पार से फायरिंग को देखते हुए जम्मू-कश्मीर की सीमा से सटे जिलों में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। स्कूल-कॉलेज तक बंद कर दिए गए हैं। सीमा से सटे गांवों को खाली कराया जा रहा है।

जम्मू-कश्मीर के सांबा और कठुआ जिले के अलावा जम्मू जिले के आरएस पुरा इलाके में अगले 72 घंटे का अलर्ट जारी कर दिया गया है। इस अलर्ट के तहत सीमा से सटे इलाके के लोगों को जल्द से जल्द गांव खाली करने को कहा गया है। कल बुधवार देर रात तक सीमा से सटे इलाके में गांव खाली कराए जाते रहे। ऐहतियातन यहां के स्कूल, कॉलेज और तमाम तरह के संस्थाओं को बंद कर दिया गया है। इस बीच केंद्र शासित प्रदेश की कश्मीर घाटी को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है। घाटी के सभी जिलों में मौजूदा हालात को देखते हुए कंट्रोल रूम नंबर जारी कर दिए गए हैं। ये नंबर लोगों को किसी तरह की परेशानी में होने पर मदद के लिए दिए गए हैं। सिर्फ जम्मू-कश्मीर ही नहीं, बल्कि पंजाब में भी सीमावर्ती जिलों के गांवों को अलर्ट कर दिया गया है। फिरोजपुर जिले के कुछ सीमावर्ती गांवों के लोग सुरक्षित जगहों पर पनाह लेने लगें हैं। हालांकि पाकिस्तान से लगती अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर बसे अमृतसर और तरनतारन के गांवों में स्थिति शांत बताई गई है। इस बीच पाकिस्तानी सेना की ओर से गुरुवार को भी जम्मू-कश्मीर के 4 सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर गोलाबारी की गई। भारतीय सेना ने इसका मुंहतोड़ जवाब दिया। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तानी सेना ने कल यहां के कई सीमावर्ती गांवों को निशाना बनाकर भारी गोलाबारी की और मोर्टार भी दागे। सेना से जुड़े अधिकारियों का कहना है कल की तुलना में आज गुरुवार को सीमापार से गोलेबारी की तीव्रता कम रही और यह चार सेक्टर तक ही सीमित रही।

## निजीकरण से शिक्षा हुई महंगी रोजगार के अवसर घटे: अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी की अनुपयोगी सरकार के निजीकरण के प्रयासों का नतीजा है कि न सिर्फ शिक्षा महंगी हुई है, बल्कि रोजगार के अवसर कम हुए है। समाजवादी छात्र सभा की एक बैठक को संबोधित करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में यादव ने कहा कि सस्ती शिक्षा और रोजगार देने के वादे के साथ सत्ता में आई भाजपा सरकार ने निजीकरण कर न सिर्फ शिक्षा को महंगा कर दिया, बल्कि नौकरी और रोजगार पर भी गंभीर संकट खड़ा हो गया। प्रतियोगी परीक्षाओं में आए दिन धांधली की चलते परीक्षायें निरस्त हो रही हैं, जिससे मेधावी छात्रों खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं।

## उठाव सुस्त रहने से खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजारों में तेजी लौटने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से गुरुवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 45 रिंगिट चढ़कर 3770 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.52 सेंट की तेजी के साथ 47.85 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सूरजमुखी तेल 219 रुपए और सोया रिफाइंड 110 रुपए प्रति क्विंटल गिर गया, जबकि पाम ऑयल में 366 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। वहीं सरसों तेल, मूंगफली तेल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9650-9750, उड़द दाल 9150-9250, अरहर दाल 8400-8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3550-3650 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18314 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 14725 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16116 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## लोकतंत्र अभिव्यक्ति व संवाद में निहित: धनखड़

**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को कहा कि लोकतंत्र मूल रूप से अभिव्यक्ति और संवाद में निहित है और लोकतंत्र तब पोषित होता है, जब सत्ता की सीमाओं के प्रति सचेत रहा जाए। धनखड़ ने यहां इंडिया फाउंडेशन के एक कार्यक्रम में कहा कि एक राष्ट्र की पहचान शिष्टाचार और अनुशासन से होती है। समकालीन शासन में लोकाचार का महत्व है। देश में लोक के अनुसार बदलाव हो रहा है। उन्होंने कहा कि देश में कुछ जिले पिछड़े थे और नौकरशाह उन क्षेत्रों में नहीं जाते थे। अब वे 'आकांक्षी जिले' विकास में अग्रणी जिले बन गए हैं। सरकार ने द्वितीय और तृतीय श्रेणी के शहरों को भी आर्थिक गतिविधि का केंद्र बनाया है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उत्तरकाशी में...**

हेलीकॉप्टर काफी नीचे उड़ रहा था, जिससे यह हादसा हुआ। उत्तरकाशी के जिलाधिकारी डा. मेहरबान सिंह बिष्ट ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम मौके पर भेजी गई। टीम ने घायल को ऋषिकेश स्थित एम्स भेजा और मृतकों की शिनाख्त की। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। इधर घटना की सूचना पर पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ , पैरामिलिट्री, फायर, राजस्व, मेडिकल व अन्य आपदा राहत दल तत्काल मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू/सर्च अभियान चलाते हुए घायल व्यक्ति को एयर एम्बुलेंस के माध्यम से हायर सेन्टर भेजा गया। चारधाम यात्रा स्मार्ट कंट्रोल रूम से उपजिलाधिकारी डुंडा देवानंद शर्मा, आपदा प्रबंधन अधिकारी शार्दुल सिंह गुसाई व घटना स्थल पर पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी श्रीमती सरिता डोबाल,अपर जिलाधिकारी उत्तरकाशी पीएल शाह, उपजिलाधिकारी भटवाड़ी शालीन नेगी ने पूरे रेस्क्यू अभियान को लीड किया है।

**घायल का विवरण-**

- मकतूर भास्कर (51 वर्ष), निवासी 19/295 मो. मिनबाद गुंटकल, अनंतपुर-आंध्र प्रदेश।

मृतकों का विवरण

1- विजयलक्ष्मी रेड्डी सी. (57 वर्ष) पत्नी चिरा सुब्बा, निवासी गैलेरिया सेंट्रल एवेन्यू सोसाइटी लिमिटेड, पावई मुंबई-महाराष्ट्र।

2 रॉबिन सिंह (60 वर्ष) पुत्र रामकरण सिंह, निवासी 201 सरनम विला प्रताप गंज विक्रमभोग, बड़ोदरा, फतेहगंज-गुजरात, (पायलट)।

3- राधा अग्रवाल (79 वर्ष) पत्नी रामचंद्र अग्रवाल, निवासी आलमगीरी गंज, बरेली-उत्तर प्रदेश।

4- रुचि अग्रवाल (56 वर्ष) निवासी 2504 ओडेसी 2, हीरानंदानी गार्डेंस पावई मुंबई-महाराष्ट्र।

5 - कला चंद्रकांत सोनी (61 वर्ष) पुत्री चंद्रकांत सोनी, ए-103 गोल्डन ओक हाइस्ट्रीट डी मार्ट समोर, हीरानंदानी गार्डेंस पावई, मुंबई-महाराष्ट्र।

6 - वेदांती (48 वर्ष) पत्नी एम. भास्कर, निवासी 19/295 मोमिनबाद गुंटकल अनंतपुर-आंध्र प्रदेश।

## इस बार पाकिस्तान को मिटा दो: सोफिया की बहन

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाक पर फूटा गुस्सा

**झांसी।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद देश की हीरो के रूप में उभरकर आईं कर्नल सोफिया की वीरता और पराक्रम के चर्चे हर तरफ हैं। झांसी में सोफिया की चचेरी बहन शबाना कुरैशी और उनके परिवार में भी खुशी का माहौल है। मीडिया से बातचीत में सोफिया की बहन शबाना कहती हैं कि इस बार पाकिस्तान को मिटा देना चाहिए, उसका यही इलाज है, ताकि वह कभी दोबारा ऐसी हिमाकत न कर सके।

वैसे तो कर्नल सोफिया का परिवार छतरपुर मध्यप्रदेश के नौगांव का रहने वाला है। कर्नल सोफिया के पिता ताज मुहम्मद के बड़े भाई इस्माईल कुरैशी का परिवार झांसी के भट्टा गांव सदर बाजार में रहता है। दोनों ही परिवारों के कई लोग फौज में हैं। कर्नल सोफिया की चचेरी बहन शबाना कहती हैं कि उन्हें अपनी बहन पर फक्र है। बचपन में वह लोग साथ में खेली हैं। जब से सोफिया की खबर मिली है, तभी से वह लोग बेहद खुश हैं और लोग उन्हें बधाइयां दें रहे हैं। साथ ही परिवार की लड़कियों ने कहा कि वह भी अपनी बुआ कि तरह देश की सेवा करना चाहती हैं। 6/7 मई की रात भारतीय सेना ने पहलगाम हमले का बदला लेने के उद्देश्य से ऑपरेशन सिन्दूर को अंजाम दिया था, जिसमें सेना ने पाक अधिकृत कश्मीर और पकिस्तान में 9 आतंकी ठिकानो को निशाना बनाया था। बुधवार को सेना की तरफ से पैनल में कर्नल सोफिया कुरैशी ने मीडिया को ब्रीफ किया था और पूरे ऑपरेशन की जानकारी दी थी। जिसके बाद हर किसी की जुबान पर सोफिया कुरैशी का नाम है। सोफिया के पिता भी बीएसएफ में सूबेदार हैं और उनके पति भी सेना में अधिकारी हैं। यही नहीं उनके दो चाचा इस्माइल कुरैशी और वली मुहम्मद भी बीएसएफ में सूबेदार हैं। फिलहाल इस समय सोफिया का परिवार गुजरात के बड़ोदरा में रह रहा है।

### हम सरकार और सेना के साथ: प्रमोद तिवारी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पाकिस्तान में आतंकी शिविरों को निशाना बनाकर भारतीय सेना द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई को लेकर गुरुवार को सुबह सर्वदलीय बैठक बुलाई गई बैठक में विपक्ष को जानकारी देने के बाद कांग्रेस पार्टी के सांसद प्रमोद तिवारी की प्रतिक्रिया सामने आई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि आतंकवाद को नेस्तनाबूद करने के लिए हमारा समर्थन सरकार और भारतीय सेना के साथ है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# ध्वनि प्रदूषण करने वालों पर निगम कसेगी नकेल

**शिकायत पर होगी तुरंत कार्रवाई, बुजुर्गों, बच्चों और पशुओं को अत्यधिक शोर से मिलेगी राहत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ध्वनि प्रदूषण करने वालों पर दिल्ली नगर निगम और स्थानीय निकायों के अधिकारी नकले कसेंगे। दिल्ली सरकार ने ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करते हुए पहली बार नगर निकायों एवं अन्य संबंधित विभागों को सीधे तौर पर नियमों के उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का अधिकार दिया है।

पर्यावरण मंत्री माननीय मनजिंदर सिंह सिरसा ने इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए हैं। इस फैसले के बाद अब नागरिकों के लिए ध्वनि प्रदूषण की शिकायतें दर्ज करने और प्रभावी कार्रवाई करने का रास्ता आसान हो गया है। सरकार का यह कदम विशेष रूप से बुजुर्गों, बच्चों और जानवरों को अत्यधिक शोर से राहत देगा।

मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा, यह मुद्दा काफी समय से लंबित था। दिल्ली सरकार ने यह सुनिश्चित किया कि नागरिकों को ध्वनि प्रदूषण से संबंधित समस्याओं का समाधान आसानी से हो सके। वह प्रदूषण के नियमों को प्रभावी स्थानीय भागीदारी एवं कार्रवाई के माध्यम से लागू कर रहे हैं।

यह पर्यावरण संरक्षण के प्रति भाजपा सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। दिल्ली सरकार ने प्रदूषण को नियंत्रण में करने के लिए ध्वनि प्रदूषण (नियमन एवं नियंत्रण) अधिनियम, २००० में कई महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं जिनमें स्थानीय निकायों को सशक्त किया गया है। संशोधित नियमों के मुताबिक अब नगर निगमों और स्थानीय निकायों के अधिकारी राजधानी में ध्वनि प्रदूषण नियमों का उल्लंघन करने वालों पर तत्काल कानूनी कार्रवाई कर सकेंगे। उनके अलावा दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को भी कार्रवाई के लिए अधिकृत किया गया है। साथ ही डिप्टी कमिश्नर (राजस्व), सबडिवीजनल मजिस्ट्रेट (राजस्व), पुलिस कंट्रोल रूम के सहायक पुलिस आयुक्त, सभी सबडिवीजनल पुलिस अधिकारी (रेलवे और हवाई अड्डों सहित) और असिस्टेंट पुलिस कमिश्नर (ट्रैफिक) भी अब प्रदूषण नियंत्रण नियम तोडने वालों के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया शुरू करने के लिए सक्षम होंगे। इन अधिकारियों को जांच और नोटिस जारी करने समेत अभियोजन एवं रोकथाम की कार्रवाई करने का अधिकार होगा। अधिकार क्षेत्र में इस विस्तार से उस कमी को दूर करने की कोशिश की गई है, जिसके तहत पहले अधिकारियों के सिर्फ एक सीमित वर्ग को ही ध्वनि प्रदूषण नियमों के तहत कार्रवाई करने का अधिकार प्राप्त था। नये नियम में अब नागरिकों को भी यह स्पष्ट कर दिया गया है कि ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ किससे शिकायत करनी है, ताकि शिकायत निवारण की प्रक्रिया तेज, स्थानीय और अधिक जवाबदेह हो सके।

मंत्री ने कहा, प्रदूषण नियंत्रण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। चाहे वायु , ध्वनि प्रदूषण हो या जल प्रदूषण। वह सिर्फ नीतियों पर निर्भर नहीं हैं। वह स्थानीय अधिकारियों को सशक्त कर उनके माध्यम से योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कर रहे हैं। यह कदम राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के निर्देशों और वरिष्ठ पर्यावरण अधिकारियों, कानूनी सलाहकारों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ की गई व्यापक समीक्षा बैठकों के बाद उठाया गया है। इस कदम का मकसद ध्वनि प्रदूषण नियमों को और अधिक प्रभावी बनाना है ताकि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर त्वरित कार्रवाई की जा सके।

# औद्योगिक क्षेत्रों की सड़कों पर ट्रांसपोर्टरों का कब्जा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** झिलमिल औद्योगिक क्षेत्र में उद्यमियों का आरोप है कि औद्योगिक क्षेत्र की सड़कों पर ट्रांसपोर्टरों ने कब्जा कर रखा है, वे अपने ट्रक और क्रेन खड़े कर देते हैं। इससे निकलने का रास्ता नहीं बचता, जिससे ट्रैफिक जाम हो जाता है। १९६७ में स्थापित यह औद्योगिक क्षेत्र दो ब्लॉकों में बंटा हुआ है। विवेक विहार अंडरपास वाली सड़क इसे दो हिस्सों में बांटती है। फ्लैटेड फैक्ट्री कंपाउंड भी इसी में है।

औद्योगिक क्षेत्र के ए-ब्लॉक में नालियां गंदगी से बजबजा रही हैं। इनका गंदा पानी सड़क किनारे भर रहा है। यही हाल सीवर का है, उसमें से पानी ओवरफ्लो हो रहा है। उद्यमियों का आरोप है कि यहां कई सड़कें बिना बारिश के भी पानी से भरी हुई हैं। वे नालों की सफाई न करने के लिए दिल्ली राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। इसी तरह से वे दिल्ली जल बोर्ड को भी सीवर की सफाई न करने के लिए जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। औद्योगिक क्षेत्र के बी-ब्लॉक में भी यह समस्या बनी हुई है।

इस पर डीएसआईआईडीसी के अधिकारी का कहना है कि नालों की सफाई का काम जल्द शुरू कराया जाएगा। इसी तरह से दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों का कहना है कि वे समय-समय पर सीवर की सफाई कराते हैं। औद्योगिक क्षेत्र के दोनों ब्लॉक में क्रेन सर्विस प्रोवाइडरों ने सड़कों पर अतिक्रमण कर रखा है।

उन्होंने सड़क किनारे कंटेनर रखकर अपने कार्यालय बना लिए हैं। वे क्रेन भी सड़कों पर खड़ी कर देते हैं। इस कारण सड़कों से गुजरने में परेशानी होती है। कई बार जाम लग जाता है।

## आंबेडकर विवि ने की राजनीति शास्त्र में एमए, डी.लिट पाठ्यक्रम की घोषणा

**नई दिल्ली।** आंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली (एयूडी) ने बृहस्पतिवार को २०२५-२६ शैक्षणिक सत्र के लिए दो नए शैक्षणिक कार्यक्रम राजनीति शास्त्र में परास्नातक (एमए) और डॉक्टरेट ऑफ लिटरेचर (डी.लिट) शुरू करने की घोषणा की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। विश्वविद्यालय की कुलपति अनु सिंह लाठर ने एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी और स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश पुस्तिका का भी विमोचन किया। उन्होंने बताया, ̎इस वर्ष स्नातक स्तर पर कुल।,१२३ और परास्नातक स्तर पर।,४९१ सीटें उपलब्ध कराई जाएंगी। लाठर ने विश्व. विद्यालय के ̎समावेशी ̎ और ̎सुलभ ̎ शिक्षा मॉडल को रेखांकित करते हुए कहा, ̎हमारी फीस अत्यंत रियायती है क्योंकि विश्वविद्यालय पूरी तरह से सरकार द्वारा वित्तपोषित है।

## एक नजर

### दिल्लीवासियों की समस्याओं का जल्द समाधान होगा: खट्टर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने भूमि संबंधी मुद्दों को लेकर दिल्ली सरकार के मंत्रियों से मुलाकात करने के बाद आश्वासन दिया कि राष्ट्रीय राजधानी के वासियों को जल्द ही सुविधाएं मिलेंगी।खट्टर ने दिल्ली सचिवालय में मंत्रियों के साथ बैठक की। बैठक के बाद उन्होंने संवाददाताओं से कहा, पिछली सरकारों की अक्षमता के कारण पिछले १५-२० वर्षों से समस्याएं बरकरार थीं। हमारी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता लगातार कैबिनेट के साथ उन समस्याओं के समाधान पर चर्चा कर रही हैं जिनका सामना दिल्ली के लोग कर रहे हैं। बैठक के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि बिजली विभाग से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा, अभी तक यह सब अनौपचारिक है और हम जल्द ही औपचारिक नीतियां लेकर आएंगे। हमने जमीन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की और जल्द ही दिल्ली वासियों को सुविधाएं मिलेंगी और समस्याएं हल होंगी। गुप्ता ने भी इसी तरह के विचार दोहराए और कहा कि जल्द ही चीजें सुव्यवस्थित हो जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा, दिल्ली में डबल इंजन वाली सरकार है। जमीन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। लैंड पूलिंग नीति, फ्रीहोल्ड संपत्ति आदि पर भी चर्चा हुई। डंबल इंजन सरकार से आशय राज्य और केंद्र में भाजपा की

### हर स्थिति में पूरा विपक्ष सरकार के साथ: संजय सिंह

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना द्वारा चलाया गया ऑपरेशन सिंदूर की सफलता देश के लिए गौरव की बात है। केंद्र सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक के बाद आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने यह बात कही।

संजय सिंह ने कहा कि विदेश सचिव, कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह के माध्यम से 'ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी गई थी और भारतीय सेना ने आतंकी ठिकानों पर जो हमला किया था, उसके बारे में केंद्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक में जानकारी दी। सरकार ने बताया कि इस ऑपरेशन में १०० से अधिक आतंकवादी और उनके सहयोगी मारे गए हैं। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पूरे देश के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि हर स्थिति के लिए पूरा विपक्ष और देश एकजुट है।।उनको ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना मजबूती से जवाब दे रही है। पाकिस्तान की जवाबी कार्रवाई का भी सरकार और मजबूती से जवाब देगी।

### स्कूल ऑफ लॉ में 2025 के लिए प्रवेश शुरू

**नई दिल्ली।** अमृता विश्व विद्यापीठम के अंतर्गत, अमृता इंटरनेशनल स्कूल ऑफ लॉ ने अपने प्रतिष्ठित पाँच वर्षीय इंटीग्रेटेड लॉ प्रोग्राम ख्बीए ,एलएलबी और बीबीए ,एलएलबी में २०२५-२६ शैक्षणिक सत्र के लिए एडमिशन शुरू कर दिए हैं। यह कोर्स किफायती शुल्क में उपलब्ध है। कोयंबटूर में स्थित, अमृता इंटरनेशनल स्कूल ऑफ लॉ भारतीय विधिक शिक्षा की गहराई को अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण के साथ जोड़ता है जिससे छात्र न केवल भारतीय न्याय व्यवस्था के लिए तैयार होते हैं, बल्कि वैश्विक अवसरों के लिए भी सशक्त बनते हैं। विश्वविधालय को लेकर अमृता इंटरनेशनल स्कूल ऑफ लॉ, कोयंबटूर के डीन डॉ. अनिल जी. वारियाथ ने कहा कि छात्र यहाँ भारतीय न्यायशास्त्र, संवैधानिक सिद्धांतों, सिविल और आपराधिक कानून की गहराई में अध्ययन करते हैं, साथ ही उन्हें अंतरराष्ट्रीय महत्व के वैकल्पिक विषयों को चुनने का अवसर भी मिलता है। जो उन्हें वैश्विक करियर की ओर अग्रसर करते हैं। यह कार्यक्रम आपको आवश्यक ज्ञान, व्यावहारिक कौशल और आत्मविश्वास से लैस करता है।हम केवल अच्छे वकील नहीं, बल्कि नैतिक और वैश्विक दृष्टिकोण वाले विधिक प्रोफेशनल्स तैयार कर रहे हैं डॉ. अनिल जी. वारियाथ ने कहा। हमारे छात्र व्यवहारिक समस्याओं को हल करने और उद्देश्यपूर्ण नेतृत्व प्रदान करने के लिए देश और विदेश दोनों में तैयार होते हैं।

### फाइनल ईयर के विद्यार्थियों का विदाई समारोह




**नई दिल्ली।** ट्रिनिटी इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, द्वारका द्वारा बीए. जनसंचार, बीबीए, सी.एस. आईटी, बीकॉम, बी.बी.ए बैच २०२२, बैच २०२० बीए. एल. एल.बी फाइनल ईयर के विद्यार्थियों का विदाई समारोह एल वेदा-२०२५ विवांता ताज, दिल्ली में आयोजित हुआ। कार्यक्रम उद्घाटन सत्र की शुरुआत दीप प्रज्वलन कर सरस्वती वंदना के साथ हई आदरणीय अध्यक्ष डॉ. और के टंडन, डॉ. रीमा टंडन, उपाध्यक्ष, श्रेया टंडन, मिस अरश्जीत कौर डॉ. आशुतोष अग्रवाल, निदेशक ट्रिनिटी, उप निदेशक डॉ. संध्या मैत्रा, डॉ. शशिबाला, प्राचार्य विधि विभाग, विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य और अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं टिप्स परिवार के सदस्यों कि उपस्थिथि में शुरू हुआ। आदरणीय अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वागत भाषण दिया गया जिसमें उन्होंने कार्यक्रम में आए गेस्ट ऑफ ओनर मिस अरश्जीत कौर और उपस्थित सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन किया साथ ही, उन्होंने विद्यार्थियों को शुभकामनाए दी एवं पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम का ऊदाहरण देते हुए बताया की कैसे हार्ड वर्क करके अपना लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। अंत में डॉ. आशुतोष अग्रवाल, निदेशक, टिप्स द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया। उन्होंने अध्यक्ष महोदय डॉ. आर. के टंडन, टिप्स, उपाध्यक्ष डॉ रीमा टंडन, टिप्स, प्रिंसिपल लॉ डॉ. शशि बाला उपनिद. ेशक, डॉ संध्या मैत्र, सभी विभाग के अध्यक्ष एवं सभी विभाग के फैकल्टी का आभार व्यक्त किया।

### चार वर्ष की आयु के लापता नाबालिग लड़के को परिवार से मिलवाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण-पश्चिम जिला पुलिस के वसंत कुंज दक्षिण थाने के स्टाफ ने "ऑपरेशन मिलाप" के तहत चार वर्ष की आयु के एक लापता नाबालिग लड़के को उसके परिवार से मिला दिया है। दिल्ली के दक्षिण-पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि ०७ मई को वसंत कुंज दक्षिण, में चार वर्ष की आयु के एक नाबालिग लड़के के लापता होने के बारे में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई और इसे एसआई नवीन को सौंपा गया, जो कर्मचारियों के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। बच्चे की फोटो उसके माता-पिता से ली गई तथा उसकी फोटो व अन्य विवरण पुलिस थाने के ग्रुप में प्रसारित किए गए। सभी बीट स्टाफ को बच्चे का पता लगाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान एसआई नवीन, हेड कांस्टेबल जितेंद्र ने कॉलर के साथ क्षेत्र में घूमकर कई लोगों को बच्चे की फोटो दिखाकर पूछताछ की। लाउड हैलर के माध्यम से बीट क्षेत्र में गुमशुदा/अपहृत बच्चे के बारे में घोषणा की गई। टीम ने विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई। इन प्रयासों के बाद उक्त बच्चे का पता लगा लिया गया तथा ०५ घंटे के भीतर उसे खोज लिया गया।



बाहरी जिले के सामुदायिक पुलिस प्रकोष्ठ के जवान महिला छात्राओं को प्रशिक्षित करते हुए।

# पुलिस प्रकोष्ठ ने किया महिला छात्राओं को प्रशिक्षित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, दिल्ली पुलिस की सशक्तताष पहल ने ३५० घ्म्महिला छात्राओं' को जीवन रक्षक आत्मरक्षा तकनीकों में प्रशिक्षित किया है।

राजपार्क थाने के तहत सर्वोदय कन्या विद्यालय, यू-ब्लॉक, मंगोलपुरी में आयोजित इस कार्यक्रम का नेतृत्व बाहरी जिले के सामुदायिक पुलिस प्रकोष्ठ द्वारा किया गया और इसका उद्देश्य युवा महिलाओं/लड़कियों को किसी भी स्थिति में खुद की रक्षा करने के लिए कौशल और आत्मविश्वास से लैस करना है।

दिल्ली के बाहरी जिले पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि सशक्तताष' पहल लचीलापन बनाने, आत्मविश्वास बढ़ाने और महिलाओं को अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की जिम्मेदारी लेने के लिए सशक्त बनाने पर केंद्रित है। व्यावहारिक आत्मरक्षा विधियों को सिखाकर, कार्यक्रम न केवल छात्रों को संभावित खतरों के लिए तैयार करता है बल्कि सुरक्षा और स्वतंत्रता की भावना को भी बढ़ावा देता है। यह पहल दिल्ली पुलिस द्वारा एक सुरक्षित और अधिक लचीला समुदाय बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों का हिस्सा है।

शैक्षणिक संस्थानों और स्थानीय समुदायों के साथ मिलकर काम करके, पुलिस यह सुनिश्चित कर रही है कि महिलाओं/लड़कियों के पास आत्मविश्वास और शक्ति के साथ दुनिया में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक उपकरण हों।

'सशक्ती' जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से, दिल्ली पुलिस महिलाओं/लड़कियों को सशक्त बनाने और एक ऐसे भविष्य को बढ़ावा देने में अग्रणी भूमिका निभा रही है जहाँ सुरक्षा और समानता एक साथ हों।

# विकासपुरी विधानसभा में साफ -सफाई व नागरिक सुविधाओं को लेकर की बैठक

**शााह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार राजधानी को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और नागरिकों के लिए अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसी कड़ी में, हाल ही में प्रारंभ किए गए २० दिवसीय मेगा सफाई अभियान के तहत, परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने दिल्ली सचिवालय में विकासपुरी विधानसभा क्षेत्र की नागरिक सुविधाओं को लेकर पीडब्ल्यूडी और दिल्ली जल बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

गौरतलब है कि यह (२० दिवसीय मेगा सफाई अभियान) विशेष अभियान दिल्ली की सड़कों, फुटपाथों, पार्कों और सार्वजनिक स्थलों की सफाई और सौंदर्यीकरण के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में डॉ. पंकज कुमार सिंह ने सम्बंधित



अधिकारियों से विकासपुरी विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विभिन्न सफाई अभियान एवं विकास कार्यों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान नांगलोई-नजफगढ़ सड़क की स्थिति, क्षेत्र में जलभराव की समस्या, सीवर की सफाई, सुपर सकर मशीनों के माध्यम से ड्रेनेज सिस्टम की सफाई और साइनबोर्ड की स्थिति जैसे प्रमुख मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। बरसात से पहले सभी नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी जरूरी तैयारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने एवं सभी लंबित परियोजनाओं को शीघ्रता से शुरू किया जाए और तय समयसीमा में पूरा किया जाए।

इस दौरान मंत्री डॉ पंकज कुमार सिंह ने कहा कि जनता की सुविधाओं से किसी भी प्रकार की लाप. रवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अधिकारियों को इस संबंध में जवाबदेह ठहराया जाएगा। बरसात से पहले सड़कों की मरम्मत, जल निकासी की सुविधा, और सार्वजनिक स्थलों की सफाई एवं सौंदर्यीकरण के कार्यों में कोई ढिलाई न हो यह अभियान महज सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि राजधानी के समग्र और सतत विकास की मजबूत नींव है। जनता की वर्षों से लंबित समस्याओं का समाधान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# मोइत्रा ने निशिकांत दुबे के खिलाफ दाखिल की याचिका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** टीएमसी नेता और पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा ने दिल्ली हाई कोर्ट में एक नई याचिका दायर कर बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे और वकील जय अनंत देहद्रई पर सोशल मीडिया पर कथित तौर पर मानहानिकारक पोस्ट करने का आरा. ेप लगाया है। यह मामला लंबे समय से चले आ रहे विवाद का हिस्सा है, जिसमें दुबे और जय अनंत ने २०२३ में मोइत्रा पर संसद में सवाल पूछने के लिए रिश्वत लेने का आरोप लगाया था।मोइत्रा की ओर से दायर इस नयी याचिका में कहा गया है कि निशिक. ांत दुबे और जय अनंत ने हाल ही में सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां की हैं, जो उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा रही हैं। गुरुवार को दिल्ली हाई कोर्ट में न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की पीठ ने सुनवाई की।

कोर्ट ने दुबे के वकील से निर्देश लेने के लिए कहा कि क्या वह अपनी विवादित पोस्ट को हटा सकते हैं। सुनवाई के दौरान, दुबे के वकील ने यह भी कहा कि मोइत्रा ने लगातार उन्हें सोशल मीडिया पर पिटबुल कहकर अपमानित किया है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

इस पर कोर्ट ने जवाब दिया कि अगर कोई अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करता है, तो प्रभावित व्यक्ति सोशल मीडिया मध्यस्थ को शिकायत कर सकता है और ऐसी पोस्ट को हटवाया जा सकता है।

# शिक्षा के लिए गठजोड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** यूनिवर्सिटी ऑफ साउथैम्पटन दिल्ली ने आज कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस एंड असेसमेंट कैम्ब्रिज के इंटरनेशनल एजुकेशन ग्रुप के साथ साझेदारी की घोषणा की है। यह ग्रुप यूनिवर्सिटी ऑफ कैम्ब्रिज से संबद्ध है और अंतरराष्ट्रीय शिक्षा प्रदान करने वाला दुनिया का सबसे बड़ा संगठन है, जो कैम्ब्रिज आईजीसीएसई, एएस और ए-लेवल जैसी प्रमुख शैक्षणिक योग्यताओं के लिए उत्तरदायी है।

वर्तमान में भारत में कैम्ब्रिज से जुड़े ८१० से अधिक स्कूल कार्यरत हैं। इस साझेदारी के तहत, यूनिवर्सिटी ऑफ साउथैम्प्पटन दिल्ह्ली ने 'कैम्ब्रिज स्कॉलरशिप अवॉर्ड्स' की शुरुआत की है। इसके तहत भारत में कैम्ब्रिज ए-लेवल करने वाले छात्रों को अगस्त २०२५ सत्र के लिए आवेदन करने पर चार विशिष्ट छात्रवृत्तियाँ प्रदान की जाएंगी। कैम्ब्रिज में दक्षिण एशिया के लिए इंटरनेशनल एजुकेशन के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, विनय शर्मा ने कहा, दुनियाभर की यूनिवर्सिटीज कैम्ब्रिज की योग्यताओं को उनकी कठोरता और उच्च शिक्षा के लिए बेहतरीन तैयारी के लिए पहचानती हैं।१५० से ज्यादा वर्षों की शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ यूनिवर्सिटी ऑफ साउथैम्पटन दुनिया को विषयों की एक श्रृंखला में बेहतरीन ग्रेजुएट्स देने के लिये प्रसिद्ध है।यह ग्रेजुएट की रोजगार-योग्यता के मामले में ग्लोबल टॉप १०० और टॉप १५ यूके यूनिवर्सिटीज में शामिल है। अग्रणी नियोक्ताओं ने इसे यूके की सबसे अधिक लक्षित १० यूनिवर्सिटीज में भी शामिल किया है।

# अपहरण व बलात्कार मामले में महिला को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने अपहरण, बलात्कार और पोक्सो एक्ट के मामले में वांछित पीओ महिला को गिरफ्तार किया है।आरोपी को आठ साल बाद गिरफ्तार किया गया था।दिल्ली पुलिस अपराध शाखा पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा ने बताया कि वर्तमान केस शिकायतकर्ता की शिकायत पर दर्ज की गई थी, जिसने आरोप लगाया था कि उसकी बेटी ०१ नवम्बर २०१७ से लापता है और उसे किसी ज्ञात व्यक्ति द्वारा अपहरण कर लिया गया है। स्थानीय पुलिस द्वारा जांच के दौरान, आरोपी किशन पाल और दिनेश को गिरफ्तार किया गया था। आरोपी महिला जो कि आरोपी किशन पाल की पत्नी है, गिरफ्तारी से बच रही थी।इसी बीच ७ नवंबर को, एसआई कुलदीप सिंह और हेड कांस्टेबल प्रमोद को एक गुप्त सूचना मिली थी कि द्वारका सेक्टर-२३ थाने के अपहरण और बलात्कार के मामले में वांछित शजिला संभल, उत्तर प्रदेश में आएगी।इस सूचना के मिलते ही एसीपी राजपाल डबास,की देखरेख में इंस्पेक्टर पवन सिंह के नेतृत्व में एसआई कुलदीप सिंह, हेड कांस्टेबल प्रमोद, कांस्टेबल अशोक, महिला कांस्टेबल काजल आदि की टीम ने अपना जाल बिछाकर आरोपी महिला को पकड़ लिया । पुलिस ने बताया कि आरोपी महिला ने अपने पति किशन पाल और अन्य सह-आरोपियों के साथ मिलकर पीड़िता का अपहरण किया था और पीड़िता का यौन उत्पीड़न किया गया और उसे जबरदस्ती शादी करवा दी गई। पीड़िता को आरोपियों के गांव में बंदी बनाकर रखा।

# मदर्स डे स्पेशल: ऑन-स्क्रीन व ऑफ-स्क्रीन मांओं ने किया प्रेरित



**नई दिल्ली।** इस मदर्स डे पर सोनी सब के कलाकार उन दो सबसे प्रिय मां का स्थान रखने वाले व्यक्तित्वों को सम्मानित करने के लिए एकजुट हुए हैं-जो अपनी असल जिंदगी की मां और ऑन-स्क्रीन मांएं, जो समय के साथ परिवार जैसी बन गई हैं। देशना दुग्गड़, दर्शन गुर्जर, चिन्मयी साल्वी और कृष्ण भारद्वाज जैसे कलाकारों ने उस बिना शर्त प्यार, अडिग समर्थन और निरंतर प्रेरणा के बारे में खुलकर बात की, जो उन्हें इन दोनों अद्भुत महिलाओं से मिलती है। पर्दे के पीछे की यादों से लेकर सेट पर बने स्नेहिल रिश्तों तक, ये सितारे साझा करते हैं कि कैसे इन दोनों रिश्तों ने उनके व्यक्तिगत जीवन और पेश. ेवर सफर को गहराई से आकार दिया है। पुष्पा इम्पॉसिबल में चिराग की भूमिका निभा रहे दर्शन गुर्जर ने कहा, मांएं वास्तव में हमारे जीवन की धड़कन होती हैं, और मैं खुद को बेहद सौभाग्यशाली मानता हूं कि मुझे दो खूबसूरत आत्माओं को 'मां' कहने का सौभाग्य मिला है। मेरी असली मां लीना गुर्जर मेरी सबसे बड़ी ताकत, मुझे चुपचाप सहारा देने वाली शक्ति, और मेरी सबसे बड़ी चीयरलीडर रही हैं। आज मैं जो कुछ भी हूं, वह उनके बलिदानों की वजह से हैख्रचाहे वह मेरे कॅरियर के लिए नए शहर जाना हो, उनकी दुआएं हों, या मुझ पर उनका अटूट विश्वास, उन्होंने सबकुछ किया है। फ सोनी सब पर।

# बीसी को गिरफ्तार किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस के पीओ सेल, ने एक पीओ को गिरफ्तार किया है। आरा. ेपी उत्तम नगर थाने का बीसी है और पहले भी पंद्रह अन्य आपराधिक मामलों में शामिल रहा है।

दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि बाहरी जिले ०६.मई को, टीम को पीओ के ठिकाने के बारे में विश्वसनीय खुफिया जानकारी मिली थी।

सूचना से संकेत मिलता है कि संदिग्ध तिलक नगर के आसपास के क्षेत्र में छिपा हुआ है। इस गोपनीय इनपुट पर तुरंत कार्रवाई करते हुए, एएसआई रणवीर और हेड कांस्टेबल प्रदीप की टीम ने संदिग्ध को पकड़ लिया गया। बाद में सत्यापन से व्यक्ति की पहचान संदीप यादव/राहुल (३५)के रूप में हुई, जिससे प्राप्त खुफिया जानकारी की पुष्टि हुई।पुलिस ने बताया कि आरोपी संदीप यादव/राहुल को द्वारका कोर्ट ने उत्तम नगर थाने के मामले के संबंध में पीओ घोषित किया था। आगे की जांच से पता चला कि आरोपी उत्तम नगर थाने का अनुपस्थित बीसी है और पहले भी पंद्रह अन्य आपराधिक मामलों में शामिल रहा है।

# मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने भारत -पाक के बीच उत्पन्न तनाव पर चिंता जताई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के पदाधिकारियों की एक विशेष ऑनलाइन बैठक में, भारत पाकिस्तान के बीच उत्पन्न तनाव के हालात पर चिंता व्यक्त करने हुए ऐक प्रस्ताव पारित किया गया: है। इसमें कहा गया है कि ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड भारत-पाक सीमा पर बढ़ते तनाव को बड़ी चिंता की नजर से देखता है।

यह राष्ट्र और उसके लोगों की रक्षा और सुरक्षा के लिए उठाए गए हर आवश्यक कदम का समर्थन करता है और इस बात पर जोर देता है कि इस महत्वपूर्ण समय में, जनता, राजनी. तिक दलों, सशस्त्र बलों और सरकार को इन खतरों का सामना करने के लिए एक साथ आना चाहिए। आतंकवाद और निर्दोष नागरिकों की हत्या एक गंभीर चिंता का विषय है। इस्लामी शिक्षाओं, विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त सिद्धांतों और मानवीय मूल्यों में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं है। इसलिए देशों को द्विपक्षीय संवाद और विचार-विमर्श के जरिए अपने मामलों को सुलझाना चाहिए। यह भी एक तथ्य है कि युद्ध किसी भी मुद्दे का समाधान नहीं है, खासकर परमाणु हथियारों की मौजूदगी में, भारत और पाकिस्तान युद्ध बर्दाश्त नहीं कर सकते।ऐसा संघर्ष दोनों देशों के लोगों को दुर्गम कठिनाइयों और पीड़ा में डाल सकता है। इसलिए, सभी मुद्दों को बातचीत और अन्य राजनयिक तरीकों से हल किया जाना चाहिए। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड हमेशा की तरह अपना वक्फ बचाओ अभियान जारी रखेगा। हालांकि मौजूदा हालात के मद्देनजर इसकी जनसभाएं और कार्यक्रम अगले एक सप्ताह (१६ मई तक) के लिए स्थगित किए जा रहे हैं। इनडोर कार्यक्रम, जैसे साथी नागरिकों के साथ गोलमेज बैठकें, अंतरधार्मिक संवाद, मस्जिदों में उपदेश, जिला मजिस्ट्रेटों और कलेक्टरों के माध्यम से ज्ञापन प्रस्तुत करना और प्रेस कॉन्फ्रेंस, निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जारी रहेंगे। बोर्ड को उम्मीद है कि मौजूदा गंभीर स्थिति जल्द ही सुलझ जाएगी और सामान्य स्थिति लौट आएगी। इस पर हस्ताक्षर करने बालों में बोर्ड अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी, बोर्ड उपाध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी, इंजीनियर सआदतुल्लाह हुसैनी, मौलाना मोहम्मद मो. हसिन तकवी,मौलाना ओबैदुल्लाह खान आजमी, मौलाना असगर अली इमाम मेहदी सलाफी, बोर्ड महासचिव।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com


*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

मानकों की अवहेलना कर फ्री होल्ड में बना दिया होटल

# मामला अभी संज्ञान में आया है जांच कर करेंगे आवश्यक कार्रवाई: अपर सचिव जीडीए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जोन 1 नंदग्राम रोड पर में बिना नक्शे के बने होटल को लेकर अपर सचिव प्रदीप सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि होटल का निर्माण हमारे संज्ञान में नहीं है अगर ऐसा निर्माण हुआ है तो तुरंत ही इस मामले का संज्ञान लिया जाएगा और जिस प्रकार अवैध निर्माण के खिलाफ जीडीए द्वारा कार्रवाई की जाती है इस प्रकार ही इसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।



उन्होंने कहा कि शहर का विकास व लोगों की सुरक्षा से खिलवाड़ ना हो इसका हमारा दायित्व है। अवैध निर्माण करने वाला कोई भी हो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी मालूम हो कि नंदग्राम रोड पर बिना नक्शा पास कराये साथ ही अन्य संबंधित विभागों से बिना अनुमति लिए ही एक आलीशान होटल का निर्माण कर दिया गया।

जबकि यह जमीन भी फ्री होल्ड की है इसके बनने में सामग्री की गुणवत्ता का भी शायद ध्यान ना रखा गया हो इसलिए ऐसे निर्माण कभी भी जानलेवा हो सकते हैं जीडीए ऐसे निर्माणों को चिन्हित कर समय-समय पर धवस्तीकरण भी करता है लेकिन फिर भी अथॉरिटी की आंख में धूल झोककर इस प्रकार के निर्माण करने वाले निर्माण कर ही लेते हैं और जब जीडीए इनके खिलाफ कार्यवाही करता है तो ये अपनी पहुंच दिखाने तक से बाज नहीं आते देखना होगा कि अपर सचिव जीडी के बयान के अनुसार इस अवैध निर्माण के खिलाफ कब तक कार्रवाई होती है।

हिंडन एयरपोर्ट से उड़ानें बंद

# एयर स्ट्राइक के चलते लिया गया फैसला

■ फिलहाल एयरपोर्ट अथॉरिटी की ओर से उड़ानों के दोबारा शुरू होने की कोई निश्चित तिथि घोषित नहीं की गई है




**गाजियाबाद।** भारत द्वारा पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों पर की गई एयर स्ट्राइक के बाद सुरक्षा के मद्देनजर गाजियाबाद स्थित हिंडन सिविल एयरपोर्ट से सभी व्यावसायिक उड़ानों को अग्रिम आदेश तक के लिए अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। यह निर्णय हिंडन एयरबेस की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, जहां से एयर स्ट्राइक के बाद सुरक्षा अलर्ट जारी किया गया है।

हिंडन एयरपोर्ट से इंडिया एक्सप्रेस, स्टार एयर, और फ्लाइबिग एयरलाइंस की लगभग 30 से अधिक उड़ानें प्रतिदिन उत्तर प्रदेश और देश के अन्य 14 शहरों के लिए संचालित होती थीं। मंगलवार रात हुई एयर स्ट्राइक के बाद बुधवार सुबह से ही टर्मिनल पर विमान सेवाओं को पूरी तरह निलंबित कर दिया गया। तीनों एयरलाइंस कंपनियों ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट्स पर उड़ानें रद्द करने की सूचना जारी की है। जिन यात्रियों की आगामी बुकिंग्स थीं, उन्हें पूर्ण धनवापसी (फुल रिफंड) प्रदान की जा रही है।

हिंडन सिविल टर्मिनल और आस-पास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को हाई अलर्ट पर रखा गया है। चूंकि यहां का रनवे भारतीय वायुसेना के हिंडन एयरबेस से साझा किया जाता है, इसलिए इसे रणनीतिक दृष्टिकोण से अति संवेदनशील क्षेत्र माना जाता है। फिलहाल एयरपोर्ट अथॉरिटी की ओर से उड़ानों के दोबारा शुरू होने की कोई निश्चित तिथि घोषित नहीं की गई है। अधिकारियों का कहना है कि परिस्थितियों की समीक्षा के बाद आगे का निर्णय लिया जाएगा।

एचआरआईटी विश्वविद्यालय, गाजियाबाद में आईसीएआई की सीआईसीएएसए की

# गाजियाबाद शाखा के सहयोग से एक विशेष सेमिनार का आयोजन हुआ

**गाजियाबाद।** एचआरआईटी विश्वविद्यालय, गाजियाबाद में आईसीएआई की सीआईसीएएसए की गाजियाबाद शाखा के सहयोग से एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसका विषय ष्यूएस ट्रेड पॉलिसी का शेयर बाजार पर प्रभावष रहा। इस कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता के रूप में प्रख्यात चार्टर्ड अकाउंटेंट हर्ष बंसल ने भाग लिया और अपनी गहन विशेषज्ञता साझा की। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के प्रति-कुलाधिपति डॉ. अंजुल अग्रवाल, डायरेक्टर जनरल डॉ. वी. के. जैन, चार्टर्ड अकाउंटेंट हर्ष बंसल, चार्टर्ड अकाउंटेंट नितिन गुप्ता तथा डीन डॉ. निर्दोष अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

अपने संबोधन में हर्ष बंसल ने विस्तारपूर्वक बताया कि अमेरिका की व्यापार नीतियाँख्रजैसे टैरिफ, निर्यात प्रतिबंध, व्यापार समझौते और डॉलर की मौद्रिक नीति-कैसे वैश्विक निवेशकों की मानसिकता को प्रभावित करती हैं और भारतीय शेयर बाजार में अस्थिरता उत्पन्न करती हैं। उन्होंने विशेष रूप से आईटी, फार्मा और मेटल सेक्टर पर इन नीतियों के प्रभाव का विश्लेषण प्रस्तुत किया। हर्ष बंसल ने डेटा और ग्राफ्स के माध्यम से यह भी स्पष्ट किया कि अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध, अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों में वृद्धि और डॉलर की मजबूती जैसे कारकों ने भारतीय कंपनियों के शेयर प्रदर्शन पर किस प्रकार प्रभाव डाला है।

सेमिनार में विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विषय से संबंधित गहन चर्चा की। प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने अमेरिकी नीतियों के दीर्घकालिक प्रभावों को लेकर कई प्रश्न पूछे, जिनका उत्तर श्री बंसल ने सरल व तथ्यात्मक तरीके से दिया। इस अवसर पर डॉ. वी. के. जैन ने भी छात्रों को संबोधित करते हुए व्यापार नीतियों, वैश्विक निवेशकों की मनोवृत्ति और यूएस ट्रेड पॉलिसी पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को वैश्विक व्यापार परिवर्तनों की बेहतर समझ प्रदान करना था, जिससे वे भविष्य में अधिक जागरूकता और विवेक के साथ निवेश निर्णय ले सकें।

# कूड़े के ढेर में पूजन सामग्री डालने पर लोगों में आक्रोश



**गाजियाबाद।** वसुंधरा सेक्टर 6 में इंदिरापुरम थाने के सामने नगर निगम की गाड़ी द्वारा मंदिरों से एकत्रित की गई पूजा सामग्री व देवी देवताओं की खंडित प्रतिमाओं को हिन्दुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ करते हुए खुलेआम कूड़े के ढेर में डाला जा रहा है जिससे नगर निगम के खिलाफ लोगों में गुस्सा भड़क रहा है। लोगों के अनुसार पूर्व में नगर आयुक्त द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत पूजा सामग्री को एकत्रित करने के लिए निर्माल्य वाहन लॉन्च किए गए थे। इन वाहनों द्वारा एकत्रित पूजा सामग्री को हिंडन किनारे गड्ढा खोदकर दबाया जाना था। गाजियाबाद नगर निगम की ऐसी भी योजना थी कि मंदिरों से निकलने वाली पूजन सामग्री के अवशेषों और फूलों को एक जगह एकत्रित कर इससे अगरबत्ती और रंग बनाया जाए परंतु ऐसा लगता है मानो समय बदलने के साथ इस योजना पर धरातल पर कोई काम न हुआ हो। इसे लेकर एक्स पर शिकायत की गई है।

# शिक्षा स्कूल के छात्रों ने विक्टर्स कप ओपन कराटे चैंपियनशिप 2025 में लहराया परचम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** विक्टर्स कप ओपन चैंपियनशिप 2025, ग्रेटर नोएडा में कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें मोदीनगर में स्थित शिक्षा इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 6स्वर्ण पदक, 4रजत पदक, 6कास्य पदक और 1 टीम ट्रांफी प्राप्त की। इसमें आर्यन सिंधु, रुद्र, प्रतीक, परि त्यागी, प्रियांशी और शांतनु ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। अनन्या, दीपिका, अरनया शर्मा, नक्ष तोमर ने रजत पदक प्राप्त किया और दक्ष, अरनव त्यागी, प्रीति चौधरी, व्यास त्यागी, हर्षिता ने कास्य पदक प्राप्त कर विजेता रहे। विद्यालय के अध्यक्ष नीरज त्यागी ने सभी विजेता छात्रों, उनके अभिभावकों और परीक्षक को बधाई देते हुए कहा कि इन सभी छात्रों ने यह पदक जीतकर स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

# राष्ट्रीय लोकदल ने चलाया सदस्यता अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष चौधरी रामपाल सिंह की अध्यक्षता में सदस्यता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन जितेंद्र बालियान एवं अभय बालियान ने किया।

कुशल संचालन लोनी के पूर्व अध्यक्ष सरताज खान ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हस्तिनापुर क्षेत्र के अध्यक्ष योगेंद्र सिंह चेयरमैन, राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के राजनीतिक सलाहकार वीरपाल मलिक, राष्ट्रीय लोकदल के सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी, जिला पंचायत अध्यक्ष पति जयकिशोर, लोनी के पूर्व चेयरमैन मनोज धामा और लोनी की वर्तमान चेयरपर्सन रंजीता धाम राष्ट्रीय लोक दल के पूर्व जिला अध्यक्ष अजय प्रमुख, राष्ट्रीय लोक दल के पूर्व महानगर अध्यक्ष अरुण चौधरी भुल्लन, इस अवसर पर रालोद में कल्पना, उदयपाल प्रधान, हाजीअय्यूब, पप्पू चौधरी, इकबाल अंसारी, अरश खान, छोटे अल्वी, इरशाद रंगरेज, भोपाल सिंह, बबलू खलीफा, कुल्लू पहलवान, आकाश नैन, अमर बालियान, अंकित चौहान, गौरव ढाका, प्रथम मलिक, जतिन वत्स, रघुराज राणा' मोनू चौधरी, अंकित पंडित मुख्य रूप से शामिल हुए।

कार्यक्रम में सैंकड़ो नौजवानों ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की। सभी नए साथियों का राष्ट्रीय लोक दल परिवार में स्वागत है। हमें उम्मीद है कि आप सभी राष्ट्रीय लोक दल के आदर्शों और सिद्धांतों के साथ मिलकर काम करेंगे और पार्टी को मजबूत बनाएंगे।

# सीबीआई ने इंस्पेक्टर को दो लाख की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा

फर्म संचालक से आईटीसी ने गड़बड़ी को लेकर मांगे थे 11 लाख

**गाजियाबाद।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने गाजियाबाद में तैनात सीजीएसटी (केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर) विभाग के एक निरीक्षक को दो लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी निरीक्षक ने एक फर्म संचालक से इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) में कथित गड़बड़ी को लेकर 11 लाख रुपये की मांग की थी, लेकिन बातचीत के बाद यह सौदा दो लाख रुपये में तय हुआ। शिकायतकर्ता कारोबारी ने सीबीआई से संपर्क कर पूरा मामला दर्ज कराया, जिसके बाद एजेंसी ने आरोपी को रंगे हाथ पकड़ने के लिए जाल बिछाया। जब निरीक्षक ने रिश्वत की रकम स्वीकार की, तो टीम ने उसे पकड़ने की कोशिश की।




लेकिन आरोपी ने भागने की कोशिश करते हुए सीबीआई टीम और एक निजी वाहन को टक्कर मार दी।

सीबीआई अधिकारियों ने बताया कि आरोपी को करीब दो किलोमीटर तक पीछा करने के बाद गिरफ्तार किया गया। उसके पास से रिश्वत की दो लाख रुपये की नकदी भी बरामद कर ली गई है। सीबीआई द्वारा आरोपी के आवास और कार्यालय परिसरों में तलाशी अभियान भी चलाया जा रहा है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को गुरुवार को न्यायालय में पेश किया गया। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की सख्त धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है।

## एक नजर

हॉस्टल में माली की शर्मनाक हरकत

### छात्रा ने रोशनदान से झांकते पकड़ा, मचा हड़कंप

**गाजियाबाद।** एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान के छात्रावास में एक गंभीर और शर्मनाक घटना सामने आई है, जिसने छात्राओं की सुरक्षा और निजता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र की है, जहां मंगलवार सुबह करीब 11 बजे एक छात्रा अपने हॉस्टल के बाथरूम में नहा रही थी। इसी दौरान संस्थान में कार्यरत माली, जिसकी पहचान घनश्याम के रूप में हुई है, ने महिला बाथरूम के रोशनदान से झांककर छात्रा को नहाते समय देखते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया।

छात्रा को जब इस हरकत का आभास हुआ, तो उसने तुरंत शोर मचाया। शोर सुनकर हॉस्टल वार्डन मौके पर पहुंचे और उन्होंने आरोपी माली को रंगे हाथों पकड़ लिया। इसके बाद वार्डन ने आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है और उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

इस घटना के बाद से छात्राओं में भय और असुरक्षा की भावना व्याप्त है। छात्राओं ने हॉस्टल में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता जताई है और प्रशासन से सख्त कदम उठाने की मांग की है। संस्थान के प्रशासनिक अधिकारियों ने भी आरोपी के खिलाफ कड़ी सजा की मांग की है और पुलिस को मामले की पूरी जानकारी प्रदान की है।

छत के रास्ते घर में घुसकर की चोरी

### लाखों के जेवरात और नकदी लेकर फरार हुए चोर



■ घटना की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है

**गाजियाबाद।** मुरादनगर के कच्ची सराय इलाके की झील वाली मस्जिद कॉलोनी में बुधवार देर रात एक घर में चोरी की वारदात से हड़कंप मच गया। चोरों ने निजामुद्दीन नामक व्यक्ति के घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात और नकदी चुरा ली। जानकारी के अनुसार, चोर छत के रास्ते घर में दाखिल हुए और लकड़ी की चाली हटाकर अंदर घुसे।

रात लगभग 12 बजे के बाद हुई इस वारदात के समय घर के भीतर निजामुद्दीन की पत्नी शबाना अपने बच्चों के साथ सो रही थीं। सुबह जब आंख खुली तो कमरा पूरी तरह बिखरा मिला और अलमारी से नकदी व गहने गायब थे। चोरी गए सामान में 5 हजार रुपये नकद, लाखों के सोने-चांदी के जेवरात और एक मोबाइल फोन शामिल है।

निजामुद्दीन ने बताया कि ये सभी जेवरात उनकी बेटी की शादी के लिए वर्षों से जमा किए गए थे। वारदात के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों को आशंका है कि चोरों ने संभवतः परिवार को बेहोश करने के लिए किसी नशीली चीज का इस्तेमाल किया होगा, क्योंकि चोरी के दौरान किसी को कोई आहट नहीं लगी।

घटना की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस ने बताया कि चोरों की तलाश और मामले की जांच तेजी से की जा रही है। उधर, इस वारदात ने मुरादनगर के लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है और स्थानीय निवासियों ने रात में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।

# आरडब्ल्यूएनए ने की नए नाले को पुराने नाले में नहीं जोड़ने की मांग

**गाजियाबाद।** छत्रपति शिवाजी बी टाइप सुधार समिति शालीमार हाउसिंग कंपलेक्स आरडब्ल्यूए ने जिलाधिकारी गाजियाबाद को ज्ञापन देकर नए नाले को पुराने नाले से नहीं जोड़ने की मांग की है। आरडब्ल्यूए प्रतिदिन मंडल का कहना है कि पुराना नाला पहले से ही ओवरफ्लो है, एक और नए नाले हो यदि पुराने नाले से जोड़ दिया जाएगा तो कई कॉलोनीयों के हजारों निवासियों का जीना दुबर हो जाएगा। छत्रपति शिवाजी बी टाइप सुधार समिति शालीमार हाउसिंग कांपलेक्स आरडब्ल्यूए का एक प्रतिनिधिमंडल आज जिलाधिकारी गाजियाबाद से मिला। प्रतिमंडल प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी वह बताया कि हाल ही में प्रशासन द्वारा एक नया नाला बनाया जा रहा है इस नाले का फ्लो पुराने नाले में जोड़ा जाएगा जबकि पहले से ही पुराना नाले में टीला मोड़, भोपुरा, कोयल एनक्लेव इत्यादि कॉलोनी का पानी और जोड़े जाने से ओवरफ्लो है। बरसात के दिनों में शालीमार गार्डन, पप्पू कॉलोनी, विक्रम एनक्लेव, डीएलएफ आदि कॉलोनी के निवासी नाले के ओवरफ्लो होने के कारण परेशान हो जाते हैं। अगर एक और नया नाला इसमें जोड़ दिया गया तो कॉलोनी में जल भरा हो जाएगा जिससे उनका जीना दूभर हो जाएगा। आरडब्ल्यूए प्रतिनिधि मंडल का कहना था कि वार्ड 37 के नाले से नए नाले को न जोड़ा जाए। इस नये नाले को सीधा सिकंदरपुर से भोपुरा, वजीराबाद रोड से होते हुए गरिमा गार्डन रोड की तरफ से बड़े नाले में जोड़ा जाए। अगर नए नाले को पुराने नाले से जोड़ा जाएगा तो कॉलोनी वासी पलायन को मजबूर होंगे।

डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन की आधिकारिक यात्रा के दौरान

# इनर व्हील क्लब अध्यक्ष सुषमा गुप्ता की अध्यक्षता में हुए अनगिनत सेवा कार्यों को सराहा

**गाजियाबाद।** इनर व्हील क्लब गाजियाबाद ग्रेटर में डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन की आधिकारिक यात्रा के दौरान इनर व्हील क्लब अध्यक्ष सुषमा गुप्ता की अध्यक्षता में हुए अनगिनत सेवा कार्यों की खूब प्रशंसा हूई। विज्ञप्ति जारी करते हुए सुषमा गुप्ता ने बताया कि गाजियाबाद का जलस्तर काफी नीचे आ गया है। इस समस्या को समझते हुए सुषमा गुप्ता ने अपने औद्योगिक प्रतिष्ठान मधुबन बापूधाम औद्योगिक क्षेत्र में वर्षा जल संचयन संयंत्र का निर्माण कराया जिसका 6 मई को डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन मनीषा कौशिक के कर कमलों द्वारा शुभारंभ हुआ साथ ही निम्न स्तर की पांच महिला कर्मचारियों को परिवार के भरण पोषण हेतू एक माह का सुखा राशन वह कुछ नए वस्त्र भी भेंट किए। महिला सशक्तिकरण की कड़ी में एक सिलाई मशीन तथा पिछले वर्ष जिस छात्रा का पढ़ाई लिखाई का खर्च वहन करने की जिम्मेदारी क्लब ने उठाई थी। इस वर्ष की जिम्मेदारी उठाते हुए पुन: उक्त छात्रा को लेखन व पठन सामग्री तथा पूरे साल की फीस डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन की उपस्थिति में छात्र की माता को दी गई। एक पैर से अपंग व्यक्ति को व्हीलचेयर भेंट की गई। इनर व्हील द्वारा प्रदत अनुदान व सामग्री पाकर सभी लाभार्थियों के चेहरे खिल उठे। पर्यावरण पर सचेत करते हुए दिल्ली पब्लिक स्कूल गाजियाबाद के बच्चों ने बहुत ही शिक्षाप्रद नुक्कड़ नाटक वह दूसरी कक्षा की छात्र द्वारा स्वागत नृत्य भी प्रस्तुत किया जिसके लिए सभी बच्चों को इनर व्हील क्लब द्वारा उपहार व प्रोत्साहन पत्र दिया गया। इनर व्हील क्लब की डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन मनीषा कौशिक ने कहा कि इस क्लब में आकर बहुत ही अच्छा लगा है। जिस प्रकार क्लब के सभी सदस्य मिलजुल कर काम करते हैं एक दिन आने वाले समय में यह क्लब अवश्य ही अच्छा नाम कामाएगा और मुझे बहुत खुशी हो रही है कि मेरे कार्यकाल में सुषमा गुप्ता ने बहुत ही मेहनत करके इतने सारे प्रोजेक्ट किए हैं।

# स्काउट एंड गाइड शिविर का समापन

**साहिबाबाद।** राजेंद्र नगर स्थित स्वामी विवेकानन्द सरस्वती विद्या मंदिर में तीन दिवसीय स्काउट एंड गाइड शिविर का सफलतापूर्वक समापन हो गया। विद्यालय के लगभग 700 विद्यार्थियों ने इस विशेष शिविर में प्रतिभाग किया तथा नए-नए कौशल का प्रशिक्षण लिया। इस शिविर में शिविर के प्रशिक्षक श्याम सिंह ने बच्चों को विभिन्न कौशल, समाज सेवा, चरित्र निर्माण तथा विपरीत परिस्थितयों में बचाव के गुर सिखाए। शिविर के समापन के दिन स्काउट एंड गाइड के शिविर लगाने का प्रशिक्षण दियास इस अवसर पर कक्षा छठी से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने चित्रकला प्रतियोगिता में अपना हुनर दिखाया। नौवीं से बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने विभिन्न राज्यों की संस्कृति को प्रस्तुत किया।

नगर निगम की नाला योजना से परेशान लोगों ने लगाए

# 'मकान बिकाऊ और पलायन' के पोस्टर

**गाजियाबाद।** विक्रम एन्क्लेव और आसपास के इलाकों में रहने वाले नागरिक नगर निगम के खिलाफ खुलकर विरोध में उतर आए हैं। नाराज स्थानीय निवासियों ने अपने घरों के बाहर मकान बिकाऊ है और पलायन जैसे बैनर और पोस्टर लगा दिए हैं। विरोध का कारण है नगर निगम की वह योजना, जिसके तहत गौर सिटी नाले को वॉर्ड नंबर 37, विक्रम एन्क्लेव के मुख्य नाले से जोड़ने की तैयारी की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि विक्रम एन्क्लेव का मुख्य नाला पहले से ही ओवरफ्लो और जाम की समस्या से जूझता है। ऐसे में गौर सिटी जैसे बड़े क्षेत्र का सीवरेज इस नाले में




जोड़ने से शालीमार गार्डन मेन, शालीमार गार्डन एक्सटेंशन और विक्रम एन्क्लेव जैसे क्षेत्रों में बारिश के दौरान जलभराव और संपत्ति को नुकसान होने का खतरा और बढ़ जाएगा।

वहीं दूसरी तरफ विक्रम एन्क्लेव आरडब्ल्यूए अध्यक्ष नरेंद्र बघेल का कहना है कि शुरुआत में नगर निगम ने बताया कि केवल नाले का निर्माण हो रहा है, लेकिन अब इसे हमारे मुख्य नाले से जोड़ने की बात सामने आ रही है।

बारिश में हमारी दुकानें, घर और बेसमेंट पहले ही डूब जाते हैं। यह फैसला हमें और संकट में डालेगा।" उन्होंने आगे कहा कि जल्द ही डीएलएफ और अन्य प्रभावित कॉलोनियों को भी इस विरोध में शामिल किया जाएगा।

नगर निगम हिंडन एयरपोर्ट, अजंतापुरम और सिकंदरपुर गांव से होते हुए एक नया नाला बना रहा है, जिस पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। लेकिन इसे विक्रम एन्क्लेव के पहले से ही चोक हो चुके मुख्य नाले से जोड़ने की योजना को लेकर स्थानीय लोगों में गहरी नाराजगी है। निवासियों का कहना है कि यह परियोजना बिना उचित योजना और जमीनी आकलन के बनाई गई है। यदि इसे लागू किया गया, तो मानव जीवन, संपत्ति और आम जनजीवन पर गंभीर असर पड़ सकता है।

निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि वह इस योजना को तत्काल प्रभाव से स्थगित करे और जनहित में नए विकल्पों पर विचार करे। स्थानीय लोग साफ कह चुके हैं कि अगर उनकी बात नहीं सुनी गई, तो वे बड़े पैमाने पर आंदोलन करेंगे।

# अर्धसैनिक बलों की 156 कंपनियां तैनात बाजारों में बढ़ाई गई सुरक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद दिल्ली में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। दिल्ली पुलिस मुख्यालय ने गृहमंत्रालय के आदेश के बाद सभी जिला पुलिस उपायुक्त व थानाध्यक्षों को सड़कों व थाना क्षेत्रों में पुलिस की ज्यादा से ज्यादा उपस्थिति बढ़ाने के आदेश दिए हैं। अर्धसैनिक बलों की १५६ से अधिक कंपनियों को सुरक्षा में लगाया गया है।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद दिल्ली में बुधवार सुबह से ही सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। दिल्ली पुलिस के विशेष पुलिस आयुक्त देवेश श्रीवास्तव ने बताया, दिल्ली पुलिस अलर्ट मोड पर है। दूसरी तरफ दिल्ली एयरपोर्ट ने एडवाइजरी जारी की है। दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दिल्ली में पूरी तरह से अलर्ट जारी कर दिया गया है। सुरक्षा के मद्देनजर इस हमले के बाद राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। इसके अलावा पूरे देश में सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद कर दिया गया है। पुलिस के अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, पाकिस्तान की संभावित प्रतिक्रिया व ऐसे माहौल में आतंकी हमले को देखते हुए सुरक्षा के सभी कदम उठाए जा रहे हैं।

पुलिस अधिकारी ने बताया, इलाके में पुलिस की ज्यादा से ज्यादा उपस्थिति बढ़ाने को कहा गया है, ताकि लोगों को डर की भावना न हो। जब भी लोग सड़कों व इलाके में आएं तो उन्हें पुलिस सुरक्षा दिखाई दे। इससे लोगों में सुरक्षा की भावना पैदा होगी। इसके अलावा आतंकी हमले को रोकने के लिए सभी कदम उठाए जा रहे हैं। सभी बड़े बाजारों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। ऐतिहासिक व वीआईपी इमारतों की भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। किराएदारों का पुलिस वेरीफिकेशन किया जा रहा है।

दिल्ली में सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। एयरपोर्ट, बस स्टैंड और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। पुलिस और अर्धसैनिक बलों की अतिरिक्त तैनाती कर दी गई है। सोशल मीडिया गतिविधियों पर भी नजर रखी जा रही है ताकि अफवाहों या भड़काऊ सामग्री को रोका जा सके। एक वरिष्ठ अधिकारी ने जानकारी दी कि बुधवार शाम चार बजे विभिन्न एजेंसियों ने मॉक ड्रिल की।

## देश को आतंक से बचाएंगे: बंसल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने कहा कि भारत ने विश्व को आपदा व कुसंस्कारों से बचाया, अब आतंक से बचाने का संकल्प लिया है। हमने प्राकृतिक आपदा व युद्ध विभीषिका से अमेरिका जैसे शक्तिशाली देश के नागरिकों को भी बचाया, कोविड रोधी टीके विकसित कर सम्पूर्ण विश्व को दिए और वसुधैव कुटुंबकम् का स्पष्ट संदेश दिया। वैश्विक रूप से अलग-थलग पड़े पाकिस्तान व उसके जिहादी कुनवे को अब या तो आतंकवाद छोडना होगा या फिर अपने प्राण त्यागने होंगे। बंसल ने कहा कि पहले आतंकियों के जम्मू कश्मीर में धर्म पूछकर मारना और अब इस्लामिक रीति से आतंकियों के जनाजे में पाक आर्मी व उसके नेताओं की सहभागिता ने यह पूरी तरह से स्पष्ट कर दिया है कि आतंकवाद ही पाकिस्तान का एक मात्र मजहब है।

# सोनिया, राहुल गांधी के खिलाफ नेशनल हेराल्ड मामले में सुनवाई स्थगित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को नेशनल हेराल्ड धनशोधन मामले की सुनवाई स्थगित करते हुए इसके लिए २१ और २२ मई की नई तारीख निर्धारित की है।

अदालत ने दो मई को इस मामले में कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी को नोटिस जारी किया था। जब मामले के शिकायतकर्ता और भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने ईडी के आरोपपत्र की प्रति मांगी तो अदालत ने पहले ईडी का पक्ष सुनने का भी फैसला किया अदालत ने गत शुक्रवार को इस मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी को नोटिस जारी किया था।इसने कांग्रेस नेता पित्रोदा और सुमन दुबे, तथा यंग इंडियन , डोटेक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड और सुनील भंडारी को भी नोटिस जारी किया था।

न्यायाधीश ने कहा कि आरा. `पपत्र पर संज्ञान लेने के समय सोनिया गांधी और राहुल गांधी को अपना पक्ष रखने का अधिकार है। मामले में आरोपपत्र धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धाराओं ३ (धनशोधन) और ४ (धनशोधन के लिए दंड) के तहत दायर किया गया था। हाल में आरा. `पपत्र दाखिल करने वाले ईडी ने २०२१ में अपनी जांच शुरू की थी, जब एक मजिस्ट्रेट अदालत ने २६ जून २०१४ को स्वामी द्वारा दायर एक निजी शिकायत पर संज्ञान लिया था। ईडी ने कहा था कि शिकायत में कई प्रमुख राजनीतिक हस्तियों द्वारा एक आपराधिक साजिश को उजागर किया गया है, जिसमें सोनिया गांधी, उनके सांसद पुत्र राहुल गांधी, कांग्रेस के दिवंगत नेता मोतीलाल वोरा और ऑस्कर फर्नांडीस के अलावा अन्य नेताओं और एक निजी कंपनी यंग इंडियन शामिल हैं।

इन सभी पर एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) से संबंधित २,००० करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की संपत्तियों का गलत तरह से अधिग्रहण कर धनशोधन में शामिल होने का आरोप है।सोनिया और राहुल यंग इंडियन के शेयरधारक हैं और दोनों के पास ३८-३८ प्रतिशत शेयर हैं।

# दिल्ली के सितारों को मिलेगा उड़ान का अवसर: कपिल मिश्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कला, संस्कृति और पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने दिल्ली सचिवालय में कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की।

इस बैठक में विभाग द्वारा 'टैलेंट हंट योजना' की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई. योजना का उद्देश्य नवोदित कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने, मार्गदर्शन प्राप्त करने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान पाने का अवसर प्रदान करना है। गौरतलब है कि इस योजना की घोषणा दिल्ली सरकार के बजट २०२५-२६ के दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने की थी. यह एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका लक्ष्य संगीत, नृत्य, लोककला, क्लासिकल, वाद्य संगीत तथा फोटोग्राफी जैसे विभिन्न रचनात्मक क्षेत्रों में दिल्ली की अपार प्रतिभा को उभारना है। यह योजना न केवल प्रतिभाओं को तराश. `गी, बल्कि उन्हें वैश्विक मंच तक पहुँचाने में भी सहायक सिद्ध होगी।

मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा, कि टैलेंट हंट योजना की शुरुआत दिल्ली को क्रिएटिविटी की वैश्विक राजधानी बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के दूरदर्शी नेतृत्व में हम न केवल प्रतिभा को खोजेंगे, बल्कि उन्हें उचित मार्गदर्शन और मंच भी प्रदान करेंगे। यह पहल दिल्ली की सांस्कृतिक समृद्धि को एक नया आयाम देगी. बिना भेदभाव के दिल्ली के सभी हुन. रमंद लोगों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। साथ ही राजधानी की सांस्कृतिक विविधता को दर्शाने के लिए विभिन्न समुदायों से सहभागिता को प्रोत्साहित किया जाएगा. कार्यशालाओं, प्रतियोगिताओं और मेंटरशिप कार्यक्रमों के माध्यम से प्रतिभागियों को आवश्यक संसाधन और नेटवर्क प्रदान किया जाएगा ताकि वे अपनी कला को नए स्तर तक ले जा सकें "टैलेंट हंट योजना न केवल रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से आर्थिक विकास को गति देने की दिशा में है, बल्कि दिल्ली की जीवंत सांस्कृतिक विरासत को भी सम्मानित करने का प्रयास है।



कला, संस्कृति और पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा दिल्ली सचिवालय में कला, संस्कृति व भाषा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

# सप्ताह भर रहेगी गर्मी से राहत, बदला मौसम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मई माह में इस बार मौसम का मिजाज खासा बदला हुआ है। वर्षा होने से गर्मी में तेजी नहीं हैं। इस साल समय पूर्व यानी अप्रैल में ही भीषण गर्मी झेल चुके दिल्ली वासियों को सप्ताह भर और झुलसाने वाली गर्मी का अहसास नहीं होगा। १३-१४ मई तक बीच-बीच में हल्के और घने बादलों की आवाजाही लगी रहेगी। साथ ही इस दौरान बूंदाबांदी से हल्की वर्षा होने की संभावना है।हवा की गति भी सामान्य तौर पर तेज रहेगी। नमी भरी इन तेज हवाओं के चलते लोगों को भीषण गर्मी से राहत रहेगी। अधिकतम तापमान भी ३६ से ३८ डिग्री सेल्सियस के आसपास ही रहेगा। लू चलना तो दूर की बात है, सप्ताह भर से तापमान भी सामान्य के आसपास या उससे नीचे बना हुआ है। अगले एक सप्ताह तक और कमोबेश यही स्थिति बने रहने का पूर्वानुमान है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार इसके पीछे एक नहीं, पांच अलग- अलग कारक हैं। इन्हीं कारकों के चलते झुलसा देने वाली गर्मी वाले मई माह में भी गर्मी के तेवर नरम बने हुए हैं। इस माह की वर्षा भी १२५ साल में दूसरी सर्वाधिक होने का रिकार्ड बना चुकी है। मौसम विभाग के मुताबिक नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पाकिस्तान और आसपास के हिस्से के ऊपर बना हुआ है। इसके साथ ही उत्तरी-पश्चिमी राजस्थान व आसपास के क्षेत्र में हवा के ऊपरी स्तर पर साइक्लोनिक सर्कुलेशन मौजूद है।

# पांच अंतर्राष्ट्रीय फ्लाइट्स समेत आईजीआई से 90 उड़ानें रद्द

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विभिन्न एयरलाइन ने बृहस्पतिवार को दिल्ली हवाई अड्डे से आने-जाने वाली ९० उड़ानें रद्द कर दीं, जिनमें पांच अंतरराष्ट्रीय उड़ानें भी शामिल हैं। एक सूत्र ने यह जानकारी दी। ऑपरेशन सिंदूर की पृष्ठभूमि में देश के विभिन्न हिस्सों में लगभग २७ हवाई अड्डे बंद हैं, जिसके तहत सशस्त्र बलों ने पहलगाम हमले के जवाब में बुधवार को पाकिस्तान की मुख्य भूमि पर और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में कई आतंकवादी ठिकानों पर हमले किए। २२ अप्रैल को हुए पहलगाम हमले में कम से कम २६ लोग मारे गए थे।

सूत्र के मुताबिक, हवाई अड्डों के बंद होने के कारण कई उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। उसने बताया कि बृहस्पतिवार को कुल ४६ घरेलू प्रस्थान और ३३ आगमन उड़ानें रद्द की गईं। सूत्र के अनुसार, दिल्ली हवाई अड्डे पर पांच अंतरराष्ट्रीय प्रस्थान और छह आगमन उड़ानें रद्द की गईं उसने कहा कि ए उड़ानें सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे के बीच रद्द की गईं। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डायल) ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल और इसके चारों रनवे पर परिचालन सामान्य रूप से संचालित हो रहा है।

हालांकि, हवाई क्षेत्र में बदलती परिस्थितियों के कारण कुछ उड़ानें प्रभावित हुई हैं। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का संचालन करने वाली डायल ने यह भी कहा कि वह उड़ानों में किसी भी तरह के व्यवधान को कम करने के लिए सभी हितधारकों के साथ मिलकर काम कर रही है।

# कैरियर के साथ लाइफस्टाइल भी हैं स्पोर्ट्स: डॉ. मनसुख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत के युवा कार्य एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने कहा कि खेल कैरियर के साथ लाइफस्टाइल भी हैं। खेल मंत्री दिल्ली विश्वविद्यालय खेल परिषद द्वारा आयोजित वार्षिक खेल पुरस्कार समारोह २०२५ में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस समारोह का आयोजन डीयू के वाइस रीगल लॉज स्थित कन्वेंशन हॉल में किया गया था। समारोह के दौरान डीयू से जुड़ी अनेकों अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय खेल प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर

डॉ. मनसुख मंडाविया ने अपने संबोधन में कहा कि स्पोर्ट्स एक संस्कार है, एक स्वभाव है, एक जीवन शैली है और एक डिसिप्लिन है। यह हमें सिखाते हैं कि हम खेलते रहें और खिलते रहें। कोई भी व्यक्ति जब खेलता है तो वह खिलता है। खेल मंत्री ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नए भारत का निर्माण हो रहा है। आपको खेलना है, खिलना है और विकसित भारत के साथ जुड़ना है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार की खेलो इंडिया नीति के तहत अनेकों तरह के स्पोर्ट्स तैयार हो रहे हैं। खेल मंत्री ने युवाओं को साइकिल के इस्तेमाल का आह्वान करते हुए कहा कि साइकिल पॉल्यूशन का सॉल्यूशन है, साइकिल फिटनेस का मंत्र है। आप साइकिल पर चलेंगे तो स्वस्थ रहेंगे और पॉल्यूशन का सॉल्यूशन भी करेंगे। इसके साथ ही डिजिटल स्क्रीन के नुकसानों के प्रति आगाह करते हुए उन्होंने कहा कि डिजिटल टेक्नोलॉजी ने लाइफस्टाइल को बदल दिया है।

डिजिटल स्क्रीन के सामने अधिक देर तक रहने से स्वास्थ्य बिगड़ रहा है। देश को समृद्ध बनाना है तो देश के नागरिकों का स्वस्थ रहना भी जरूरी है। समारोह की अध्यक्षता करते हुए डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि डीयू के विद्यार्थी खेलों में काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। ओलंपिक खेलों से लेकर अनेकों अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में डीयू से जुड़े खिलाड़ियों ने बहुत से मैडल जीत कर देश का नाम रोशन किया है। कुलपति ने इसके लिए सभी प्रतिभाओं को बधाई दी।

इसके साथ ही उन्होंने बताया कि डीयू के दाखिलों में स्पोर्ट्स के लिए सुपरन्यूमरेरी कोटा का प्रावधान किया गया है। कुलपति ने कहा कि स्पोर्ट्स को हर व्यक्ति के जीवन में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि टाउन प्लानर और एजुकेशन प्लानरों को भी खेल को ध्यान में रखना चाहिए। जब भी कोई टाउनशिप डिजाइन की जाती है तो उसमें खेल सुविधाएं भी होनी चाहिए।

इसके साथ ही कुलपति ने खेल से जुड़े विभिन्न प्रोग्रामों में डीयू के विद्यार्थियों का डाटा शेयर करते हुए बताया कि फिट इंडिया व योग सहित सभी प्रोग्रामों में डीयू के हजारों विद्यार्थी रजिस्टर्ड हुए हैं।

# ट्रांसजेंडर केयर पर एम्स में हुआ परामर्श

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एम्स में ट्रांसजेंडर केयर के लिए जारी दिशा-निर्देशों और मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) को लागू कराने के संबंध में राष्ट्रीय परामर्श हुआ। परामर्श का केंद्रीय विषय देश भर में संस्थागत स्तर पर एसओपी का कार्यान्वयन था। इस परामर्श में ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड में सभी एम्स संस्थानों के निदेशकों और प्लास्टिक सर्जरी, एंडोक्रिनोलॉजी, स्त्री रोग, मनोचिकित्सा, मनोविज्ञान, बाल रोग और नर्सिंग सहित १०० से अधिक हितधारकों ने हिस्सा लिया।

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के सहयोग से यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। एम्स ने एसओपी के कार्यान्वयन में नेतृत्व करने के लिए संस्थागत प्रतिबद्धता व्यक्त की। आयोजन अध्यक्ष डॉ. मनीष सिंघल ने ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के सामने आने वाली बहुआयामी बाधाओं को दूर करने के लिए एकल देखभाल केंद्र पर एकीकृत चिकित्सा, मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक सहायता प्रणालियों की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

उन्होंने ट्रांसजेंडर स्वास्थ्य सेवाओं के निर्बाध कार्यान्वयन को सक्षम करने में आयुष्मान भारत योजना की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की। एम्स में प्लास्टिक, पुनर्निर्माण और बर्न सर्जरी विभाग में किए अग्रणी कार्यों के बारे में भी जानकारी साझा की। सामाजिक कार्यकर्ताओं और ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रतिनिधियों ने प्रभावशाली प्रस्तुतियां दी। इसमें समावेशी, सम्मानजनक और जरूरतों के आधार पर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के महत्व पर जोर दिया गया।



अंतर्राष्ट्रीय थैलेसीमिया दिवस पर दिल्ली विधानसभा को लाल रोशनी में रोशन किया गया।

# विधानसभा लाल रोशनी में रोशन थैलेसीमिया दिवस एकजुटता का प्रतीक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय थैलेसीमिया दिवस 2025 के अवसर पर, वैश्विक "ब्रिंग लाइट टू थाल" अभियान के तहत आज शाम दिल्ली विधानसभा को लाल रोशनी में रोशन किया गया। यह प्रतीकात्मक पहल थैलेसीमिया रोगियों के प्रति एकजुटता दर्शाने और इस आनुवंशिक रक्त विकार के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से की गई। यह आयोजन दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता के नेतृत्व और मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जो सदन में सार्वजनिक स्वास्थ्य के मुद्दों पर लगातार सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। यह पहल सरकार की स्वास्थ्य जागरूकता के प्रति प्रतिबद्धता और थैलेसीमिया की रोकथाम, देखभाल तथा प्रारंभिक पहचान को बढ़ावा देने के संकल्प को दर्शाती है। इस वर्ष के अंतरराष्ट्रीय विषय "थैलेसीमिया के लिए साथ मिलकर: समुदायों को एकजुट करना, रोगियों को प्राथमिकता देना" के अनुरूप, यह अभियान नेशनल थैलेसीमिया वेलफेयर सोसाइटी के सहयोग से चलाया जा रहा है।

दिल्ली विधानसभा इस वैश्विक पहल में शामिल होकर उन कई अंत. रराष्ट्रीय स्थलों और संस्थानों की श्रृंखला में शामिल हो गई है, जिन्होंने थैलेसीमिया के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए लाल प्रकाश से रोशन होने का निर्णय लिया है। यह कदम रोगियों के प्रति सहानुभूति, सहयोग और सक्रियता का प्रतीक है।

## वैश्विक आयुर्वेद शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने की योजना बना रही सरकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बृहस्पतिवार को कहा कि दिल्ली सरकार वैश्विक आयुर्वेद शिखर सम्मेलन की मेजबा. नी करने और सदियों पुरानी भारतीय चिकित्सा प्रणाली पर केंद्रित स्टार्ट-अप को सहायता प्रदान करने की योजना बना रही है। यहां अखिल भारतीय आयुर्वेदिक कांग्रेस को संबोधित करते हुए गुप्ता ने कहा कि जिस तरह से आयुर्वेद वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय हो रहा है, अन्य देश अधिक जानकारी और आयुर्वेदिक दवाओं की उपलब्धता के लिए भारत की ओर देख रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आयुष मंत्रालय की स्थापना करने और नीतियां बनाकर आयुर्वेद और अन्य संबंधित औषधीय प्रणालियों को एक बड़ा मंच प्रदान करने के लिए धन्यवाद देती हूं। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की तर्ज पर दिल्ली में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान की स्थापना एक बड़ी उपलब्धि है। आयुर्वेद क्षेत्र के विशेषज्ञों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, हमें दिल्ली में एक वैश्विक आयुर्वेद शिखर सम्मेलन आयोजित करना चाहिए जिसे सरकार का समर्थन मिलेगा। हम शिखर सम्मेलन में दुनिया भर के लोगों के सामने आयुर्वेदिक प्रणाली को पेश कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार युवाओं को इस क्षेत्र में काम करने के वास्ते प्रोत्साहित करने के लिए आयुर्वेद आधारित स्टार्ट-अप को प्रायोजित करने जैसी विभिन्न पहल शुरू करने की योजना बना रही है, जबकि योग गुरुओं और विशेषज्ञों को नवाचार पर काम करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने सभी आयुर्वेद ग्रंथों और ज्ञान को डिजिटल स्वरूपप्रदान करने का भी सुझाव दिया।

**ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड**

(पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

Truhome FINANCE

**पंजीकृत कार्यालय:** श्रीनिवास टॉवर, पहली मंजिल, दरवाजा नंबर 5, पुराना नंबर 11, दूसरी लेन, सेनटोफ रोड, अलवरपेट, तेयनमपेट, चेन्नई-600018 **शाखा कार्यालय:** लेवल-3, वॉकहार्ट टॉवर्स, ईस्ट विंग सी-2 ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400 051,
**website: www.truhomefinance.in**

**कब्जा सूचना**

जबकि, नीचे हस्ताक्षरकर्ता वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के प्रावधानों के तहत और प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) का अधिकृत अधिकारी है। सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (उक्त नियम) के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत उधारकर्ताओं को मांग नोटिस जारी किए गए, जिनका विवरण उक्त डिमांड नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने के लिए नीचे दी गई तालिका में उल्लेख किया गया है।

उधारकर्ताओं द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने पर, उधारकर्ताओं और आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी, प्राधिकृत अधिकारी ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अधीन उन्हें दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 07-मई, 2025 को नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है।

विशेष रूप से उधारकर्ता और सामान्य रूप से जनता को आगाह किया जाता है कि वे संपत्ति का लेन-देन न करें और संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन नीचे उल्लिखित राशि के लिए ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) के अधीन होगा, जैसा कि नीचे उल्लिखित राशि पर ब्याज के साथ है।

(सुरक्षित संपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।)

**उधारकर्ता का नाम और पता**

**श्री यश पाल पुत्र श्री हेमन्त कुमार**
**मकान नंबर डी-1, पहली मंजिल, ब्लॉक-डी, गगन एन्क्लेव, डूंडाहेड़ा, जिला-गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश - 201001.**
**श्रीमती दीपा पत्नी श्री यश पाल**
**मकान नंबर डी-1, प्रथम तल, गगन एन्क्लेव, डूंडाहेड़ा, जिला- गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश - 201001.**

**डिमांड नोटिस के अनुसार देय राशि**

**रु. 31,39,155/- (रु. इकतीस लाख उनतालीस हज़ार एक सौ पचपन मात्र) ऋण खाते के संबंध में SBTHGPRK0001336 दिनांक 06 सितंबर 2024 तक, और रु. 19,20,069/- (रु. उन्नीस लाख बीस हज़ार उनहत्तर मात्र) ऋण खाते के संबंध में SILHGPRK0001560 दिनांक 06 सितंबर 2024 तक.**
**डिमांड नोटिस की दिनांक - 09-सितम्बर-2024, भौतिक कब्जे की दिनांक - 07-मई-2025, एनपीए की दिनांक - 03 सितम्बर-2024**

**गिरवी रखी सम्पत्ति का विवरण**

**यह सभी हिस्से और पार्सल पर संपत्ति नंबर. मकान नंबर डी-1, ब्लॉक-डी, पूरी पहली मंजिल, बिना छत के अधिकार वाली संपत्ति, क्षेत्रफल 63.703 वर्ग मीटर, गगन एन्क्लेव, गांव- डूंडाहेड़ा, जिला- गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201001.**
**उक्त संपत्ति की सीमाएं:- पूर्व: अन्य संपत्ति, पश्चिम : 9 मीटर सड़क , उत्तर: अन्य संपत्ति, दक्षिण: प्लॉट नंबर डी-2.**

स्थान: गाजियाबाद
दिनांक: 07.05.2025

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड
(पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

# आईआईएफसीएल ने कीर्तिमान स्थापित किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी के प्रबंध निदेशक डॉ. पी.आर. जयशंकर ने आज लगातार पांचवें वर्ष अपने सर्वकालिक उच्च निष्पादन की घोषणा की।

सर्वाधिक मंजूरी और संवितरण

कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25के दौरान अब तक की सर्वाधिक मंजूरी और संवितरण क्रमश: 51,124 करोड़ रुपये और 28,501 करोड़ रुपये दर्ज की, जो कि पिछले वर्षों की मंजूरी और संवितरण क्रमश: 42,309 करोड़ रुपये और 22,356 करोड़ रुपये के आंकड़ों को पार कर गई, जो क्रमश: 21% और 28% की वार्षिक वृद्धि है। 31 मार्च 2025 तक संचयी मंजूरी और संवितरण क्रमश:3.06 लाख करोड़ रुपये और 1.56 लाख करोड़ रुपये थे, जिनमें से 55% संचयी मंजूरी और संवितरण पिछले पांच वर्षों में हासिल किए गए थे। 31 मार्च 2025 तक आईआईएफसीएल की समेकित संचयी मंजूरी और संवितरण क्रमश: 3.53 लाख करोड़ रुपये और 1.79 लाख करोड़ रुपये थे।

सबसे अधिक लाभप्रदता संख्याक आईआईएफसीएल ने अब तक की सबसे अधिक लाभप्रदता संख्याक 2, 773 करोड़ रुपये का अपना अब तक का सबसे अधिक कर-पूर्व लाभ (पीबीटी) दर्ज किया, जो पिछले वर्ष के 2,029 करोड़ रुपये के कर-पूर्व लाभ से 37% की वृद्धि दर्ज की है। कर-पश्चात लाभ (पीएटी) पिछले वर्ष की तुलना में 39% बढ़कर 1, 499 करोड़ रुपये हो गया।

# ठप्प पड़े एनडीएमसी के वाटर एटीएम गर्मी में प्यासे भटक रहे आम लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एनडीएमसी के वाटर एटीएम धूल खा रहे हैं या फिर कबाड़ हो रहे हैं, लेकिन रिकॉर्ड में वह चालू स्थिति में है। एक दो जगह नहीं कई स्थानों पर यह वाटर एटीएमल बंद पड़े हैं, लेकिन एनडीएमसी का दावा है कि ३७ में ३४ वाटर एटीएम संचालित हो रहे हैं। इन वाटर एटीएम के रखरखाव का जिम्मा एनडीएमसी के सिविल इंजी. नियरिंग विभाग के पास है लेकिन अपनी नाकामी को छिपाने के लिए विभाग के अधिकारी झूठे दावे कर रहे हैं। कनॉट प्लेस के एलआइसी दफ्तर, आरएमएल अस्पताल, मंडी हाउस , स्टेट एंट्री रोड, सुपर बाजार , बाराखंभा के पास वाटर एटीम बंद पड़े मिले। एनडीएमसी के वाटर एटीएम बंद होने से यहां लाखों की समस्या प्रतिदिन दूसरे इलाकों से लोग आते हैं जो कि बोतलबंद पानी खरीदने पर मजबूर होते हैं। जून जुलाई में तो और समस्या बढ़ जाती है। यह ऐसा नहीं कि वाटर एटीएम इसी वर्ष खराब है। पिछले कुछ वर्षों से ज्यादातर वाटर एटीएम ऐसे ही नजर आते है। सी द्वारा प्रमुख स्थानों, प्रमुख मार्गों पर करीब १०० वाटर एटीएम लगाए गए। कुछ वर्ष तो यह चले लेकिन दो साल से यह खराब पड़े हैं। राम मनोहर लोहिया अस्पताल जहां लोग सस्ते इलाज के लिए दूर-दूर से इलाज कराने आते हैं वहां अस्पताल के बाहर लगा वाटर एटीएम बंद पड़ा है। इससे मरीजों के साथ तीमारदारों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इतना ही संसद मार्ग पर लगे वाटर एटीएम खराब पड़ा है। इस पर अतिक्रमण भी हो गया है। यहां पर पटरी लगाने कपड़े भी बिक्री के लिए टांग लिए हैं। मजबूरी में दुकान से २०-३० रुपये देकर पानी खरीदना पड़ता है। एनडीएमसी ने इन वाटर एटीएम परियोजनाओं के लिए लाखों रुपये खर्च किए थे। हर मशीन की देखरेख और संचालन के लिए निजी कंपनियों को ठेका भी दिया गया था, लेकिन वर्तमान स्थिति यह दर्शाती है कि इनका रखरखाव पूरी तरह से नाकाम रहा है।

# पत्नी की हत्या के मामले में पुलिस ने हत्यारोपी को भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** नगर के ठाकुरद्वारा मोहल्ले में पति ने अवैध संबंधो के शक में पत्नि की गला रेतकर हत्या कर दी थी। घटना के दौरान मची चीख पुकार से वहां लोगों की भीड़ जमा हा गई थी और पुलिस को सूचना दी थी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पति प्रशांत को गिरफ्तार कर लिया था। बताया गया कि दंपती ने पांच वर्ष पहले ही प्रेम विवाह किया था। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच शुरू कर दी थी। गुरूवार को पुलिस ने हत्यारोपी पर विधिक कार्रवाई करते हुए हत्यारोपी को जेल भेज दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के ठाकुरद्वारा मोहल्ले में पति ने अवैध संबंधो के शक में पत्नी की गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी थी। बताया गया था कि मृतका ने पति प्रशांत से पांच वर्ष पूर्व प्रेम विवाह किया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पुलिस जांच पड़ताल में अवैध संबंधों के शक में हत्या की बात सामने आ रही थी। बताया गया थी कि आरोपी को पत्नी के अवैध संबंधों पर शक था, जिस कारण आए दिन झगड़े होते थे। बुधवार को यह विवाद इस हद तक बढ़ गया था कि प्रशांत ने पत्नी की गर्दन रेतकर हत्या कर दी थी। बताया गया डेढ़ माह से दोनों के बीच हर दिन विवाद होता था। हत्या की जानकारी पाकर नेहा की मां रंजीता भी मौके पर पहुंची थी। उन्होंने बताया कि प्रशांत मेरी बेटी के साथ शराब पीकर आए दिन मारपीट करता था और जान से मारने की भी धमकी देता था। इस मामले मे 20 दिन पहले नेहा ने कोतवाली में जाकर पुलिस को शिकायत दी थी और हत्या की आशंका जताई थी। पुलिस द्वारा कई बार प्रशांत को बुलाया भी गया था, लेकिन वह थाने नहीं गया था। इसके बाद भी प्रशांत अपनी हरकतों से बात नहीं आया और अन्य लड़कियों के साथ संबंध बनाने लगा था। घटना में यूज होने वाला चाकू भी पुलिस ने बरामद कर लिया था। इस मामले में कोतवाल प्रभारी का कहना है कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। पति के अनुसार उसने पत्नी को किसी से बात करते सुन लिया था। इसी गुस्से में पत्नि की हत्या कर दी। पुलिस ने हत्यारोपी पर विधिक कार्रवाई करते हुए हत्यारोपी को जेल भेज दिया है।



# पीपीई मॉडल के विरोध में अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** बृहस्पतिवार को तहसील के सभी अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर धरना प्रदर्शन करते हुए जुलूस निकालकर तहसील के रजिस्ट्री कार्यालय का तालाबंदी करते हुए वकील एकता जिंदाबाद के नारे लगाए। अधिवक्ता होने एसडीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए एसडीएम मनीष कुमार यादव को प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने प्रदेश सरकार द्वारा ले जा रहे पी.पी.ई मॉडल का जमकर विरोध किया। तहसील के सभी अधिवक्ताओं दस्तावेज लेखकों कर्मचारियों ने कहा कि इसे किसी भी कीमत पर लागू नहीं होने दिया जाएगा। उन्होने कहा जरूरत पड़ी तो अनिश्चितक. ालीन धरना भी तहसील परिसर में दिया जाएगा। उन्होंने तहसील परिसर में जमकर नारेबाजी करते हुए रजिस्ट्री कार्यालय का तालाबंदी की। इस मौके पर तहसील परिसर के सभी अधिवक्ता एक जुट हो गए। इस जुलूस प्रदर्शन में तहसील के सभी अधिवक्तओं ने भाग लिया। इस मौके पर सत्यपाल मान एडवोकेट, धर्मवीर सिंह तोमर एडवोकेट, ईश्वर सिंह एडवोकेट, सत्यपाल पवार, वेदपाल पवार, आनंदपाल तोमर, धीरज पाल तोमर, हरिओम शर्मा, गुनेंद्र गुप्ता, विनोद मान, वीरेंद्र चौहान, विनोद जैन एडवोकेट, हेमंत कुमार एडवोकेट, हरेंद्र तोमर, अमित वशिष्ट पुष्पेंद्र कुमार प्रदीप कुमार दीपक कुमार आदि शामील रहे।



# यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर होगी सख्त कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गुरुवार को दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर परिवहन विभाग व ट्रैफिक पुलिस ने चैकिंग अभियान चलाया। एआरटीओ राघवेंद्र सिंह के नेतृत्व में चलाये गए अभियान में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध कार्रवाई की गई।

इस दौरान अधिका. रियों ने रॉन्ग साइड से आने वाले वाहनों को रोका और दोपहिया वाहन चालको बिना हेलमेट न चलने की हिदायत दी तथा कार चालकों को सीट बेल्ट लगाने के निर्देश दिए। वहानों के जरूरी कागजात न मिलने पर वाहन चालकों के चालान काटे गए। इस मौके पर एआरटीओ राघवेंद्र सिंह ने सभी वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने चेतावनी दी कि आगे भी नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# जमीनी मामले को लेकर पीड़ित ने डीएम से लगाई न्याय की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दौलतपुर गांव के पीडित ने कलेक्ट्रेट पर पहुंचकर अपनी जमीन को कब्जा मुक्त कराये जाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी को एक ज्ञापन दिया और जमीन दिलाये जाने की गुहार लगाई।

इस दौरान गांव दौलतपुर निवासी संजय ने जिलाधिकारी को शिकायत करते हुए बताया कि उन्होंने 2017 में गांव के जंगल में 2 बीघा जमीन की रजिस्ट्री कराई थी। दाखिल खारिज भी हो गया था। संजय के मुताबिक रजिस्ट्री के बाद से उन्हें जमीन पर कब्जा नहीं मिल रहा है। विपक्षी उन पर लगातार दबाव बना रहे हैं। कई बार मारपीट और अभद्रता भी कर चुके हैं। अब विपक्षी उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने की कोशिश कर रहे हैं। पिछले 8 सालों से संजय अपनी जमीन पर कब्जा पाने के लिए अधिकारियों के कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। उनकी कई शिकायतों के बावजूद न तो उन्हें जमीन का कब्जा मिला और न ही विपक्षियों पर कोई कार्रवाई हुई। पीडित ने डीएम से न्याय की गुहार लगाई है।



## एक नजर

### किसान भी सेना के साथ बॉर्डर पर दुश्मनों से लड़ने के लिए तैयार: टिकैत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रमाला।** भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ.नरेश टिकैत ने भारतीय सेना के पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक को सही कदम बताते हुए खूब सराहना की। उन्होंने कहा कि देश का किसान भी बॉर्डर पर जाकर सेना के साथ मिलकर दुश्मन के खिलाफ लड़ने के लिए तैयार हैं।

भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत कासिमपुर खेड़ी गांव में भाकियू के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह के यहां पहुंचे थे। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकियों ने पर्यटकों पर जो कायरना हमला कर जान ली, उसे किसी सूरत में सहन नहीं किया जा सकता। इसका करारा जवाब पहले ही दिया जाना चाहिए था। सरकार ने पूरी रणनीति बनाकर यह हमला किया। इससे हर किसी को सकून मिला है जिस तरह से भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक की गई, इससे पाकिस्तान को सबक मिलेगा। अब किसान खेती-बाड़ी के कार्यों से निवृत्त हो चुका है। ऐसे हालात में किसान भी बॉर्डर पर जाने को तैयार है।

### एक करोड़ रुपये से होगा नौ गांवों में कूड़ा प्रबंधन केंद्रों का निर्माण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद के नौ गांवों में एक करोड़ रुपये से कूड़ा प्रबंधन केंद्रों का निर्माण किया जाएगा। इनका निर्माण कार्य ग्राम पंचायत सचिवों को जल्द शुरू कराने के आदेश दिए गए है। इसके साथ ही डीपीआरओ ने लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांवों को मॉडल प्लस बनाने के लिए तीन साल से अभियान चल रहा है। इसके तहत ग्राम पंचायत लुहारा, डगरपुर, मुजफ्फरपुर पोइस, बरवाला, लहचौड़ा, खिंदौड़ा, निबाली, हसनपुर मसूरी तथा हमीदाबाद गांव को मॉडल प्लस बनाने के लिए कूड़ा प्रबंधन केंद्रों का निर्माण कराया जाना है। प्रत्येक कूड़ा प्रबंधन केंद्र पर 10 से 12 लाख रुपये तक खर्च आएगा। इनका निर्माण होने से गांवों का गीला एवं सूखा कूड़ा इन प्रबंधन केंद्रों पर जाएगा, जहां उसे अलग-अलग कराकर निस्तारण कराया जाएगा। कूड़ा प्रबंधन केंद्र बनने से गांवों में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगने की समस्या से छुटकारा मिलेगा। इसको लेकर डीपीआरओ अरुण अत्री ने कहा कि सभी नौ ग्राम पंचायतों के पंचायत सचिवों को जल्द कूड़ा प्रबंधन केंद्रों का निर्माण शुरू कराने का निर्देश दिया है। क्योंकि इनमें केंद्र निर्माण की प्रक्रिया काफी समय से चल रही हैं और अब जल्द से जल्द इनको बनवाया जाना है। ऐसा नहीं करने पर कार्रवाई की जाएगी।

### राजस्व विभाग की टीम ने तालाब की भूमि से अवैध अतिक्रमण हटवाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** खेकड़ा तहसील क्षेत्र के सुनहेड़ा गांव में तालाब की भूमि से अवैध अतिक्रमण हटा दिया गया है। राजस्व विभाग को शिकायत मिली थी कि तालाब की जमीन पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है।

राजस्व विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच में पाया कि शिकायत सही है। इसके बाद प्रशासन ने बुलडोजर की मदद से अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों ने विरोध किया, लेकिन पुलिस की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पूरी की गई। राजस्व विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि अगर कोई व्यक्ति तालाब की भूमि पर दोबारा कब्जा करने का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस और राजस्व विभाग की टीम पूरे क्षेत्र पर नजर रख रही है।

### विद्युत निगम व विजिलेंस की संयुक्त टीम ने बिजली चोरी के खिलाफ की कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** विद्युत निगम और विजिलेंस की संयुक्त टीम ने बिजली चोरी के खिलाफ कार्रवाई की। टीम ने शांति नगर, पट्टी चौधरान और छपरौली रोड समेत कई इलाकों में छापेमारी की।

अधीक्षण अभियंता बागपत केपी खान के निर्देश पर यह कार्रवाई हुई। विद्युत वितरण खंड द्वितीय के अधिशासी अभियंता नितिन जायसवाल ने टीम का नेतृत्व किया। टीम ने बिजली चोरी में 7 लोगों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कराया। साथ ही 10 बड़े बकायेदारों के बिजली कनेक्शन काट दिए गए। छापेमारी में मुख्य शिकायत केंद्र के अवर अभियंता समय सिंह मौजूद थे। विजिलेंस जेई मुन्ना लाल, एसडीओ टेस्ट एसडी शर्मा भी टीम में शामिल थे। मीटर टेस्ट जेई सुरेशपाल और टीजी 2 अतुल श्रीवास्तव समेत अन्य अधिकारी भी मौके पर थे। अधिकारियों ने बताया कि बिजली चोरी रोकने का अभियान जारी रहेगा।

### लैंडस्केपेपिग कोशल विकास परिषण कार्यक्रम जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के जनता वैदिक कॉलेज में उद्यान विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित लैंडस्केपेपिग कोशल विकास परिषण कार्यक्रम सातवें दिन भी जारी रहा। इस मौके पर छात्रों ने शोभाकारी वृक्ष। झाड़ियां। लताओं। एवं गमले वाले पौधों के रखरखाव की तकनीकी सिखी यह कार्यक्रम शैक्षिक बर्मन कौशल विकास कार्यक्रम के आयोजन सचिव डा.अनुपम तिवारी का नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की आज मुख्य अतिथि प्रोफेसर लोकेंद्र सिंह रहे। कार्यक्रम के आज मुख्य अतिथि प्रोफेसर लोकेंद्र कुमार सिंह थे। प्रोफेसर लोकेंद्र डा. अशोक कुमार गौतम सचिन, खुशी युवीका, चितरंजन, संदीप आदि प्रशिक्षु उपस्थित रहें।



# बागपत का किसान जय जवान जय किसान के नाम से है प्रसिद्धः संजीव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के लुहारी गांव निवासी भारतीय किसान यूनियन प्रधान संगठन के राष्ट्रीय महासचिव संजीव दांगी लुहारी ने बृहस्पतिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि अगर युद्ध हुआ तो किसी नागरिक को भूखा नहीं सोने देगें। किसान हमारा जनपद बागपत कृषि प्रधान ज़िला देश प्रदेश में जाना जाता है। वैसे तो पश्चिमी उत्तर प्रदेश कृषि प्रधान प्रदेश है मगर बागपत का किसान जय जवान जय किसान के नाम से प्रसिद्ध हैं।

भारतीय किसान यूनियन प्रधान संगठन के राष्ट्रीय महासचिव संजीव दांगी ने कहा कि भारत की ओर से पाकिस्तान और पाक अधि. कतर कश्मीर के नो अंतर के ठिकानों पर हुई एयर स्ट्राइक का समर्थन भारतीय किसान यूनियन प्रधान संगठन करता है। इंसानियत के दुश्मनों को निर्दोष लोगों की हत्या के बदले का पाठ पढ़ाना। भारत को बहुत ही जरूरी था जो हमारे देश की सीमा पर जवानों ने कर दिखाया। आर्मी जवान जिंदाबाद था और रहेगा। पाकिस्तान आतंकवाद की फैक्ट्री चल रहा है। इस जवाब देना हमारे देश के प्रधानमंत्री को बेहद जरूरी था। उन्होंने देश की सीमा पर मारे गए अपने देश के जवानों के प्रति भी 2 मिनट का मौन धारण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि अगर युद्ध होता है तो किसी नागरिक को भूखा नहीं सोने देंगे। हमारे देश का किसान हम देश के जवानों के लिए कंधे से कंधा मिलाकर अपने देश के जवानों और सरकार के साथ हैं। हमें अपने देश की सुरक्षा करनी है हम देश के साथ हैं हमारे देश के किसान के बेटे बॉर्डर पर 24 घंटे अपनी सेवा दे रहे है। जरूरत पड़ी तो देश का किसान भी बॉर्डर पर जाकर सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर तत्पर रहेगा।



# 10 मई को गुरू गोरक्षनाथ महापर्व मनाने का लिया निर्णय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के गाँव ककौर कला में मास्टर रविकुमार उपाध्याय के निवास स्थान पर आयोजित उपाध्याय समाज की बैठक में 10 मई को गुरू गोरक्षनाथ महापर्व मनाने का निर्णय लेते हुए आयोजन व स्वागत समिति का गठन किया गया।

आयोजक समिति में संजीव कुमार उपाध्याय को अध्यक्ष, मास्टर रविकुमार उपाध्याय प्रबन्धक, मास्टर भीम सिंह व्यवस्था प्रमुख बनाते हुए, अंकित उपाध्याय, डा. रामकुमार, बिलेन्द्र, उज्जवल, दीपक, सोम, राहुल कुमार, स्वामी, संजू, आशु को स्वागत समिति की जिम्मेदारी दी गयी। महापर्व कार्यक्रम के प्रेरक- समाजसेवी आर.आर.डी. उपाध्याय ने बताया गुरु गोरक्षनाथ महापर्व 12 मई का है। इस दिन बहुत से कार्यक्रम होते है। समाज के प्रबुद्ध व्यक्तियों की व्यस्तता भी अधिक रहती है। इसलिए ककौर कला में 10 मई को गुरू गोरक्षनाथ महापर्व मनायेगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केटी विंग के संस्थापक कपिल त्यागी को आमन्त्रित किया गया है। बैठक में रविकुमार उपाध्याय, समाजसेवी आरआरडी उपाध्याय रामफल उपाध्याय, संजीव कुमार, स्वामी, डा.यशवीर, डा. रामकुमार, बिलेन्द्र, राजू आदि मौजूद रहे।



# भाजपा की बैठक में मंडल कार्यकारिणी को लेकर किया गया मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** नगर के चमरावल रोड़ पर स्थित भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय की अध्यक्षता में मंडल विस्तार को लेकर बैठक हुई। मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी डा. चन्द्रमोहन एवं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, जिला प्रयवेक्षक एवं ओबीसी आयोग के सदस्य रमेश गौड़ कश्यप मौजूद रहे। बैठक में सभी मंडलों की कार्यकारिणी, शक्ति केंद्र के गठन पर वार्ता हुई।

इस दौरान डा.चन्द्रमोहन ने मंडल विस्तार को लेकर चर्चा करते हुए कहा कि मंडल के शक्ति केन्द्र, मंडलों को मजबूत करने का काम करेंगे। कहा मंडलों के सभी शक्ति केंद्र के गठन के साथ-साथ मंडल टीम में 6 उपाध्यक्ष, दो महामंत्री, 6 मंत्री के अलावा 1 कोषाध्यक्ष बनाया जाएंगे। कहा कि कार्यकर्ता, कार्यक्रम, क्रियान्वय इन तीनों से संगठन चलता है। पार्टी के नीति व सिद्धान्तों को लेकर हम सबको आगे भी कार्य करना है। पार्टी में मिला कोई भी पद बड़ा होता है, जिसका निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करना चाहिए। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश गौड़ कश्यप ने कहा कि मंडलों का गठन करते समय सभी जातियों का समावेश होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि मंडल गठन में महिलाओं की भागीदारी भी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा वरिष्ठ नेताओं वह मंडल में निवास करने वाले वरिष्ठ पदाधिकारीयों की सलाह लेकर ही मंडल का विस्तार करें। कहा कि मंडल गठन का कार्य 12 मई तक पूरा करके जिला स्तर कमेटी को भेजें। बाद में क्षेत्र के द्वारा मंडल कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी। इस दौरान गन्ना समिति के चौयरमेन प्रदीप ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष अनिल तोमर, जिला मीडिया प्रभारी पवन शर्मा, व्यापार प्रकोष्ठ के सहसंयोजक रविन्द्र आर्य, नगर अध्यक्ष संदीप प्रजापति, मंडल अध्यक्ष मंजीत गुर्जर, विनोद देशवाल, सुधीर त्यागी, मांगे राम कश्यप, प्रभात तोमर, अनुज त्यागी, डा.अशोक ठाकुर, डा.अंकुर कौशिक आदि मौजूद रहे।



# पत्नी से परेशान पति ने पत्नी के खिलाफ थाने मे दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** अब्दुल्लापुर मेवला के एक व्यक्ति पत्नी से परेशान होकर थानें पहुंचा और पत्नी से बचानें की गुहार लगाते हुए थानें मे तहरीर दी है।

अब्दुल्लापुर मेवला निवासी साकिर पुत्र रहीसुदीन ने थानें मे तहरीर देते हुए बताया कि उसकी शादी 13 वर्ष पहले हुई थी जिससे दो बच्चें भी है। उसने बताया कि पत्नी आये दिन उसे परेशान करती है और आत्महत्या करने की चेता. वनी देती रहती है। गुरूवार सुबह भी उसने फांसी का फंदा लगाकर जान देने का प्रयास किया तो उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी। उसने बताया कि वह उससे आये दिन झगड़ा करती है और उसे जान से मारने की धमकी भी देती रहती है जिससे वह परेशान है। उसने थाने पहुंच पत्नी से बचाने की गुहार लगायी है।



# उल्लू एप के सीईओ विभु अग्रवाल और अभिनेता एजाज खान पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** हाउस अरेस्ट शो मामले में उल्लू एप के सीईओ विभु अग्रवाल और अभिनेता एजाज खान के खिलाफ साइबर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। बागपत से भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष नितिन चौधरी ने इन पर अश्लीलता फैलाने का आरोप लगाते हुए शिकायत की थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू करते हुए दोनों आरो. पियों को नोटिस जारी करने की बात कही है।

नितिन चौधरी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि हाउस अरेस्ट शो की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। वीडियो में होस्ट एजाज खान महिला प्रतिभागियों को कैमरे के सामने अश्लील कृत्य करने को मजबूर करते नजर आ रहे हैं, जो समाज के लिए ठीक नहीं है। उन्होंने होस्ट एजाज खान पर अश्लीलता को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। इस मामले में तहरीर मिलने पर साइबर थाना पुलिस ने एप के सीईओ विभु अग्रवाल, अभिनेता एजाज खान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। इन पर अश्लील सामग्री को इलेक्ट्रॉनिक रूप से दिखाना और अश्लील सामग्री का सार्वजनिक तौर पर प्रदर्शन करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ है। एसपी सूरज कुमार राय ने बताया कि शिकायत मिलने पर मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी गई है।

# बैठक में कहा-पाक अधिकृत कश्मीर भी हमें लेना चाहिए वापस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र में बिजरौल गांव के प्राचीन शिव मन्दिर में धर्म प्रेमियो शिव मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों की बैठक शिव मंदिर प्रांगण में-संपन्न हुई जिसके अध्यक्षता दिल्ली पुलिस से रिटायर समाजस. ेवी रविंदर पाल सिंह तोमर ने की तथा संचालन नरेश चौधरी ने किया।

बैठक में पहलगाम हमले के 15 दिन बाद 'ऑपरेशन सिन्दूर' को बखूबी अंजाम देने पर भारतीय सेना के बहादुरों को बारबार सलाम करते हुए लोगों ने पाकिस्तान को आगे भी और सबक सिखाने की भारत सरकार से अपील की। लोगों ने यह भी कहा कि पाक अधिकृत कश्मीर भी हमें वापस लेना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश की सेना ने आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट कर भारतीय नारियों के सिंदूर का महत्व दिखा दिया। देश अब पाक अधिकृत कश्मीर की वापसी की आशा करता है। पाकिस्तान ने आतंक फैलाया तो यह होना ही चाहिए था। ऑपरेशन सिंदूर के रूप में भारत सरकार द्वारा उठाया कदम सराहनीय है। सेना के साहसिक जवाब को मसीही समाज का सलाम और देश सेवा व रक्षा के लिए आभार। ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर भारत सरकार और हमारे बहादुर फौजियों को सलाम। हमें न पाकिस्तान चाहिए न उसकी सोच, भारत की सलामती, अखंडता और तरक्की चाहिए। दुश्मन देश बुरी नज़र रखकर कोई हिमा. कत करता है, तो सेना और पूरा देश मुंहतोड़ जवाब देगा। बैठक में मंदिर ट्रस्ट के महंत आनंद दास नरेश कुमार देवराज सिंह मुकुट भूषण शर्मा विजयपाल सुशील शर्मा दिल्ली पुलिस से रिटायर देवेंद्र सिंह ढोला संजीव कुमार तारा चौधरी संजीव चौधरी चंद्रपाल सिंह विक्रम सिंह बिट्टू चौधरी सुखदेव चौधरी बिजेंद्र सिंह बलवान सिंह अरविंद चौधरी आदि मौजूद रहे।



# वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** सूरजपुर पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान मनीष कसाना, लक्की कसाना, मनीत उर्फ मन्नी और शोएब कुरेशी के रूप में हुई है।

पुलिस ने आरोपियों से चोरी की होंडा अमेज कार के 9 पार्ट्स बरामद किए हैं। इनमें दो टायर रिम के साथ, दो शॉकर स्प्रिंग के साथ, एक स्टीयरिंग रॉड के साथ और दो एक्सल शाफ्ट शामिल हैं। इसके अलावा तीन चाकू और एक तमंचा कारतूस के साथ भी बरामद किया गया है।



पूछताछ में पता चला कि आरोपियों ने जुलाई 2024 में महामाया बस स्टैंड के पास से होंडा अमेज कार चोरी की थी। कार के कुछ पार्ट्स बेचकर पैसे आपस में बांट लिए थे। इस मामले में सेक्टर-39 थाने में केस दर्ज है।

गैंग के तीन अन्य सदस्य बिट्टू उर्फ कसाना, गोलू उर्फ रवि जाटव और नवीन को पुलिस 2 मई को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। आरोपी जैतपुर के पास से एक महिंद्रा कार की चोरी की योजना भी बना रहे थे।

## शोरूम से हीरे की अंगूठी चोरी

**नोएडा।** जीआईपी मॉल में कल्याण ज्वेलर्स के शोरूम से एक व्यक्ति ने करीब 95 हजार रुपये की हीरे की अंगूठी चोरी कर ली। घटना के करीब एक माह बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि विद्या भूषण सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उनका कहना है कि वह कल्याण ज्वेलर्स में ब्रांच मैनेजर हैं। पीड़ित के अनुसार 13 अप्रैल की दोपहर एक अज्ञात व्यक्ति जीआईपी मॉल स्थित उनके ज्वेलर्स की दुकान पर आया। वह हीरे की अंगूठी और अन्य जेवरात देख रहा था। दुकान के सभी कर्मचारी ग्राहकों में व्यस्त थे। इसी बीच उसने करीब 95 हजार रुपये कीमत की हीरे की अंगूठी चोरी कर ली। वह वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## नोएडा प्राधिकरण के सीईओ ने लिया एक्शन

### प्रबंधक का रोका वेतन, कंपनी पर लगाया 1.5 लाख का जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम शहर में सिविल, जल और विद्युत से संबंधित चल रही परियोजना का निरीक्षण किया। यहां सेक्टर-24 सिचाई नाले में फ्लोटिंग मटेरियल पाया गया। इसे हटाकर फोटो सहित रिपोर्ट देने के लिए कहा गया।

फोर्टिस अस्पताल से खोड़ा को जाने वाले रास्ते पर सर्विस रोड पर जगह-जगह कूड़ा मिला। सुपरविजन में लापरवाही के उमेश चंद त्यागी प्रबंधक का एक माह का वेतन रोकने का निर्देश दिए। बिजली घर के पास नाले में फ्लोटिंग पाया गया। ऐसे में कंपनी औसान कंस्ट्रक्शन कंपनी पर 50 हजार का जुर्माना लगाने का निर्देश दिए। सेक्टर-62 में मुख्य रास्तों पर पॉलिथीन व कूड़े पाए गए सड़क



किनारे घास मिली। कंपनी नार्थ इंडिया शो कॉज नोटिस देते हुए एक लाख का जुर्माना लगाया गया। भूखंड सी-24 सेक्टर-62 और सेक्टर-58 के टी पाइंट पर सड़क की वाइडनिंग करते हुए लेफ्टटर्न चौड़ा किया जाए।

**इन स्थानों पर साफ-सफाई के निर्देश:** सेक्टर-25ए खाली भूखंड पर सीएंडडी वेस्ट और कूड़ा पड़ा है। इसे सात दिन में साफ करने के लिए कहा गया। फोर्टिस अस्पताल के टी पाइंट का सौंदर्यीकरण किया जाए। सड़क के चौड़ीकरण में आ रहे कुछ पेड़ पौधों को शिफ्ट करने के निर्देश दिए। अस्पताल के पास टी पाइंट पर ऑटो व ई रिक्शा के लिए अलग लेन बनाने के लिए कहा गया। यहां लगे ई चार्जिंग स्टेशन को किनारे शिफ्ट करने के निर्देश दिए।सेक्टर-62 में जू डियो शॉपिंग मॉल के समीप क्षतिग्रस्त मोबाइल टॉयलेट खराब हालत में सर्विस रोड पर पड़ा हुआ था। उसे तत्काल हटवाने के निर्देश दिए गए। सेक्टर-62 में रामलीला ग्राउंड वाले पार्क के क्रासिंग के साथ साथ नोएडा क्षेत्र के मुख्य चौराहों पर पुराने क्षतिग्रस्त ट्रैफिक बूथ के स्थान पर नए ट्रैफिक बूथ लगाने व जेब्रा लाइन बनाने के लिए निर्देश दिए।

## किसानों के लीजबैक के 42 प्रकरणों की एसआईटी ने की जांच

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अंतर्गत किसानों के लीजबैक के 42 प्रकरणों की एसआईटी ने जांच की। एसआईटी के अध्यक्ष डाक्टर अरुणवीर सिंह बुधवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सुनील कुमार सिंह के साथ खैरपुर गुर्जर का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। इससे जुड़े किसानों से मिले। उनके अभिलेख/साक्ष्य प्राप्त किए। एसीईओ सुनील कुमार सिंह ने बताया कि जो किसान बुधवार को एसआईटी के मौका मुआयना के दौरान किसी कारणवश मौजूद नहीं थे और अपना अभिलेख नहीं दे सके हैं। वह अगले बुधवार (14 मई 2025) को सुबह करीब 10 बजे ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कार्यालय में एसआईटी के समक्ष अपना दस्तावेज/साक्ष्य और बयान दे सकते हैं।

ग्रेटर नोएडा में आबादी की लीज बैक में गड़बड़ी की शिकायत पर शासन ने यीडा के सीईओ डाक्ष्टर अरुणवीर सिंह की अध्यक्षता में एसआईटी गठित की थी। एसआईटी की जांच रिपोर्ट के आधार पर शासन से 1451 प्रकरणों में लीज बैक की अनुमति पूर्व में मिल चुकी है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण इन प्रकरणों की लीज बैक भी कर रहा है। अवशेष 86 प्रकरणों में एसआईटी की जांच चल रही है। एसआईटी की भ्रमण के दौरान ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी गिरीश कुमार झा, ओएसडी जितेंद्र गौतम, तहसीलदार सचेंद्र बहादुर सिंह सहित लेखपाल आदि मौजूद रहे। अधिकारियों का कहना है कि जल्ध्द ही शेष बचे प्रकरणों में रिपोर्ट लगा दी जाएगी।

## 25 हजार का इनामी बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** थाना बिसरख पुलिस ने एक इनामी बदमाश को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। बदमाश की पहचान गाजियाबाद के अलबीनगर निवासी 24 वर्षीय आमिर उर्फ चिप्पड के रूप में हुई है। इस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

बिसरख पुलिस बिजली घर तिराहे पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान हैबतपुर गेट से एक मोटरसाइकिल सवार आया। पुलिस ने उसे रोकने का इशारा किया तो वह शाहबेरी की तरफ भागने लगा। पीछा करने पर आगे तिराहे पर उसकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली उसके पैर में लगी।

बदमाश के पास से एक तमंचा .315 बोर, दो जिंदा कारतूस और एक



खोखा कारतूस बरामद हुआ। इंद्रापुरम से चोरी की गई स्प्लेंडर प्लस बाइक और चेन स्नैचिंग से प्राप्त 2,720 रुपये भी मिले।

पूछताछ में आमिर ने बताया कि वह अपने साथी नकीब उर्फ हासिम और सोनू के साथ एनसीआर में मोटरसाइकिल चोरी और चेन स्नैचिंग करता है। नकीब पहले जेल जा चुका है। आमिर गौर सिटी के आस-पास चेन स्नैचिंग की फिराक में घूम रहा था। वह थाना बिसरख के एक मामले में वांछित था। घायल बदमाश को अस्पताल भेजा गया है। पुलिस उसके बारे में अधिक जानकारी जुटा रही है।

## एक नजर

### भूखंड योजना की आवेदन प्रक्रिया शुरू

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** यमुना प्राधिकरण की अलग-अलग श्रेणी के भूखंडों की योजनाओं में गुरुवार से आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई। मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि सेक्टर-28 और 29 में सात भूखंड पर होटल के लिए योजना शुरू हुई है। यहां पर होटल बना सकेंगे। आवेदन की अंतिम तिथि छह जून होगी और 16 जुलाई को ई-नीलामी के माध्यम से आवंटन होगा। सेक्टर-20 और 22डी में दो भूखंडों की फ्यूल फीलिंग स्टेशन की योजना शुरू की गई है। आवेदन छह जून तक होंगे, जबकि ई-नीलामी प्रक्रिया तीन जुलाई को होगी। व्यावसायिक फुटप्रिंट के लिए सेक्टर-22ए में छह भूखंडों की योजना में छह जून तक आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए ई-नीलामी प्रक्रिया नौ जुलाई को होगी। सेक्टर-22डी में प्राधिकरण की निर्मित दुकानें हैं। इनमें तीन दुकानें भूतल और दो प्रथम तल पर हैं। योजना के लिए आवेदन की अंतिम तिथि छह जून है, जबकि ई-नीलामी प्रक्रिया 27 जून को होगी। इसके अलावा औद्योगिक भूखंड योजना में 8000 वर्गमीटर से कम क्षेत्रफल के 50 भूखंड शामिल हैं। इनमें टॉय पार्क के लिए दो, अपैरल पार्क के लिए 10, हस्तशिल्प पार्क के लिए पांच और एमएसएई व सामान्य औद्योगिक इकाई के लिए 33 भूखंड हैं, जबकि इसके अलावा 8000 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्र में पांच भूखंडों की योजना शुरू हुई है। जिसमें टॉय पार्क के दो और अपेरल का एक और एमएसएमई व सामान्य औद्योगिक इकाई के लिए दो भूखंड शामिल हैं। योजना के तहत आवेदन की अंतिम तिथि 29 मई निर्धारित है और ई-नीलामी प्रक्रिया 10 जुलाई 2025 को पूरी होगी।

### ट्रैफिक की जिम्मेदारी अब डीआईजी संभालेंगे

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरी में ट्रैफिक की जिम्मेदारी अब डीआईजी रामबदन सिंह संभालेंगे। पहले यह काम डीसीपी के पास था। नोएडा डीसीपी रहते हुए डीआईजी के पद पर प्रोन्नत हुए रामबदन सिंह को अब अपर पुलिस आयुक्त यातायात, एफआरआरओ शाखा एवं नारकोटिक्स शाखा की जिम्मेदारी दी गई है। उनके स्थान पर यमुना प्रसाद को डीसीपी नोएडा जोन बनाया गया है। वह अब तक डीसीपी लाइन थे। राजीव नारायण मिश्र को अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था के साथ-साथ रिट सेल के पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी दी गई है। रविशंकर निम डीसीपी हेड क्वार्टर के साथ-साथ अतिरिक्त प्रभार डीसीपी लाइन की भी जिम्मेदारी संभालेंगे। प्रीति यादव को डीसीपी साइबर के साथ डीसीपी महिला सुरक्षा का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

### 16वीं मंजिल से कार पर गिरा प्लास्टर

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की इको विलेज-2 सोसाइटी में एक बड़ा हादसा टल गया। सोसाइटी की 16वीं मंजिल की बालकनी से प्लास्टर गिरकर नीचे खड़ी कार पर जा गिरा। हादसे में कार का शीशा टूट गया और वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सौभाग्य से घटना के समय कार में कोई मौजूद नहीं था। बिसरख थाना क्षेत्र स्थित इस सोसाइटी में यह घटना तड़के हुई। प्लास्टर गिरने से तेज आवाज हुई, जिससे आसपास के निवासी जाग गए।

सोसाइटी के निवासियों ने मेंटेनेंस टीम की लापरवाही पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि सोसाइटी की स्थिति बेहद खराब है। आए दिन कहीं न कहीं से प्लास्टर गिरने की घटनाएं होती रहती हैं। निवासियों ने सोसाइटी का स्ट्रक्चर ऑडिट कराने और मेंटेनेंस टीम के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि घटना के समय कार में कोई व्यक्ति होता तो बड़ा हादसा हो सकता था। उन्होंने सोसाइटी प्रबंधन से तत्काल सुरक्षा उपाय करने की मांग की है।

### एसआईटी ने गुरुवार को भी खैरपुर में की लीजबैक प्रकरणों की सुनवाई

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अंतर्गत किसानों के लीजबैक के 42 प्रकरणों पर एसआईटी ने बुधवार को किसानों के पक्ष को सुना। एसआईटी के अध्यक्ष यीडा के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सुनील कुमार सिंह की उपस्थिति में किसानों के पक्ष को सुना गया। उनसे साक्ष्य प्राप्त किए। उनके बयान दर्ज किए गए।

दरअसल, एसआईटी के अध्यक्ष डॉ अरुणवीर सिंह, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सुनील कुमार सिंह और पूरी टीम ने बुधवार को खैरपुर गुर्जर का मौका मुआयना किया था। किसी कारणवश कुछ किसान मौके पर नहीं पहुंच सके। अपना साक्ष्य नहीं दे सके। इसे ध्यान में रखते हुए बृहस्पतिवार को भी एसआईटी के अध्यक्ष डॉ अरुणवीर सिंह, एसीईओ सुनील कुमार सिंह, ओएसडी गिरीश कुमार झा और जितेंद्र गौतम समेत अन्य संबंधित अधिकारीगण व लेखपाल मौके पर पहुंचे और किसानों के पक्ष को सुना। उनसे साक्ष्य प्राप्त कर बयान भी दर्ज किए। एसीईओ ने बताया कि अगर कोई किसान किसी कारणवश इन दोनों दिनों में एसआईटी के समक्ष नहीं आ सका है , अपने साक्ष्य नहीं दे सका है तो वह आगामी बुधवार (14 मई 2025) को सुबह करीब 10 बजे से दोपहर एक बजे तक ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के चतुर्थ तल पर स्थित बोर्ड रूम में एसआईटी के अध्यक्ष डॉ अरुणवीर सिंह के समक्ष अपना दस्तावेज/साक्ष्य और बयान दे सकते हैं। बता दें कि ग्रेटर नोएडा में आबादी की लीज बैक में गड़बड़ी की शिकायत पर शासन ने यीडा के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह की अध्यक्षता में एसआईटी गठित की है।

## ग्रेनो, आईआईटीजीएनएल, एमएमएलएच-एमएमटीएच का अध्ययन करने आए पांच आईएएस अफसर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** भारत सरकार में बतौर सहायक सचिव तैनात 5 आईएएस अफसर, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण, आईआईटीजीएनएल की स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप और मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब (एमएमटीएच) और मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक हब (एमएमएलएच) का अध्ययन करने बृहस्पतिवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पहुंचे। इन अफसरों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार, एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव, एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस और एसीईओ प्रेरणा सिंह के साथ बैठक कर टाउनशिप और एमएमएलएच-एमएमटीएच के बारे में जानकारी प्राप्त की।

भारत सरकार में बतौर सहायक सचिव तैनात 5 आईएएस अफसर उत्तर प्रदेश कैडर की आईएएस अफसर इशिता किशोर और सई आश्रित शाकमुरी, तमिलनाडु कैडर से आयुश गुप्ता, बिहार कैडर से आकांक्षा आनंद, हिमाचल प्रदेश कैडर से अंजलि गर्ग और बिहार कैडर से गरिमा लोहिया बृहस्पतिवार सुबह 10 बजे ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कार्यालय पहुंचे। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने औद्योगिक विकास प्राधिकरणों में जमीन अधिग्रहण से लेकर विकास कार्यों तक के बारे में जानकारी और अपने अनुभव साझा की। सीईओ ने कहा कि किसानों से जमीन लेकर उद्योगों को देने के पीछे मुख्य मकसद रोजगार और निवेश है, ताकि यहां के युवाओं को जीवकोपार्जन का एक जरिया बन सके। उन्होंने इन पांचों अफसरों को रोजगार सृजन की दिशा में कार्य करने की सीख दी। एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव ने जमीन प्राप्त करने के एवज में दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस और एसीईओ प्रेरणा सिंह ने स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप और मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब और मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक हब के बारे में जानकारी दी।

एसीईओ प्रेरणा सिंह ने बताया कि इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप में अब तक 25 से अधिक बड़ी कंपनियों को जमीन आवंटित किया गया है। इनमें से हायर जैसी कई बड़ी कंपनियां फंक्शनल भी हो चुकी हैं। ये कंपनियां अब तक लगभग 10 हजार करोड़ रुपये का निवेश और लगभग 23 हजार युवाओं को प्रत्यक्ष रोजगार भी दे रहीं हैं। एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने टाउनशिप में ऑटोमेटिक वेस्ट कलेक्शन सिस्टम, 24 घंटे बिजली-पानी और सुरक्षा सिस्टम पर जानकारी दी।

## हिंडन और यमुना के डूब क्षेत्र का ड्रोन कैमरा से एरियल सर्वे शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण के सीईओ ने बुधवार को हिंडन और यमुना के डूब क्षेत्र का ड्रोन कैमरा से एरियल सर्वेक्षण कराने का निर्देश दिया। वह संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। सीईओ डॉ. लोकेश एम ने कहा कि डूब क्षेत्र का ड्रोन से सर्वेक्षण कराकर वर्तमान समय के निर्माणों की स्थिति को सुरक्षित रखा जाए। इसके बाद नया निर्माण होने पर प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक एवं लेखपाल और सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सीईओ ने सेक्टर-6 स्थित नोएडा प्राधिकरण के दफ्तर में डूब क्षेत्र में फार्म हाउस एवं अन्य तरह के अवैध निर्माण को लेकर बैठक की।

इस बैठक में डीएम मनीष वर्मा के अलावा पुलिस, आबकारी और सिंचाई विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

बैठक में सीईओ ने कहा कि डूब क्षेत्र में कॉलोनी विकसित करने वाले और फार्म हाउस बेचने वाल प्रमुख लोगों को चिह्नित कर उन्हें भूमाफिया घोषित कर कठोर कार्रवाई करें। बैठक में निर्णय लिया गया कि डूब क्षेत्र में निर्माण करना अवैध है, लोगों को इससे संबंधित जानकारी दी जाए। नदी किनारे बंधे से अवैध रूप से फार्म हाउसों के लिए बने रास्तों को तोड़ा जाए। तोड़ने की कार्रवाई सिंचाई विभाग द्वारा की जाएगी। प्रभावी कार्रवाई के लिए टीम गठित की जाएगी सीईओ ने निर्देश दिया कि एसडीएम दादरी और सदर की अध्यक्षता में डूब क्षेत्र में कार्रवाई के लिए टीम गठित की जाए।

## कबाड़ी के गोदाम पर काम करने वाले व्यक्ति से मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** थाना सेक्टर-58 क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति का कहना है कि बुधवार को एक व्यक्ति उसके गोदाम पर आया। आरोपी ने उसके मालिक और उसकी पत्नी और बच्चों के साथ मारपीट की। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पीड़ित आर्यन तिवारी ने पुलिस को बताया कि वह बिशनपुरा स्थित अकरम कबाड़ी के गोदाम पर काम करते हैं। सात मई को बिशनपुरा गांव के रहने वाले प्रमोद नागर उनके गोदाम पर आए और उसके मालिक अकरम के भाई जब्बार और उनके साथ गाली-गलौज कर मारपीट करने लगे। इसी बीच उनकी पत्नी नेहा उन्हें बचाने के लिए आई तो प्रमोद ने उनकी पत्नी को धक्का दे दिया।

## विद्या ज्योति स्कॉलरशिप वितरण समारोह सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** रोटरी क्लब नोएडा द्वारा पब्लिक स्कूल वेलफेयर समिति और युवा क्रांति सेना के सहयोग से आयोजित विद्या ज्योति स्कॉलरशिप परीक्षा में चयनित कक्षा 6, 7 और 8 के 30 विजेता छात्र-छात्राओं को आज सेक्टर 31 स्थित रोटरी ब्लड सेंटर के आईएमए सभागार में स्कॉलरशिप वितरित की गई। यह परीक्षा नोएडा के सर्वोदय विध्या मंदिर, कृष्णा पब्लिक स्कूल, एस.आर. पब्लिक स्कूल, सनबीज पब्लिक स्कूल, न्यू बाल भारती एकेडमी, एन.वी.एस. पब्लिक स्कूल, नवरंग पब्लिक स्कूल, एस. आर.बी. मेमोरियल पब्लिक स्कूल, सीस्मिक पब्लिक स्कूल और न्यू लाइट पब्लिक स्कूल में 25 अप्रैल को आयोजित की गई थी। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन प्रशांत राज शर्मा, ई पैक ग्रुप के एमडी रोटेरियन संजय




सिंघानिया और रोटेरियन प्रीति सिंघानिया ने किया। इस अवसर पर सिंगल मदर वॉरियर के रूप में ललिता देवी को भी आर्थिक सम्मान से सम्मानित किया गया जो अकेले कमाकर अपना घर चला रही हैं और अपने बेटे को शिक्षित कर रही हैं।

रोटरी क्लब नोएडा की अध्यक्षा रोटेरियन डॉ. मोहिता शर्मा ने कहा कि रोटरी क्लब शिक्षा और सेवा के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है। विद्या ज्योति स्कॉलरशिप जैसे प्रयासों से हम प्रतिभाशाली बच्चों का उत्साह बढ़ाते हैं ताकि वे अपने सपनों को साकार कर सकें।

पब्लिक स्कूल वेलफेयर समिति के महासचिव राजेंद्र चौहान ने कहा कि गांव और पिछड़े इलाकों के स्कूलों में जब ऐसी स्कॉलरशिप दी जाती हैं, तो बच्चों का मनोबल कई गुना बढ़ जाता है। इससे वे पढ़ाई में रुचि लेते हैं और आगे बढ़ने की प्रेरणा पाते हैं।

समारोह में युवा क्रांति सेना के अध्यक्ष अविनाश सिंह, लोकेश चौहान, दीविशा सिंघानिया, मयंक सिंह, रोटरी क्लब के त्रिलोक शर्मा, आशा वालिया, अलका चोपड़ा, दीपक भार्गव, रवि चोपड़ा, सुधीर मिढ़ा, शुचि भटला, नवीन अग्रवाल, संतोष और बीनू केशरी, हरीश और ज्योति त्रिपाठी, प्रियंका महरोत्रा, दर्दी चोपड़ा, और प्रेम चोपड़ा सहित विजेता बच्चों के अभिभावक, स्कूलों के शिक्षक भी उपस्थित रहे।

## ऑफिस के लिए घर से निकली युवती लापता, अपहरण की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-34 स्थित अरावली अपार्टमेंट निवासी युवती तीन दिन पहले घर से ऑफिस के लिए निकली, लेकिन घर नहीं लौटी। मां ने पंजाब के गुरदासपुर निवासी युवक पर शादी के लिए दबाव बनाने और बात न मानने पर पंजाब के आतंकवादियों से हत्या कराने की धमकी देने के आरोप में सेक्टर-24 थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित महिला ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी एमबीए करने के बाद दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित कंपनी में काउंसलर है। इससे पूर्व बेटी उत्तम नगर में कोचिंग करने जाती थी। जहां पर उसकी मुलाकात पंजाब के जिला गुरदासपुर निवासी सुशांत से हुई।

आरोपी ने उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर नए-नए लालच देकर अपने जाल में फंसा लिया। उसकी बेटी की इच्छा के विरुद्ध शादी करने के लिए दबाव बनाया। उसकी बेटी ने उसके हथकंडे से परेशान होकर उसके साथ दोस्ती करने से मना किया तो वह उसके साथ जबरदस्ती करने लगा। यही नहीं, आरोपी ने फोन करके कहा कि उसके पंजाब के आतंकवादियों से संबंध हैं। अगर उसने उसके साथ शादी नहीं की तो वह उसकी मां और भाई की हत्या करवा देगा। पीड़ित के अनुसार उसकी बेटी ने घर पर यह बात बताई। इसके बाद दो मई को आरोपी ने युवती की मां को फोन करके धमकी दी कि वह उनकी बेटी को उठाकर ले जाएगा। इस धमकी से बेटी डरी हुई थी। उनकी बेटी छह मई को घर से यह कह कर गई कि वह ऑफिस जा रही है, लेकिन लौटकर नहीं आई। पीड़िता ने आशंका व्यक्त की है कि उसकी बेटी का सुशांत ने अपहरण कर लिया है। उसके साथ कोई अनहोनी हो सकती है।

## आतंकी हमले में जान गंवाने वालों को दी श्रद्धांजलि

**नोएडा।** सेक्टर - 122 स्थित कम्युनिटी सेंटर में गुरुवार को सॉलिट्री दिवस का आयोजन किया गया। इसमें पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राघव स्कूल के छात्रों ने नुक्कड़ नाटक एवं नृत्य प्रस्तुती के माध्यम से अपनी श्रद्धांजलि दी। बच्चों द्वारा पीस मार्च किया गया, जिनके हाथों में भावुक कर देने वाले स्लोगन लिखी तख्तियां थी। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना और समाज में एकजुटता का संदेश देना था। अंत में सभी उपस्थितजनों ने शहीदों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। इस मौके पर स्कूल प्रधानाचार्य प्रियंका घोष, आरडब्ल्यूए अध्यक्ष डॉ. उमेश शर्मा, कोषाध्यक्ष ब्रह्मादत्त शर्मा,सेवक राम और कर्नल सिकरवार उपस्थित रहे।

## देवला में अवैध निर्माण पर चला ग्रेनो प्राधिकरण का बुल्डोजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने ग्राम देवला में अधिसूचित एरिया पर अतिक्रमण के खिलाफ बृहस्पतिवार को बुल्डोजर चलाया। प्राधिकरण ने करीब 6 हजार वर्ग मीटर जमीन को खाली करा लिया है। प्राधिकरण ने तीन फार्म हाउस और कई अवैध प्लॉट के फाउंडेशन को ध्वस्त कर दिया। कालोनाइजर इस जमीन पर फार्म हाउस और अवैध प्लॉटिंग करने की कोशिश कर रहे थे।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने अधिसूचित एरिया में जमीन कब्जाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं, जिस पर अमल करते हुए प्राधिकरण की टीम अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। बृहस्पतिवार को प्राधिकरण की टीम ने देवला में



अतिक्रमण के खिलाफ जोरदार कार्रवाई की। प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने बताया कि प्राधिकरण के वर्क सर्कल तीन के अंतर्गत ग्राम देवला के खसरा संख्या 472 की जमीन प्राधिकरण की अधिसूचित एरिया में है। कालोनाइजर लगभग 06 हजार वर्ग मीटर जमीन पर 3 फार्म हाउस और 100 मीटर के 6 और 200 मीटर के 4 प्लॉट काटकर अवैध निर्माण कर जमीन कब्जाने की कोशिश कर रहे थे। कालोनाइजरों ने इन प्लॉटों पर अवैध निर्माण करते हुए फाउंडेशन भी तैयार कर ली थी।

अतिक्रमण हटाने के लिए प्राधिकरण की तरफ से कई बार नोटिस जारी की गई, लेकिन कालानाइजर ने अवैध निर्माण को नहीं तोड़ा, जिसके चलते बृहस्पतिवार को महाप्रबंधक परियोजना एके सिंह के नेतृत्व में सभी वर्क सर्किल प्रभारी, भूलेख विभाग और नोएडा पुलिस के 250 से अधिक स्टाफ मौके पर पहुंचे और 6 जेसीबी और ट्रिपर के जरिए करीब दो घंटे की कार्रवाई कर अवैध निर्माण को ढहा दिया। करीब 06 हजार वर्ग मीटर जमीन को अतिक्रमण से मुक्त करा लिया। मुक्त कराई गई जमीन की कीमत करीब 12 करोड़ रुपये होने का आकलन है। जीएम प्रोजेक्ट एके सिंह ने कहा है कि देवला प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया में है। जिन लोगों ने यहां की जमीन पर कब्जा कर रखा है वे खुद से अवैध निर्माण को तोड़कर जमीन खाली कर दें। अन्यथा प्राधिकरण अवैध निर्माण को तोड़ने के साथ ही अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी करेगा। अतिक्रमण के खिलाफ प्राधिकरण का अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस अभियान में तहसीलदार सचेंद्र सिंह, वर्क सर्किल 3 के प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक प्रभात शंकर, वरिष्ठ प्रबंधक नागेंद्र सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक राजेश गौतम, वरिष्ठ प्रबंधक विनोद शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक सन्नी यादव, वरिष्ठ प्रबंधक नरोत्तम सिंह और वरिष्ठ प्रबंधक रतिक सहित भारी तादात में अधिकारी-कर्मचारीगण व सुरक्षाकर्मी मौजूद रहे।

## एयरपोर्ट पर आपात स्थिति से निपटने के लिए हुई मॉक ड्रिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर आपात स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में यह ड्रिल संपन्न हुई।

ड्रिल में जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, आपदा प्रबंधन, यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण, विद्युत और स्वास्थ्य विभाग ने हिस्सा लिया। इस दौरान आपातकाल में त्वरित प्रतिक्रिया और समन्वय दक्षता का परीक्षण किया गया।मॉक ड्रिल में उपजिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह, यीडा के उपजिलाधिकारी दुर्गेश सिंह और तहसीलदार जेवर मौजूद रहे। अपर पुलिस उपायुक्त एयरपोर्ट मनीष कुमार मिश्र, सहायक पुलिस आयुक्त सार्थक सैंगर भी शामिल हुए। स्वास्थ्य विभाग से डॉ. सर्वेश जिया, एयरपोर्ट सुरक्षाधिकारी अजेश वर्मा और एयरपोर्ट प्रशासन से बीएस राणा ने भी भाग लिया।

शाह टाइम्स
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
प्रवेश सिंह दतानियां
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
सी-311, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email: parveshnoida@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# ब्लैक आउट को लेकर पुलिस ने जनता को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गुरुवार को थाना देहात हापुड में ब्लैक आउट के दौरान जनता से अपील संबंधित बैठक का आयोजन थाना देहात के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें मनोज कुमार ने बताया कि ब्लैक आउट के समय क्या करे और क्या ना करे।

उन्होंने बताया कि हमारी सेना एवं प्रशासन के आवागमन एवं गस्त जैसी प्रतिक्रियाओं का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर बिल्कुल ना करे। एअर रेड सायरन बजने पर शान्ति पूर्वक अपने सुरक्षित स्थान पर शरण ले। अफवाहों से बचे तथा प्रशासन के निर्देशों का पालन करें। पुलिस एवं स्थानीय प्रशासन का सहयोग करे। मॉक ड्रिल को गंभीरता से ले ताकि आपातकाल की स्थिति में जान-माल की हानि को न्यूनतम किया जा सके। घबराएं नही पूरे परिवार को जागरूक करें। मोबा. इल,टीवी पर सरकारी अलर्ट सुने। सुरक्षित शरण स्थल एवं बंकर की जानकारी ले। अपने घर में मजबूत बिना खिड़की वाला कमरा तैयार रखे। अज्ञात संदिग्ध वस्तुओं पर संदेह होने पर प्रशासन को सूचित करे। शीशे की वस्तुओ से दूरी बनाए। ब्लैक आउट के समय लाइटें पूर्णतः बंद रखे। जरुरी दैनिक आवश्यकता / टॉर्च, खाने की सुखी वस्तुएं जो तीन दिन के लिए पर्याप्त हो अपने पास रखें। इस मौके पर राष्ट्रीय सैनिक संस्था के प्रदेश प्रवक्ता व हापुड़ के जिला अध्यक्ष ज्ञानेंद्र त्यागी ने कहा कि अगर हमारी राष्ट्रीय सैनिक संस्था की टीम की सीमा पर जाने की आवश्यकता पड़ी तो हम हंसते हंसते भारत मां के चरणों में अपने शीश चढ़ा देंगे पर अपने राष्ट्र को आंच नहीं आने देंगे। इस मौके पर राष्ट्रीय सैनिक संस्था जिला इकाई हापुड़ के जिला सचिव एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य मुकेश प्रजापति,जिला उपाध्यक्ष मुकेश त्यागी, पूर्व जिला सचिव विजय वर्मा, प्रशासनिक सदस्य पंडित नरेश कौशिक, खुशबुद्दीन एवं ग्राम वझीलपुर के प्रधान राजू सैनी, खड़खड़ी के ग्राम प्रधान रोहित कुमार, सुल्तानपुर के ग्राम प्रधान वसीम खान, टियाला के ग्राम प्रधान मुकेश कुमार,अन्य ग्राम प्रधान एवं सामाजिक लोग उपस्थित रहे।




# पुलिस ने चाकू के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध चाकू बरामद किया है।

देहात थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज बालियान ने बताया कि हापुड पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड़ देहात पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान एक युवक को मंसूरपुर कब्रिस्तान के पास से गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ है। गिरफ्तार किया गया आरा. पी सनी पुत्र छतरपाल निवासी न्यू मोरपुरा थाना हापुड देहात जनपद हापुड़ का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हापुड़ देहात पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।



# नाले से निकली गंदगी सड़क पर फैलने से लोग परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़ रोड पर स्थित फ्लाईओवर के नीचे नाले से निकली गंदगी सड़क पर फैलने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर फैली गंदगी के कारण आए दिन वहां से गुजरने वाले वाहन चालकों, राहग. ीरों और स्कूली छात्रों को वहां से गुजरने पर डर बना रहता है। इतना ही नहीं आए दिन बाइक सवार फिसलकर चोटिल भी हो रहे हैं। नगर पालिका के कर्मचारियों की बड़ी लापरवाही के चलते सड़क पर फैली गंदगी हादसों का सबब बनी हुई है। नाले से निकली गंदगी के कारण आसपास का वातावरण भी दूषित हो रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगरपालिका के अधिकारियों की हिलावली के चलते सड़क पर फैली गंदगी से लोगों का जीना दुश्वार हुआ हुआ है। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका के अधिकारियों से समस्या का समाधान कराने की मांग की है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क पर फैली गंदगी के कारण लोगों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।



# जयंती को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर डीआईजी ने जारी किए दिशा निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शुक्रवार को महाराणा प्रताप की जयंती मनायी जायेगी। इस अवसर पर विभिन्न थाना क्षेत्रान्तर्गत शोभायात्रा माल्यार्पण प्रसाद वितरण आदि धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। पर्व को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु डीआईजी रेंज मेरठ कलानिधि नेथानी द्वारा वीडियों कॉन्फ्रेंस के माध्यम से परिक्षेत्र के चारो जनपद प्रभारियों को कानून एवं व्यवस्था के मद्देनज़र निर्देशित किया गया है।

महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर परिक्षेत्र के जनपद मेरठ में 4 बुलन्दशहर में 24 एवं हापुड में 6 कुल 34 शोभायात्रा होना प्रस्तावित है। जिनको सकुशल संपन्न कराये जाने हेतु परिक्षेत्र की सभी जनपदीय पुलिस द्वारा पीस कमेटी धर्मगुरु शांति समिति संभ्रान्त व्यक्तियो के साथ 103 अन्य विभाग जैसे नगर निगम, स्वास्थ्य, विद्युत आदि के साथ 81 एवं आयोजको संयोजको के साथ 70 गोष्ठीयाँ आयोजित कर ली गई है। कानून व्यवस्था के दृष्टिगत परिक्षेत्र के जनपदो में 5 अपर पुलिस अधीक्षक, 21 सीओ, 57 निरीक्षक, 170 उपनिरीक्षक, 250 मु. आ. 340 आरक्षी, 150 होमगार्ड पीआरडी एवं 2 कम्पनी पीएसी की ड्यूटी लगाई गई है। राजपत्रित अधिकारी द्वारा शोभायात्रा रुट का भ्रमण कर रुटचार्ट तैयार करा लिया जाये साथ ही यह सुनिश्चित कर लिया जाये कि सभी कार्यक्रम परम्परागत हैं। इस हेतु बुकलेट तैयार कर ली जाये। महाराणा प्रताप के बोर्ड, प्रतिमाओ की निगरानी व सुरक्षा सुनिश्चित की जाए एवं प्रत्येक शोभायात्रा मे एक राजपत्रित अधिकारी अवश्य रहे। पूर्व के वर्षो मे जिन स्थानो पर जातिगत संघर्ष रहा है या अभियोग पंजीकृत हुआ है उन स्थानो को चिन्हित कर विशेष सतर्कता बरती जाए। स्थानीय अभिसूचना इकाई के अतिरिक्त स्थानीय पुलिस के साथ-साथ अन्य स्रोतों से भी अभिसूचना एकत्र करायी जाये तथा लाभप्रद सूचनाओं पर तत्परतापूर्वक प्रभावी कार्यवाही कराना सुनिश्चित किया जाए एवं ड्रोन कैमरो का प्रयोग किया जाये। अफवाहों के फैलाने सोशल मीडिया इन्टरनेट पोस्ट पर देवी-देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वालो पर पैनी नजर रखी जाए।



# एक किलो 300 ग्राम गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली पुलिस ने एक युवक को अवैध मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से एक किलो 300 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

पुलिस क्षेत्राधिकार अनीता चौहान ने बताया, पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने गुरूवार को दोपहर कस्बा के बिलाल मस्जिद के पास से अभियुक्त सलीम पुत्र अम्मद निहो इस्लामी को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने बताया कि आरोपी सलीम को एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई की गई है। आरोपी पर पूर्व में भी आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।



# विद्युत पोल गिरने के बावजूद भी नहीं हुई कोई कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** विद्युत विभाग की लाप. रवाही विद्युत पोल गिरने के बावजूद भी नहीं हुई कोई करवाई हो सकता था बड़ा हादसा।

आपको बता दे कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मालीवाड़ा में गुरुवार सुबह एक जर्जर विद्युत खंभा अचानक गिर गया और पप्पू सैनी के मकान पर जा टिका। हैरानी की बात यह है कि खंभा गिरने के बावजूद विद्युत आपूर्ति सुचारू है, जिससे हर पल बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि घटना की जानकारी विद्युत विभाग को तत्काल दी गई थी। कर्मचारी मौके पर भी पहुंचे थे, लेकिन अब तक न तो खंभा हटाया गया और न ही विद्युत आपूर्ति रोकी गई। लोगों ने इस लापरवाही को घोर लापरवाही करार दिया है। स्थानीय निवासी रवि कुमार ने बताया कि खंभा किसी समय भी गिर सकता है, जिससे जान-माल का नुकसान तय है। बावजूद इसके विभागीय अमला निष्क्रिय बना हुआ है। लोगों ने विद्युत विभाग से जल्द कार्रवाई की मांग की है ताकि कोई अनहोनी न हो।



## एक नजर

### सगी चाची ने तीन वर्षीय बच्चे को गायब कर एक लाख में किया था सौदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** ब्रजघाट गंगा नगरी से लापता हुए तीन वर्ष के बच्चों को 24 घंटे के बाद ही पुलिस ने बरामद कर लिया। हालांकि बच्चे को बरामद करने में पुलिस को थोड़ा ओर समय लगता तो वह बच्चा किसी दंपति को बेचा जा सकता था। पुलिस ने दो महिलाओं को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

सीओ वरूण मिश्रा ने बताया कि दो दिन पूर्व ब्रजघाट निवासी मनीष का 3 वर्ष का बेटा डुग्गू घर के बाहर से खेलने के दौरान लापता हो गया। पुलिस ने सीसीटीवी की जांच की। जांच के दौरान पुलिस मुरादाबाद के कुंदरकी के गांव जैतपुर निवासी बरमा देवी के घर पहुंच गए। वहां से पुलिस ने बच्चे को बरामद किया। महिला को हिरासत में लेने के बाद पूछताछ की तो उसने बताया कि उसने बच्चे को उसकी ही चाची कशिश से एक लाख रुपये में सौदा करके लिया था। हालांकि उसकी रकम बच्चे को एक दंपति से मिलने वाली 2 लाख रुपये की रकम से दी जानी थी। पुलिस ने बच्चे को बरामद करने के बाद दोनों महिलाओं को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

### घर में घुसकर किया जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** तहसील क्षेत्र के गांव अठसैनी निवासी व्यक्ति को चार लोगों ने घर में घुसकर हमला कर पिटाई कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

गांव निवासी सरवर ने बताया कि वह अपने घर पर बैठा हुआ था। तभी गांव निवासी हामिद, इमरान, टिल्लू, भोला वहां आए और उनके साथ गाली गलौज की। पीड़ित ने उनका विरोध किया तो आरोपियों ने हमला कर उसको घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### दहेज में कार की मांग पूरी न होने पर दिया तीन तलाक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक को ससुराल पक्ष की ओर से दहेज में कार नहीं मिली तो उसने पत्नी को तीन तलाक दे दिया। पीड़िता ने उसका विरोध किया तो आरोपियों ने उसको पीटकर घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

गांव निवासी महिला ने बताया कि उसका निकाह क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक से हुआ। निकाह के बाद से ही उसका पति उसको कार न मिलने से नाराज रहने लगा। पीड़िता ने बताया कि उसके पति ने उससे पेचकस और प्लास की मांग करते हुए गाड़ी चोरी करने की बात कहीं। पीड़िता ने उसका विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ पिटाई की। इस दौरान उसका देवर वहां आ गया और उसके देवर ने उसके साथ छेड़छाड़ की, जबकि अन्य परिजन ने उसका गला दबाकर हत्या का प्रयास किया। पीड़िता ने बताया कि उसने परिजन से शिकायत की तो आरोपी पति ने उसको तलाक देकर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने तहरीरा पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पड़ोसी युवक पर आभूषण चोरी करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के मोहल्ला अहताबस्ती राम निवासी व्यक्ति ने पड़ोसी पर घर से नकदी और जेवर चोरी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मोहल्ला निवासी अंकुर ने बताया कि वह किसी कार्य से बाहर गया था। घर पर कोई नहीं थी, इसका फायदा उठाकर पड़ोसी युवक उसके घर में घुस गया। वहां घुसने के बाद आरोपी सेफ से हजारों की नकदी समेत सोने चांदी के जेवर चोरी कर ले गया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मोनाड विश्वविद्यालय में कुकिंग विदाउट फायर प्रतियोगिता आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मोनाड विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंसेज के अर्थशास्त्र विभाग के तत्वाधान में कुकिंग विदाउट फायर प्रतियोगता का आयोजन स्वादिष्ट भोजन सभी की कमजोरी है नामक थीम पर किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में वि वि के प्रतिकुलाधिपति डा. एन के सिंह, कुलपति डा. मोहम्मद जावेद, उपकुलपति प्रशासनिक प्रो. योगश पाल सिंह, उपकुलपति अकादमिक डा. जयदीप कुमार, उपकुलपति प्रवेश रोहित शर्मा उपस्थित हुए।

इस आयोजन की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए वि वि के कुलपति डा. मोहम्मद जावेद ने कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों की विभिन्न कौशल कलाओं को उभारते हैं। इस प्रतियोगिता ने छात्रों को भोजन पकाने के कौशल को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान किया है। प्रतियोगिता में विजेताओं का निर्णय उपकुलपति प्रशासनिक प्रो. योगश पाल सिंह, डा. गरिमा गुप्ता, डा. रितू चिक्कारा, विकास त्यागी, डा. सौरभी दत्ता, डा. दिपांशु अग्रवाल एवं डा. कविता रानी द्वारा किया गया, जिन्होंने व्यंजनों का मूल्यांकन उनके स्वाद, प्रस्तुति और पोषण मूल्य के आधार पर किया। प्रतिभागियों के प्रयासों से निर्णायक अभिभूत हो गए और कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच परिणाम घोषित किए गए। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीए चतुर्थ सेमेस्टर की प्रियंका, द्वितीय स्थान बीएससी होम साइंस चतुर्थ सेमेस्टर की यांकाक्षी व बीए चतुर्थ सेमेस्टर के हरीष और तृतीय स्थान पर बीए द्वितीय सेमेस्टर की हीना एवं जिया ने प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त बीए चतुर्थ सेमेस्टर की शिवानी तोमर की डिश प्रशंसनीय रही। वहीं निर्णायक की अहम भूमिका में उपकुलपति प्रशासनिक प्रो. योगश पाल सिंह ने इस विषय पर अपने संदेश में कहा कि इस प्रतियोगिता का आयोजन स्वस्थ भोजन की आवश्यकता और लाभों के बारे में जागरूकता पैदा करने और विद्यार्थियों को जंकफूड से दूर रहने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन वि वि की सहायक प्राध्यापक ममतेश सोलंकी के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में प्रो. उमेश कुमार दीक्षित, डा. नेहा शर्मा, डा. अरविन्द कुमार, डा. अमान अहमद, डा. विनीता शर्मा, डा. शाईस्ता बेगम, डा. मुकेश कुमार, डा. आशीष गर्ग, डा. सुशील कुमार, रविन्द्र कुमार आदि शिक्षकों के साथ मीडिया प्रभारी विपुल वेपुल चौधरी, डा. गणेश शंकर एवं बड़ी संख्या में छात्र व छात्रायें भी मौजूद रहे।








# विधानसभा सत्र में उठा सवाल, उप गन्ना आयुक्त ने मामले का लिया संज्ञान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली चीनी मिल प्रबंधन द्वारा निर्धारित रेट से तीन सौ रुपये कम दाम में 71 हजार कुंतल चीनी बेचने का मुद्दा विधान सभा सत्र में उठने पर हरकत में आए गन्ना विभाग ने जरूरी जानक. ारी तलब की।

भाकियू अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष पवन हूण गुर्जर ने सिंभावली और ब्रजनाथपुर चीनी मिल प्रबंधन पर चीनी की बिक्री में बड़ी घपलेबाजी करने का आरोप लगाकर जांच और कार्रवाई की मांग उठाई थी। जिसके उपरांत हापुड़ के भाजपा विधायक विजयपाल आढ़ती द्वारा इस संबंध में उठाए गए सवाल को प्रदेश के गन्ना एवं चीनी मिल मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण ने बड़ी प्रमुखता से लिया है। जिन्होंने प्रमुख सचिव चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास को संबंधित प्रकरण की बारीकी से जांच कराकर रिपोर्ट प्रेषित करने का आदेश दिया था। इसी क्रम में मेरठ मंडल के उप गन्ना आयुक्त राजेश मिश्र ने सिंभावली और ब्रजनाथपुर चीनी मिल प्रबंधन को पत्र भेजकर जरूरी जानकारी मुहैया कराने का निर्देश दिया है। जिन बिंदुओं पर जानकारी मांगी गई है, उनमें 71 हजार कुंतल चीनी की बिक्री निर्धारित रेट से तीन सौ रुपये कम दाम में बेचने से जुड़ी टेंडर प्रकाशित करने की तिथि एवं माध्यम, एजेंट मोहन लाल सुभाष चंद की फर्म को अगर ब्लैक लिस्ट किया गया है तो उसके अभिलेख, बिक्री की गई चीनी के बिलों की प्रति, उक्त चीनी बिक्री के लिए जिन फर्मों से संपर्क किया गया उनकी सूची तलब की गई है। इस प्रकरण को भाकियू द्वारा उठाए जाने पर मिल प्रबंधन ने नोएडा ऑफिस में बैठक कर पिछले साल से जुड़ी 71 हजार कुंतल चीनी में नमी की मात्रा अधिक होने का हवाला देते हुए तीनसौ रुपये कम रेट में बिक्री करने का स्पष्टीकरण दिया था। परंतु अब हापुड़ विधायक द्वारा इस मामले को उठाए जाने पर गन्ना मंत्री द्वारा जांच और कार्रवाई का निर्देश दिए जाने पर गन्ना विभाग पूरी तरह हरकत में आ गया है।

# दहेज के लिए उत्पीड़न कर घर से निकालने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला को पति समेत ससुराल पक्ष के छह लोगों ने पिटाई कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

गाजियाबाद के मुकीमपुर निवासी रुमा ने बताया कि उसकी शादी सिंभावली के गांव फुल्डेहरा निवासी घनश्याम से हुई थी। शादी में दिए गए दान दहेज से ससुराल पक्ष के लोग खुश नहीं हुए। आए दिन उसके पति समेत अन्य ससुराल पक्ष उसका उत्पीड़न करने लगे। पीड़िता उने बताया कि पिछले दिनों उसके पति, सास, ससुर, ननद ने उसको पिटाई कर घर से निकाल दिया। तभी से वह अपने मायके में पिता के घर रह रही है। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# अवैध रूप से पेड़ कटाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली थाना क्षेत्र के गांव बंगोली निवासी विकास कुमार ने बताया कि उनके गांव में स्थित श्मशान की भूमि पर खड़े पेड़ों को कटान के लिए वन विभाग से मात्र 20 पेड़ों के काटने की अनुमति ली गई थी। लेकिन 20 पेड़ों के काटने के बाद अब वहां पर अवैध रूप से पेड़ों का कटान किया जा रहा है। जो दिन-रात चल रहा है।

विकास कुमार ने बताया कि इस संबंध में जब उच्च अधिकारियों का अवगत कराया तो उन्होंने भी 20 पेड़ों के काटने की अनुभूति होने की बात कही। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि पूर्व में भी सरकारी भूमि से अवैध रूप से पेड़ों को कटान कर बेचा जा चुका है। इसको लेकर ग्रामीणों में भी रोष व्याप्त है। पीड़ित ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं इस संबंध में जिलाधिकारी ने मामले की जांच कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है

# यूपी पुलिस के सिपाही और पत्रकार पर लगे उगाही के आरोप

- महिला ने अधिकारियों से की शिकायत, फर्जी खबर बनाकर झूठे मुकदमे में फंसाने का दिखाते हैं डर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ के ब्रह्मपुरी थाना इलाके में ऐरा गार्डन कॉलोनी में रहने वाले यूपी पुलिस के सिपाही पर गंभीर आरोप लगे हैं। आरोप है कि सिपाही जिसका नाम रियाज है कॉलोनी में अवैध वसूली करता है। इतना ही नहीं आरोप है कि सिपाही एक फर्जी पत्रकार के साथ मिलकर अवैध उगाही का नेटवर्क चलाता है। आरोपियों ने कॉलोनी में बाकायदा एक जन सुनवाई केंद्र खोल रखा है जहां वह सीधे साधे लोगो को गुमराह कर उनकी समस्याओं के निस्तारण के नाम पर उनसे पैसे ऐंठते हैं। आरोपी सिपाही पर कॉलोनी की रहने वाली एक महिला ने मुकदमा दर्ज कराया था जिसके बाद उसे सस्पेंड कर दिया गया था लेकिन आरोपी ने सांठगांठ कर झूठे मेडिकल दस्तावेज आदि प्रस्तुत कर अधिकारियों को गुमराह कर खुद की बहाली करा ली। अब आरोपी सिपाही और कथित पत्रकार मिलकर महिला और उसके परिजनों पर आए दिन झूठे प्रार्थना पत्र अधिकारियों के यहां दिलवाता है। पीड़ित महिला शिकायती पत्र लेकर एसएसपी ऑफिस पहुंची और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लेते हुए कार्रवाई का भरोसा दिया है।

आपको बता दें कि मामला थाना ब्रह्मपुरी क्षेत्र के ऐरा गार्डन कॉलोनी का है। कॉलोनी की रहने वाली एक महिला का आरोप है कि कॉलोनी में ही रहने वाले यूपी पुलिस के सिपाही रियाज द्वारा कॉलोनी के गेट के बाहर लगी गणेश जी एक मूर्ति को खंडित कर दिया गया था जिसका पीड़ित महिला ने विरोध किया था और सिपाही सहित उसकी पत्नी सलमा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था जिसके बाद अधिकारियों ने सिपाही को सस्पेंड कर दिया था। इसी को लेकर आरोपी सिपाही पीड़िता से रंजिश रखता आ रहा है। आरोप है कि सिपाही आये दिन पीड़िता और उसके भाइयों के खिलाफ झूठे प्रार्थना पत्र देता है ताकि पीड़िता अपना मुकदमा वापस ले ले। इतना ही नहीं सिपाही एक फर्जी पत्रकार के साथ मिलकर झूठी खबरें भी चलवाता है और वायरल करता है। आरोप है कि कथाकथित पत्रकार ने बीते दिनों एक स्कूल को लेकर फर्जी खबर भी चलाई थी इसके बाद स्कूल ने सिविल लाइन थाने में तहरीर भी दी थी। वहीं अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लेकर पीड़िता को जांच कर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

## पति के अवैध संबंध की शिकायत लेकर थाने पहुंची महिला ने किया हाई वोल्टेज ड्रामा

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट क्षेत्र में एक मामला सामने आया है जहां एक महिला ने अपने पति के अवैध संबंध को लेकर थाने के बाहर वोल्टेज ड्रामा कर दिया। थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के श्याम नगर की रहने वाली पीड़ित महिला नीगहत ने बताया कि उसके पति उमर का प्रेमिका शीबा पत्नी इजहार तीन बच्चों की मां श्याम नगर शादी महल वाली गली के साथ काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा है। गुरुवार को समय करीब दोपहर को महिला पति की प्रेमिका के घर पहुंची। प्रेमिका के पति ने महिला के साथ मारपीट कर दी और प्रेमिका ने पीड़ित महिला को जान से मारने की धमकी दी। जिसको लेकर पीड़ित महिला शिकायत लेकर थाने पहुंची और गिरफ्तारी मांग करने लगी। पीड़ित महिला ने प्रेमिका और और उसके पति को लेकर थाने के बाहर हाई वोल्टेज ड्रामा कर हंगामा कर दिया। हंगामा देख पुलिस महकमे में में हड़कंप मच गया। पुलिस ने किसी तरह महिला को शांत कराया। तहरीर लेकर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय ने आज होने वाली सभी परीक्षाएं की स्थगित

- गुरुवार देर शाम परीक्षा नियंत्रक ने जारी किया प्रेस नोट, परीक्षार्थी हुए परेशान




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय की 9 मई की परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। नई तिथि जल्द घोषित होगी। गुरुवार को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय द्वारा एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए 9 मई 2025 को प्रस्तावित सभी परास्नातक एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि यह निर्णय कुलपति के निर्देशानुसार लिया गया है। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 9 मई को आयोजित होने वाली सभी परीक्षाएं अपरिहार्य कारणों के चलते फिलहाल स्थगित की जा रही हैं। इन परीक्षाओं की नई तिथि की घोषणा विश्वविद्यालय द्वारा शीघ्र की जाएगी। परीक्षा नियंत्रक ने विद्यार्थियों से अपील की है कि वे विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट एवं सूचना पट पर नजर बनाए रखें ताकि उन्हें नई तारीख की जानकारी समय पर मिल सके। यह सूचना सभी संबद्ध महाविद्यालयों एवं संस्थानों को भेज दी गई है और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे विद्यार्थियों को इस सूचना की जानकारी समय रहते दें।

वहीं 9 मई को आयोजित होने वाली परीक्षाओं के स्थगित होने की सूचना से अन्य परीक्षार्थियों में भी असमंजस की स्थिति देखी गई, जिसके सम्बद्ध कॉलेज द्वारा सूचना के माध्यम से भी स्पष्ट किया गया।

# नगर आयुक्त ने चौका लगाकर किया क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल एकेडमी में 14 वें ऑल इंडिया अरुण सिंह (अन्ना) मेमोरियल टूर्नामेंट 2025 का शुभारंभ मुख्य अतिथि सिटी कमिश्नर सौरव गंगवार द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य, डॉ. कर्मेंद्र सिंह व स्कूल ट्रस्टी सरदार यशकरण सिंह सलवान ने मुख्य अतिथि का स्वागत बुके व मोमेंटो देकर किया। टूर्नामेंट का शुभारंभ नगर आयुक्त द्वारा बल्लेबाजी करके किया गया तथा उन्होंने पहली गेंद पर चौका लगा कर सभी को चौंका भी दिया। इस टूर्नामेंट में 6 टीमें प्रतिभाग कर रही है जिसमें पहला मैच गुरु तेग बहादुर और ऋषभ एकेडमी के बीच में प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में पंडित आनंद कश्यप, अंकुश त्यागी, उज्ज्वल वत्स, रोहित कुमार व सुशील चौधरी आदि ने उपस्थित होकर बच्चों का हौंसला बढ़ाया व उनकी खेल के प्रति रुचि की सराहना भी की।





# निगम व जिला पंचायत पर भूमाफियाओं से सांठगांठ का आरोप

- पार्षदों ने की नौचंदी मेले की भूमि से अवैध निर्माण हटाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय लोकदल के नेता ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। जिसमें ऐतिहासिक नौचंदी मेले में होने वाले अवैध निर्माण और भूमाफियाओं की शिकायत की गई है। आरोप है कि भूमाफियाओं के हौसले निगम और जिला पंचायत की नाकामी की वजह से बुलंद हैं।

अब्दुल गफ्फार ने बताया है कि उत्तर प्रदेश की क्रांतिधरा सरजमी मेरठ में मेला नौचंदी 352 साल से लगता आ रहा है जिसकी शुरुआत 1672 ई. में पशु मेले के रूप में हुई थी जो कि पिछली कई सदियों से आपसी भाईचारा एवं सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल बना हुआ है और अब वर्तमान में मेले को प्रांतीय मेले का दर्जा भी मिल गया है। रखरखाव के लिए मेला अधिनियम भी बना हुआ है। मेले का संचालन एक-एक वर्ष अनुसार मेरठ नगर निगम और जिला पंचायत मेरठ करती है। मेला संचालन का जिम्मा संभाल रही दोनों संस्थाएं अपने आप में सक्षम एवं शक्तिशाली संस्थाएं हैं। मेला संचालन एवं रखरखाव के लिए इन संस्थाओं को स्थानीय जिला प्रशासन एवं पुलिस का भी पूरा सहयोग मिलता है। इसके बावजूद मेला नौचंदी ग्राउण्ड में अवैध निर्माण की बाढ़ सी आ गयी है।



सर्कस ग्राउण्ड सहित भूमाफिया और अवैध कारोबार करने वाले लोग मेला परिसर में स्थित भूमि पर कब्जा करके अवैध निर्माण बनाकर मेला भूमि का खुलेआम प्रयोग कर रहें है। उन्होंने आरोप लगाया है कि उन भूमाफियाओं को नगर निगम और जिला पंचायत के कुछ कर्मचारियों व अधिकारियों का भी संरक्षण मिला हुआ है जिस कारण इन कब्जाधारियों व अवैध निर्माणकर्ताओं के हौसले बुलंद हैं। इस दौरान पार्षद फजल करीम, पार्षद रिजवान अंसारी, पार्षद महसल, पार्षद अफजल, पार्षद पंकज गोयल, पार्षद शाहिद अंसारी आदि उपस्थित रहे।

### किसी भी विभाग को निर्माण कार्य करने के बाद बैक डेट में एनओसी न दी जाए: सर्वदलीय पार्षद दल

सर्वदलीय पार्षद दल के सदस्यों ने गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी को एक पत्र दिया है जिसमें नगर निगम क्षेत्र में निगम निर्माण विभाग से एनओसी लिए बिना विभागों द्वारा निर्माण कार्य कराए जाने व बैक डेट में एनओसी देने पर आपत्ति दर्ज की है। पार्षदों ने बताया कि नगर निगम से जो निर्माण कार्यों के टेंडर अचानक निकलते हैं उन कार्यों को करने के लिए कई विभाग नगर निगम निर्माण विभाग से एनओसी लिए बिना ही शुरू कर देते हैं। उन कार्यो को निरस्त करने अथवा स्थल परिवर्तन के अलावा नगर निगम पर कोई चारा नहीं बचता जिस कारण नगर निगम के विकास कार्य में विलंब पैदा होता है। शिकायत करने के बावजूद भी नगर निगम निर्माण विभाग बैक डेट में साठगांठ कर एनओसी दे देता है। मांग है कि निर्माण विभाग किसी भी कार्य के निर्माण से पहले ही एनओसी दे अन्यथा निर्माण पूरा होने के बाद बैक डेट में एनओसी ना दे।

## स्टैंडर्ड राइटिंग कंपटीशन का हुआ आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरू तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड गाजियाबाद शाखा की ओर से ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें बीआईएस विभाग से आए हुए रिसोर्स पर्सन सुचि दिवेदी ने छात्र-छात्राओं को भारतीय मानक ब्यूरो के बारे में जानकारी दी। साथ ही किस तरह से मानक तय किए जाते हैं और किस तरह से मानक की जांच करनी चाहिए इसके बारे में बताया। बाद में विद्यालय स्टैंडर्ड क्लब के मैंम्बर्स के लिए एक स्टैंडर्ड राइटिंग कांपटीशन का भी आयोजन किया। तथा बच्चों को प्रैशर कुकर के मानकों को बताने का टास्क दिया गया जिसको सभी बच्चों ने भली भांति पूर्ण किया। जिसमें पहला नगद पुरस्कार आस्था साहनी एवं वानिया खान दूसरा पुरस्कार सयोन पॉल एवं आर्या वर्मा व तीसरा नगद पुरस्कार प्राप्त करने वाली टीम हर्षल खन्ना एवं प्रितेश सामांता की रही। बाकी बचे हुए टीम मैंम्बर्स को भी नगद राशि सांत्वना पुरस्कार स्वरूप दी गई। कार्यक्रम का आयोजन बीआईएस टीम की मैंटोर पूजा मेहता एवं शीरी द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. कर्मेन्द्र सिंह ने रिसोर्स पर्सन का धन्यवाद किया तथा सभी बच्चों की कार्यकुशलता की सराहना की एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सिविल वर्दी में पुलिसकर्मी का बाइक सवार युवक को पीटते वीडियो वायरल

- पुलिस के सामने एक युवक ने भी की बाइक सवारों से मारपीट
- वायरल वीडियो की जांच में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सिविल वर्दी में पुलिसकर्मियों का युवक को पीटते हुए वीडियो वायरल हुआ है। बाइक सवार दो युवकों को सादी वर्दी में मौजूद पुलिसकर्मी पीट रहा है और इस दौरान बाइक सवार अन्य युवक भी बाइक सवरों को बुरी तरह पीट रहे हैं। वायरल वीडियो के बाद थाना लिसाड़ी गेट पुलिस हरकत में आ गई है। मामला समर गार्डन इलाके का बताया जा रहा है और यह वीडियो लगातार क्षेत्र में तेजी से वायरल हो रहा है। पुलिसकर्मियों के साथ समर गार्डन का एक स्थानीय युवक भी



शामिल है। वह भी बाइक सवार युवक की पिटाई कर रहा है। जानकारी के मुताबिक पीड़ित युवक ने अपने घर के पास चल रहे देह व्यापार की शिकायत की थी। इससे नाराज होकर लोहिया नगर थाने के पुलिसकर्मी सिविल कपड़ों में वहां पहुंचे और युवक की पिटाई कर दी। सिविल वर्दी में पुलिसकर्मी का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस के अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लिया है। थाना पुलिस वायरल वीडियो की जानकारी से इनकार कर रही है। हालांकि वरिष्ठ अधिकारियों ने वीडियो की जांच करवाने और दोषी पुलिसकर्मियों व उनके साथी युवक के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

जानकारी के अनुसार पुलिसकर्मी देह व्यापार की सूचना से नाराज था। जहां पर देह व्यापार चल रहा था उसकी सारी सूचना पुलिसकर्मी को थी और इसके बदले देह व्यापार करने वाले पुलिसकर्मी की खातिरदारी करते रहते थे जिसकी वजह से पुलिसकर्मियों ने शिकायत करने वाले की पिटाई कर दी। इस दौरान अन्य युवक भी जमकर मारपीट करने लगे। थाना लिसाड़ी गेट में जिस तरीके से पुलिस की घटना सामने आई है उससे एक बात तो साबित हो गई है कि पुलिस अधिकारियों की कार्यप्रणाली को लेकर डीआईजी रेंज कलानिधि नैथानी जितनी मेहनत कर रहे हैं और पुलिस को सुधारने के लिए जितना प्रयास कर रहे हैं उनकी मेहनत पर थाना लिसाड़ी गेट की पुलिस पानी फेर रही है। अब देखना है कि वायरल वीडियो के बाद आरोपी पुलिस कर्मी के खिलाफ क्या कार्रवाई होती है।

# महाराणा प्रताप की जंयती पर रेंज में निकलेंगी 34 शोभायात्रा

- डीआईजी रेंज कला. निधि नैथानी ने दिए सुरक्षा के कड़े निर्देश
- पांच एएसपी, 21 सीओ व 57 निरीक्षक के साथ अन्य पुलिसकर्मियों की रहेगी पैनी नजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आज यानी शुक्रवार को आयोजित होने वाली महाराणा प्रताप की जयंती को लेकर मेरठ रेंज के डीआईजी कलानिधि नैथानी ने रेंज के सभी पुलिस अधिकारियों को मुस्तैद रहने के लिए कहा है डीआईजी कला निधि ने बताया कि महाराणा प्रताप की जयंती को लेकर कल 34 शोभायात्रा रेंज के क्षेत्र में निकलेंगी जिसमें से मेरठ में 4, बुलन्दशहर में 24 एवं हापुड़ में 6 कुल 34 शोभायात्रा होना प्रस्तावित है जिनको सकुशल संपन्न कराये जाने के लिए परिक्षेत्र की सभी जनपदीय पुलिस द्वारा पीस कमेटी धर्मगुरु शांति समिति संभ्रान्त व्यक्तियो के साथ 103 अन्य विभाग जैसे नगर निगम, स्वास्थ्य, विद्युत आदि के साथ 81 एवं आयोजको संयोजको के साथ 70 गोष्ठीयां आयोजित कर ली गई है, साथ ही साथ कानून व्यवस्था को देखते हुए 5 अपर पुलिस अधीक्षक, 21 सीओ, 57 निरीक्षक, 170 उ.नि., 250 मु.आ., 340 आरक्षी, 150 होमगार्ड पीआरडी एवं 2 कम्पनी पीएसी की ड्यूटी लगाई गई है। इस दौरान राजपत्रित अधिकारी द्वारा शोभायात्रा रुट का भ्रमण कर रुटचार्ट तैयार करा लिया जाये साथ ही यह सुनिश्चित कर लिया जाये कि सभी कार्यक्रम परम्परागत हैं। पूर्व के वर्षो में जिन स्थानो पर जातिगत संघर्ष रहा है या अभियोग पंजीकृत हुआ है उन स्थानो को चिन्हित कर विशेष सतर्कता बरती जाए, साथ ही साथ सोशल मीडिया पर भी पुलिस प्रशासन नजर बनाए हुए हैं।



# भाकियू की 44वीं ग्राम संवाद बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम बहलोलपुर में गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन की 44वीं ग्राम संवाद बैठक का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के किसानों ने भाग लिया। युवा प्रदेश उपाध्यक्ष एकलव्य सिंह सहारा ने बैठक में किसान हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई।

बैठक में सामाजिक सौहार्द्र का संदेश देते हुए एकलव्य सिंह सहारा ने स्पष्ट रूप से कहा कि पूरा देश एकजुट है, किसी को भी फूट डालने वाली हरकत नहीं करनी चाहिए। देश के दुश्मनों के खिलाफ हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई पूरी ताकत के साथ एकजुट हैं यही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि गांव-गांव जाकर सामाजिक समरसता और किसान अधिकारों के लिए जनजागरण अभियान चलाया जाएगा, ताकि देश की एकता और अखंडता को मजबूती मिल सके। देश में एकता का बड़ा उदाहरण ऑपरेशन सिंदूर में देखने को मिला, जिसमें सभी ने मिलकर अपना योगदान दिया। एयर चीफ मार्शल सरदार अमर प्रीत सिंह व व्योमिका सिंह और कर्नल सोफिया कुरैशी ने दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दिया। किसान और जवान की कोई जाति या बिरादरी नहीं होती भारतीय किसान यूनियन पूरे देश के साथ भारतीय सेना के प्रति गर्व करती है। पाकिस्तान की कायराना गोलीबारी में शहीद हुए हमारे पांच वीर जवानों को संगठन की ओर से भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई।



बैठक के अंत में वक्ताओं ने अपील करते हुए कहा की सभी किसान भारत सरकार और प्रशासनिक अधिकारियों का सहयोग करें तथा भाकियू केंद्रीय कार्यालय के निर्देशानुसार किसी भी प्रकार के धरना या आंदोलन से बचें। किसानों को संगठित कर कृषि के प्रति जागरूक किया जाए तथा तनावपूर्ण माहौल में भाईचारा बना कर रखें। बैठक में वरिष्ठ किसान नेताओं और युवाओं की संगठन की नीतियों को गांव- गांव तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन आलोक बस्सी तथा अध्यक्षता गुरजीत बस्सी ने की। इस मौके पर मंडल सचिव राजीव गुर्जर, शोकिन प्रधान, नासिर प्रधान, अमित चौधरी, विपिन चट्ड़ा, दीपक त्यागी, शफीक अहमद, मनोज, संदीप, राहुल, बब्बू मान, लविक, अरुण, अनुराग मान, निगम बस्सी, गोलू बस्सी, अर्पण पुनिया, देवांश पुनिया आदि किसान नेता व ग्रामीण मौजूद रहे।

## ऑन्कोलॉजी ओपीडी सेवाओं की हुई शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरूवार को मेरठ स्थित मैक्स मेडसेंटर में अपनी विशेष रेडिएशन ऑन्कोलॉजी ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की। इस अवसर पर रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग के प्रिंसिपल डायरेक्टर डॉ. संदीप अग्रवाल उपस्थित रहे। वह अब हर गुरुवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक मैक्स मेडसेंटर मेरठ में मरीजों को परामर्श देंगे। सेवाओं के शुभारंभ के अवसर पर रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग के प्रिंसिपल डायरेक्टर डॉ. संदीप अग्रवाल ने कहा कि कैंसर से पीड़ित मरीजों की स्थिति अक्सर देरी से निदान, जागरूकता की कमी और स्वास्थ्य सेवाओं तक सीमित पहुंच के कारण गंभीर हो जाती है। हालांकि, न्यूक्लियर मेडिसिन और पीईटी सीटी जैसी अत्याधुनिक कैंसर डायग्नोस्टिक तकनीकों से यदि समय रहते कैंसर का पता लगाया जाए, तो सफल इलाज की संभावना कई गुना बढ़ जाती है।

# पति पर अवैध संबंध बनवाने का आरोप, विरोध के बाद मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ब्रह्मपुरी क्षेत्र में अवैध संबंधों का विरोध और तीन हजार रुपए की मांग पूरी न होने पर पति ने विवाहिता को धारदार हथियार से घायल कर दिया। घायल अवस्था में थाने पुलिस विवाहिता ने पति की शिकायत की है। श्यामनगर की रहने वाली शालू का निकाह सात साल पहले रशीद नगर के रहने वाले सरताज के साथ हुआ था। महिला की दो बेटियां भी हैं। आरोप है कि शालू को पति सरताज आए दिन पैसों की डिमांड करता रहता है और उस पर अवैध संबंध बनवाने को कहता है। शालू ने अपने पति सरताज का विरोध किया तो आरोपी ने उसे पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ वार कर दिए। आरोपी पति सरताज की मारपीट से विवाहिता गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसके बाद आरोपी फरार हो गया। थाना ब्रह्मपुरी प्रभारी रमाकांत पिचोरिया ने बताया कि आरोपी पति की तलाश शुरू कर दी है।





# 'ऑपरेशन सिंदूर' के सम्मान में राष्ट्रगान बजा

**● महेन्द्र सिंह धोनी सबसे ज्यादा शिकार करने वाले विकेटकीपर, ब्रेविस ने 1 ओवर में 30 रन बनाए**

**कोलकाता, वार्ता।** आईपीएल के 57वें मैच में बुधवार को चेन्नई सुपर किंग्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को हरा दिया। मुकाबला शुरू होने से पहले भारतीय सेना के आपरेशन सिंदूर के सम्मान में राष्ट्रगान बजा।

नूर अहमद ने 1 ओवर में 2 विकेट लिए। वहीं डेवाल्ड ब्रेविस ने वैभव अरोड़ा के ओवर में 30 रन बना दिए। चेन्नई के कप्तान एमएस धोनी ने बतौर विकेटकीपर आईपीएल में 200 शिकार पूरे कर लिए। उन्होंने कोलकाता के खिलाफ 1 कैच लिया और 1 स्टंपिंग की। धोनी आईपीएल में 200 शिकार करने वाले पहले विकेटकीपर बने। उनके नाम सबसे ज्यादा 153 कैच और 47 स्टंपिंग रही। कोलकाता के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने आईपीएल में अपने 5 हजार रन पूरे कर लिए। रहाणे ने चेन्नई के खिलाफ 48 रन बनाए। इसी के साथ उनके 5 हजार रन पूरे हो गए। उनके अब 197 मैच में 5017 रन हो गए। वे आईपीएल में 5 हजार रन बनाने वाले 9वें ही खिलाड़ी बने।

रवींद्र जडेजा ने कोलकाता के खिलाफ 1 विकेट लिया। इसी के साथ उनके आईपीएल में सीएसके के लिए 141 विकेट हो गए। वे चेन्नई के टॉप विकेट टेकर बन गए। उन्होंने ड्वेन ब्रावो का रिकार्ड तोड़ा, जिनके नाम 140 विकेट हैं। भारतीय सेना के आपरेशन सिंदूर के सम्मान में मैच से पहले राष्ट्रगान बजा। आईपीएल में मैच से पहले आमतौर पर नेशनल एंथम नहीं बजाया जाता, लेकिन आर्मी के सम्मान में बुधवार को ऐसा किया गया। 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में जब आतंकी हमला हुआ था, तब खिलाड़ियों ने मैच के दौरान काली पट्टी बांधकर विरोध प्रकट किया था। चेन्नई के स्पिनर नूर अहमद ने पारी के 8वें ओवर में 2 विकेट निकाले। उन्होंने पहली गेंद पर सुनील नरेन को विकेटकीपर एमएस धोनी के हाथों स्टंपिंग कराया। फिर चौथी गेंद पर अंगख्रष रघुवंशी को धोनी के ही हाथों काट बिहाइंड भी करा दिया। नूर ने मैच में 4 विकेट लिए। सीएसके के मिडिल आर्डर बैटर डेवाल्ड ब्रेविस ने दूसरी पारी के 11वें ओवर में 30 रन बटोर लिए। उन्होंने वैभव अरोड़ा के खिलाफ ओवर में 3 छक्के और 3 चौके लगाए। आखिरी गेंद पर चौका लगाकर उन्होंने 22 गेंद पर ही अपनी फिफ्टी भी पूरी कर ली। यह ब्रेविस के आईपीएल करियर की पहली ही हाफ सेंचुरी रही।

# रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु प्लेऑफ में अपनी मजबूत पकड़ बनाने उतरेगी

**● लखनऊ पिछली तीन हार को भुलाकर प्लेऑफ के लिए जीत के क्रम में लौटना चाहेगी, लखनऊ 11 मैचों में 5 जीत के साथ तालिका में सातवें स्थान पर है**

**लखनऊ, वार्ता।** लगातार चार जीत और विराट कोहली की शानदार फॉर्म से उत्साहित रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) आईपीएल 2025 के 59वें मैच में शुक्रवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ प्लेऑफ में अपनी पकड़ मजबूत बनाने मैदान में उतरेगी। कल भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी एकाना स्टेडियम में होने वाले इस मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स पिछली तीन हार को भुलाकर प्लेऑफ के लिए जीत के क्रम में लौटना चाहेगी। लखनऊ 11 मैचों में पांच मैचों में जीत के साथ तालिका में दस अंक के साथ सातवें पायदान पर है। टूर्नामेंट में आरस.िबी की बल्लेबाजी शानदार रही है और उसके धाकड़ बल्लेबाज विराट कोहली ने लगातार चार अर्द्धशतक लगाकर बेहतर फार्म में दिख रहे हैं। जैकब बेथेल, टिम डेविड और विस्फोटक रोमारियो शेफर्ड जैसे खिलाड़ियों के दमदार समर्थन के साथ, मेहमान टीम के पास एक गहरी और बेहतरीन बल्लेबाजी क्रम है। ऐसा माना जा रहा है कि आरसीबी की जीत की संभावना लखनऊ से थोड़ी अधिक है और वे लगातार पांचवीं जीत हासिल करके अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचना चाहेंगे। अगर उन्हें इस मुकाबले में जीत हासिल होती है तो उनके प्लेऑफ की उम्मीदें मजबूत होगी। लखनऊ सुपर जायंट्स की हाल के हफ्तों में अभियान की गति कम हुई है। मध्य सत्र में शानदार प्रदर्शन के बाद मेजबान टीम लगातार तीन हार का सामना कर चुकी है। उनका गेंदबाजी आक्रमण विपक्षी बल्लेबाजों को रोकने में विफल रहा है उनके गें.दबाजों ने अधिक रन दिये है तथा स्टार बल्लेबाजी क्रम में निरंतरता की कमी है। लखनऊ टीम की अगुआई कर रहे ;षभ पंत बल्ले से संघर्ष कर रहे हैं इसके अलावा निकोलस पूरन, डेविड मिलर तथा आयुष बदोनी जैसे खिलाड़ी अच्छी शुरुआत को मैच विजयी योगदान में बदलने में विफल रहे हैं। गेंदबाजी के मोर्चे पर आवेश खान और मयंक यादव महंगे रहे हैं, जबकि दिग्वेश लसह राठी ने कभी-कभार विकेट लेने के बावजूद उनकी एकरूपता कमी देखी गई है। वहीं आरसीबी की गेंदबाजी इकाई अधिक संतुलित दिखाई देती है। जॉश हेजलवुड की जगह लेने वाले लुंगी एनगिडी ने अपने पिछले मैच में तीन विकेट लेकर प्रभावित किया। अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार और स्पिनर क्रुणाल पांड्या बीच के ओवरों में रनों पर रोक लगाने और विकेट लेने में कामयाब रहे हैं। इस सीजन में पहली पारी का औसत स्कोर 175 रहा है और यहां की पिच ने बल्ले और गेंद के बीच संतुलित मुकाबला पेश किया है। पहले गेंदबाजी करने वाली टीमों को अधिक सफलता मिली है, उन्होंने इस स्थल पर खेले गए पांच मैचों में से चार में जीत हासिल की है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### रावलपिंडी में होने वाला पीसीएल मैच रद्द

**रावलपिंडी, वार्ता।** भारत के ड्रोन अटैक के बाद रावलपिंडी में गुरुवार को कराची किंग्स और पेशवार जलमी के बीच होने वाला मैच कैंसिल कर दिया गया है। न्यूज एजेंसी आईएएनएस ने एक पूर्व क्रिकेटर के हवाले से लिखा कि विदेशी खिलाड़ी गहरे सदमे में हैं। कई खिलाड़ी अब जल्द से जल्द देश छोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। एजेंसी ने लिखा कि पाक क्रिकेट बोर्ड के अधिकारियों ने पीसीएल के बचे हुए मैच कराची, दोहा और दुबई में शिफ्ट करने की सलाह दी है। पीसीबी सरकार से सलाह-मशविरा करने के बाद कोई फैसला लेगा। आपरेशन सिंदूर के तहत जवाबी कार्रवाई में भारत का एक ड्रोन रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में गिरा, इससे स्टेडियम के क्षतिग्रस्त हो गया है, हालांकि पाक सरकार ने इसे आसमानी बिजली बताया है। रात 8:30 बजे से होना था कराची-पेशेवार मैच कराची किंग्स और पेशवार जलमी के बीच का मुकाबला रात 8:30 बजे खेला जाना था। कराची की टीम पाइंट्स टेबल के दूसरे स्थान पर है। जबकि पेशेवर की टीम 5वें स्थान पर है।

### खेलो इंडिया यूथ गेम्स से जुड़ना गर्व की बात: पंकज

**मुंबई, वार्ता।** बॉलीवुड के जानेमाने चरित्र अभिनेता पंकज त्रिपाठी का कहना है कि यह उनके लिए बड़े गर्व की बात है कि वह अपने राज्य बिहार में हो रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स से जुड़े हैं। मशहूर अभिनेता और बिहार का गर्व, पंकज त्रिपाठी, अब खेलो इंडिया यूथ गेम्स से जुड़ गए हैं। यह बिहार में आयोजित होने वाला अब तक का सबसे बड़ा खेल आयोजन है, जिसमें देशभर से खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। हाल ही में हुये उद्घाटन समारोह को उसकी भव्यता के लिए सराहा गया है और पंकज त्रिपाठी को बिहार का प्रेरणास्त्रोत चेहरा बनाकर आमंत्रित किया गया है। बिहार में हो रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स को जबरदस्त समर्थन मिल रहा है और यह राज्य का अब तक का सबसे बड़ा खेल महोत्सव बन गया है। देश के कोने-कोने से युवा खिलाड़ी यहां आकर अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं।

# मैंने अभी भविष्य पर कोई निर्णय नहीं लिया: धोनी

**■ आईपीएल से संन्यास की अटकलें लगाई जा रही थीं जुलाई में 44 साल के हो जाएगें**

**मुंबई, वार्ता।** एमएस धोनी ने बुधवार को सीएसके और केकेआर मैच के बाद कोलकाता में साफ कर दिया कि उनका अभी आईपीएल से संन्यास लेना तय नहीं है और समय के साथ इस बारे में फैसला करेंगे। इस सीजन के खत्म होने के बाद उनकी संन्यास की अटकलें लगाई जा रही थीं। धोनी ने मैच के बाद कहा, यही वह प्यार और स्नेह है जो मुझे हमेशा मिलता रहा है। यह मत भूलिए कि मैं 43 साल का हूं। मैं लंबे समय तक खेला हूं। उनमें से बहुतों को नहीं पता कि मेरा आखिरी मैच कब होगा (मुस्कुराते हुए) इसलिए वे आकर मुझे खेलते हुए देखना चाहते हैं।

उन्होंने आगे कहा, मैं साल में केवल दो महीने ही खेलता हूं। जब यह आईपीएल खत्म होगा, तो मुझे फिर से छह से आठ महीने में कड़ी मेहनत करनी होगी, ताकि मैं देख सकूं कि मेरा शरीर इस तरह का दबाव झेलने के लिए फिट है या नहीं। तो अभी मेरे लिए कुछ तय करने जैसा नहीं है, लेकिन जहां भी मैं गया हूं, वहां मुझे प्यार और अपनापन मिला है। सीएसके ने केकेआर को 2 विकेट से हराया इस मैच में सीएसके ने केकेआर को 2 विकेट से हराया। केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट के नुकसान पर 179 रन बनाए थे। चेन्नई ने 2 गेंद शेष रहते ही 8 विकेट के नुकसान पर 183 रन बना लिए। धोनी ने इस मैच में नाबाद 17 रन बनाकर चेन्नई को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

धोनी की फिटनेस को लेकर फ्लेमिंग ने दिया था बयान चेन्नई सुपर किंग्स के हेड कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने धोनी की फिटनेस को लेकर लगातार 2 हार के बाद अपडेट दिया था। उन्होंने बताया कि धोनी के घुटने पहले जैसे नहीं रहे और इसी वजह से वे 10 ओवर तक लगातार भाग कर बल्लेबाजी नहीं कर सकते हैं। इसी कारण मुकाबले के अनुसार उनकी बैटिंग पोजिशन का फैसला किया जाता है। धोनी आईपीएल में 200 शिकार करने वाले पहले विकेटकीपर चेन्नई के कप्तान एमएस धोनी ने बतौर विकेटकीपर आईपीएल में 200 शिकार पूरे कर लिए। उन्होंने कोलकाता के खिलाफ 1 कैच लिया और 1 स्टंपिंग की। धोनी आईपीएल में 200 शिकार करने वाले पहले विकेटकीपर बने। उनके नाम सबसे ज्यादा 153 कैच और 47 स्टंपिंग रही। 2026 को ध्यान में रख कर युवाओं को दे रहे हैं मौका सीएसके प्लेआफ से बाहर हो चुका है। धोनी ने कहा कि अभी युवाओं को परखने का अच्छा समय है। सीएसके इस सीजन के अपने आखिरी कुछ मैचों का उपयोग आईपीएल 2026 के लिए तैयारी करने के लिए कर रहा है। धोनी ने कहा कि ये वे खिलाड़ी हैं जो अभी हमारे साथ हैं। इसलिए हमारे पास उन्हें परखने का मौका है। आप उन्हें नेट्स में देख सकते हैं। आप उन्हें अभ्यास मैच में देख सकते हैं लेकिन असली मैच जैसा कुछ नहीं है। हम टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं। हमारे पास तीन गेम बचे हुए थे, ऐसे में हम उन्हें मौका देकर परखना चाहते हैं।



# एम्मा राडुकानू व कैमरन नोरी इटालियन ओपन में दूसरे दौर में

**■ पुरुष वर्ग में नोरी ने क्रिस्टोफर को सीधे सेटों में 6-3, 6-2 से हराया**

**रोम, वार्ता।** ब्रिटेन की एम्मा राडुकानू और पुरुष वर्ग में हमवतन कैमरन नोरी ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर इटालियन ओपन के दूसरे दौर में जगह बना ली है। वहीं केटी बौल्टर को हार का सामना करना पड़ा। तीन साल के बाद पहली बार टूर्नामेंट में भाग लेने वाली राडुकानू ने बुधवार को खेले गये मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया की माया जॉइंट के खिलाफ 7-5 6-7 (1-7) 6-3 से जीत दर्ज की। इस बीच ब्रिटेन की 28 वर्षीय केटी बौल्टर रूस की अनास्तासिया पावलुचेनकोवा से 3-6, 3-6 से हार गई। वहीं पुरुष वर्ग में नोरी ने क्रिस्टोफर ओ' कॉनेल को सीधे सेटों में 6-3 6-2 हराकर दूसरा दौर में अपना स्थान पक्का किया। 29 वर्षीय खिलाड़ी ने 76 मिनट के मैच में ओ' कोनेल के खिलाफ सिर्फ पांच गेम गंवाए।

# ट्रैक साइक्लिंग में झारखंड व राजस्थान ने जीते स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली, वार्ता।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 की ट्रैक साइक्लिंग स्पर्धाओं गुरुवार को झारखंड की लड़कियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। वहीं लड़कों के वर्ग में राजस्थान चैंपियन बना। बिहार की लड़कियों ने भी कड़ी टक्कर दी और तीसरा स्थान हासिल किया। लड़कियों की श्रेणी में झारखंड ने दो स्वर्ण और एक कांस्य मेडल के साथ कुल 16 अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। इस जीत में सबसे अहम योगदान टीम स्प्रिंट स्पर्धा में आए एक स्वर्ण पदक का रहा, जिससे टीम को सीधे 10 अंक प्राप्त हुए। राजस्थान ने तीन स्वर्ण पदक हासिल कर 15 अंक के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं बिहार ने दो रजत और एक कांस्य के जरिए 10 अंक जुटाकर तीसरी पायदान पर जगह बनाई। तीसरा स्थान प्राप्त करने में अहम योगदान टीम स्प्रिंट में आए एक रजत पदक का रहा।

## चोटिल नितीश राणा की जगह लुआन-ड्रे प्रिटोरियस हुए आरआर में शामिल

**जयपुर, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के लुआन-ड्रे प्रीटोरियस को चोटिल नितीश राणा की जगह राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल 2025 के अपने दल में शामिल किया है। विकेटकीपर बल्लेबाज प्रिटोरियस को 30 लाख रुपये के बेस प्राइस पर टीम में जगह दी गई। 19 वर्षीय प्रिटोरियस ने अभी तक अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में पर्दापण नहीं किया है, लेकिन उन्होंने इस वर्ष के एसए-20 लीग के दौरान 12 मैचों में 166-80 की स्ट्राइक रेट के साथ सर्वाधिक 397 रन बनाए थे। पिछले वर्ष प्रिटोरियस अंडर-19 विश्वकप में द. अफ्रीका की ओर से सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज थे।

# टेस्ट में फ्लाप रोहित के लिए विश्व कप आखिरी लक्ष्य

**न्यूजीलैंड-ऑस्ट्रेलिया से हार के बाद रेड बॉल से लिया संन्यास, उतार-चढाव भरा रहा करियर**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत को 2 आईसीसी ट्राफी जिता चुके रोहित शर्मा ने बुधवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया। उन्होंने शाम 7.30 बजे अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर रिटायरमेंट की जानकारी दी।

रोहित वनडे और टी-20 में तो बतौर प्लेयर और कप्तान बेहतरीन रहे, लेकिन रेड बाल में उस कामयाबी को दोहरा नहीं सके। 11 साल के टेस्ट करियर में रोहित ने 67 टेस्ट खेले और 12 शतक लगाकर 4301 रन बनाए। उनकी कप्तानी में टीम ने 50प्रतिशत टेस्ट जीते, लेकिन होमग्राउंड पर न्यूजीलैंड के खिलाफ इतिहास में पहली हार झेलनी पड़ गई। आस्ट्रेलिया से भी 10 साल बाद सीरीज में हार मिली, जिस कारण टीम वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप के फाइनल में नहीं पहुंच सकी। 2007 में भारत के लिए वनडे और टी-20 डेब्यू करने



वाले रोहित शर्मा को टेस्ट डेब्यू के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। 2010 में आखिरकार उन्हें साउथ अफ्रीका के खिलाफ नागपुर टेस्ट में मौका मिला, लेकिन मैच से ठीक पहले उन्हें एंकल इंजरी हो गई। जिस कारण उनका इंतजार और भी ज्यादा बढ़ गया। इंटरनेशनल डेब्यू के 6 साल बाद 2013 में आखिरकार रोहित को फिर टेस्ट स्क्वाड में जगह मिली। इस बार मौका क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर के करियर की आखिरी सीरीज में मिला। वेस्टइंडीज के खिलाफ 6 नवंबर 2013 को रोहित ने डेब्यू किया। कोलकाता के ईडन गार्डन्स में उन्हें नंबर-6 पर बैटिंग करने का मौका मिला। रोहित ने अपने पहले ही टेस्ट में भारत को मुश्किल स्थिति से निकाला।

## लाल गेंद से 'हिटमैन' का सफर शानदार रहा: BCCI

**मुंबई, वार्ता।** क्रिकेट में मध्यक्रम से लेकर भारत के सबसे बेहतरीन टेस्ट ओपनर तक रोहित शर्मा का लाल गेंद का सफर शानदार रहा। उन्होंने क्रिकेट के हर प्रारूप में टीम का नेतृत्व कर अपनी क्षमता का लौहा मनवाया।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को रोहित शर्मा को 'शानदार और प्रेरणादायक' टेस्ट करियर के लिए हार्दिक बधाई दी। जबकि वह अंतर्राष्ट्रीय खेल में सबसे लंबे और सबसे छोटे प्रारूपों से संन्यास ले चुके हैं, लेकिन वह एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारतीय क्रिकेट की सेवा करना जारी रखेंगे। रोहित टेस्ट और टी-20 क्रिकेट से संन्यास ले चुके है। रोहित ने न केवल 4,301 टेस्ट रन, बल्कि एक ऐसी विरासत तय की जिसने देर से सफल होने के बावजूद और बड़ी सफलता का मतलब फिर से परिभाषित किया। रोहित ने 2013 में पर्दापण करने के बाद टेस्ट टीम में कई साल बिताए। वह इस धारणा से जूझते हुए कि वह केवल सफेद गेंद के विशेषज्ञ हैं। यह 2019 में निर्णायक रूप से बदल गया, जब उन्हें शीर्ष क्रम में पदोन्नत किया गया। इसके बाद जो हुआ वह एक शानदार दौर था जिसमें घरेलू मैदान पर शतक, इंग्लैंड में मास्टरक्लास और ऑस्ट्रेलिया में दमदार प्रदर्शन शामिल थे। रोहित ने 67 टेस्ट मैचों में 40-57 की औसत से 4,301 रन बनाए, इसमें 12 शतक और करियर की 212 रनों की सर्वश्रेष्ठ पारी शामिल हैं। रोहित ने भारतीय टेस्ट टीम के 35वें कप्तान के रूप में 24 मैचों में भारत का नेतृत्व किया।

# वरुण पर 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया



**■ बीसीसीआई ने जुर्माने के साथ एक डिमेरिट पाइंट भी दिया, ब्रेविस को आउट करने के बाद जाने का इशारा किया था**

**मुंबई, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती पर बीसीसीआई ने आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और एक डिमेरिट पाइंट दिया है।

हालांकि, आईपीएल की ओर से जारी किए गए बयान में नहीं बताया गया है कि किस घटना के लिए उन पर करवाई की गई है। बयान में कहा गया है कि वरुण अनुच्छेद 2.5 के तहत लेवल 1 के दोषी हैं। अनुच्छेद 2.5 में बल्लेबाज को उकसाना और इशारा करना शामिल अनुच्छेद 2.5 में किसी खिलाड़ी की ओर से आउट होने पर बल्लेबाज की ओर की गई टिप्पणी, क्रिया या इशारा शामिल है। जिससे आउट होने वाले बल्लेबाज की आक्रामक प्रतिक्रिया भड़कने की संभावना हो। डेवाल्ड ब्रेविस को आउट करने के बाद वरुण ने उन्हें मैदान सो बाहर जाने का इशारा किया था।

माना जा रहा है कि वरुण पर इसी लिए जुर्माना लगा है। वरुण ने डेवाल्ड ब्रे.विस का विकेट लिया दरअसल, केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 179 रन बनाए थे। 180 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी सीएसके की शुरुआत अच्छी नहीं रही। 60 रन पर ही उसके 5 विकेट गिर गए थे। लेकिन, ब्रेविस ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए मैच का रुख बदल दिया। उन्होंने वैभव अरोड़ा के एक ओवर में 30 रन बनाए। ब्रेविस ने 25 गेंदों पर 52 रन बनाए और उनके विकेट ने केकेआर को खेल में वापस ला दिया। उनका विकेट वरुण ने लिया।

# पाक अटैक के बीच दिल्ली-पंजाब IPL मैच रद्द

**धर्मशाला मैदान में पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगे, दर्शकों को बाहर निकाला गया**

**धर्मशाला, वार्ता।** पाकिस्तान के अटैक के बीच धर्मशाला के एचपीसीए मैदान पर पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के मैच को रोक दिया गया है। मैदान की सभी फ्लडलाइट्स बंद हैं और सभी फैंस को बाहर निकाला दिया गया है। मैदान से बाहर निकलते हुए फैंस ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए।

खेल रोके जाने तक पंजाब ने 10.1 ओवर में एक विकेट पर 122 रन बना लिए थे। प्रभसिमरन सिंह और श्रेयस अय्यर नाबाद लौटे। प्रियांश आर्या 70 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें टी नटराजन ने माधव तिवारी के हाथों कैच कराया। पाकिस्तान के अटैक के बीच धर्मशाला मैदान पर चल रहे आईपीएल मैच को रोक दिया गया है। मैदान की सभी फ्लड लाइट्स बंद कर दी गई हैं और फैंस को बाहर निकाला जा रहा है। 11वें ओवर में पंजाब ने पहला विकेट गंवाया। यहां प्रियांश आर्या 70 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें टी नटराजन ने माधव तिवारी के हाथों कैच कराया। पारी के 10वें ओवर में प्रियांश आर्या ने कुलदीप यादव की बाल पर लगातार दो छक्के लगाए। इसी ओवर में प्रभसिमरन सिंह ने भी चौका लगाया।

उन्होंने फिफ्टी पूरी की है। 9वें ओवर में प्रभसिमरन सिंह ने माधव तिवारी के ओवर में लगातार दो चौके लगाए। उन्होंने तीसरी और चौथी बाल को बाउंड्री के पार पहुंचाया। इसी के साथ पंजाब का स्कोर 100 पार पहुंच गया। टीम के ओपनर्स क्रीज पर थे। 7वें ओवर में प्रियांश आर्या ने फिफ्टी पूरी कर ली है।

उन्होंने 25 बाल पर फिफ्टी पूरी की। टॉस जीतकर बैटिंग कर रही पंजाब की टीम ने मजबूत शुरुआत की। टीम ने शुरुआत 6 ओवर में बिना नुकसान के 69 रन बना लिए हैं। टीम के ओपनर्स नाबाद रहे। पंजाब ने चौथे ओवर में 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया। दुष्मंथा चमीरा के ओवर की आखिरी बाल पर प्रियांश आर्या ने चौका लगाते हुए स्कोर 50 पार पहुंचाया।

इसी के साथ दोनों ओपनर्स ने फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली है। मैच का पहला ओवर डाल रहे मिचेल स्टार्क ने 11 रन खर्च किए हैं। प्रियांश आर्या ने उनके ओवर की पहली दो बाल पर लगातार दो चौके लगाए। पंजाब ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी है। पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टास जीतकर बैटिंग चुनी।

टीम ने प्लेइंग-11 में बदलाव नहीं किया। दिल्ली कैपिटल्स ने करुण नायर और विपराज निगम को बाहर किया। समीर रिजवी और माधव तिवारी को मौका मिला।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शुक्रवार, 9 मई 2025

# धारदार-संकल्पबद्ध प्रतिक्रिया

बौखलाहट कहें या पूर्व में ही की गई बड़ा तैयारी आपरेशन सिंदूर के अगले दिन बुधवार-गुरुवार की रात पाकिस्तान ने भारत के 15 से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर हमले की कोशिश की, जिसे भारत ने रूस से मिल एसएस-400 डिफेंस सिस्टम के जरिये नाकाम कर दिया, इतना ही नहीं, जवाबी कार्रवाई में भारत ने पाकिस्तान का एयर डिफेंस सिस्टम ही तबाह कर दिया। बताते चलें कि भारतीय सेना ने पहले ही सीमाओं पर रूस से मिले एसएस-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम को तैनात कर रखा है, जैसे ही पाकिस्तान ने मिसाइलों से हमला किया, इस सिस्टम को एक्टिव कर दिया गया। ज्ञात रहे कि भारत ने बुधवार को भोर से पहले पाकिस्तान और पाकिस्तान -अधिकृत-कश्मीर में नौ जगहों पर सटीक सैन्य हमलों को अंजाम दिया। भारत ने कहा था कि ये हमले आतंकवादियों के प्रशिक्षण में इस्तेमाल होने वाले शिविरों को नष्ट करने तथा पहलगाम में आतंकी हमले के बाद सीमा पार से ऐसे और हमलों को हरोकने के साथ-साथ भयावरोध पैदा करने के लिए हैं। बीते 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकवादियों ने धर्म के आधार पर निशाने चुनकर 26 लोगों की हत्या की थी। इस बार भारत की प्रतिक्रिया ज्यादा धारदार और ज्यादा संकल्पबद्ध रही है। मुरीदके और बहावलपुर पंजाब में हैं, जो पाकिस्तान के शासक अभिजात वर्ग की हृदयस्थली है। यह वर्ग आतंकवाद पर दोहरा खेल खेलता रहा है। पाकिस्तान ने परमाणु भयादोहन की छतरी तले, दशकों से, आतंकवाद का इस्तेमाल भारत के खिलाफ जंग के सस्ते हथियार के रूप में किया है। भारत इसका उपयुक्त जवाब तलाशने की कोशिश करता रहा है। पहले बालाकोट, और अब ऑपरेशन सिंदूर से, यह बात साफ है कि भारत अपने खिलाफ किसी आतंकवादी हमले की स्थिति में आर्थिक और कूटनीतिक उपायों के अलावा, खुली सैन्य प्रतिक्रिया का रास्ता भी अपना सकता है। भारत ने इस बात को भी रेखांकित किया है कि बुधवार को कोई नागरिक, आर्थिक या सैन्य निशाने नहीं थे। पाकिस्तान ने न सिर्फ भारत को निशाना बनाने वाले आतंकवादी पाले हैं, बल्कि पश्चिम के लिए सबसे वांछित आतंकवादी ओसामा बिन लादेन को भी पनाह दी, जबकि उस समय वह आतंकवाद के खिलाफ युद्ध का सहयोगी होने का दावा कर रहा था। पाकिस्तान अलग तरह से व्यवहार करे, इसके लिए उसके चरित्र में तब्दीली लानी होगी। भारत ने अन्य देशों से संपर्क किया है और वैश्विक शक्तियों को पाकिस्तान को जिम्मेदारी के साथ काम करने के लिए मजबूर करने की खातिर अपने पर्याप्त प्रभाव का इस्तेमाल करना चाहिए। जवाबी हमलों के अलावा, पहलगाम मामले में जांच पुरजोर तरीके से जारी रहनी चाहिए और उसे उसके तार्किक अंजाम तक पहुंचाना चाहिए। भारत को पाकिस्तान के टकराव बढ़ाने वाले कदमों पर भी नजर रखनी चाहिए और उसका सैन्य व कूटनीतिक तरीके से जवाब देने के लिए तैयार रहना चाहिए।

## यह लड़ाई हिंदू-मुस्लिम नहीं



भारत सरकार की ओर से आपरेशन सिंदूर पर की गई प्रेस ब्रीफिंग पाकिस्तान और दुनिया के लिए मजबूत संदेश है, प्रेस ब्रीफिंग में विदेश सचिव विक्रांत मिसरी, कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह की मौजूदगी ने साबित कर दिया कि यह लड़ाई हिंदू-मुस्लिम नहीं, बल्कि आतंक के खिलाफ भारत की एकता है, हम युद्ध नहीं चाहते, लेकिन अगर पाकिस्तान उकसाएगा तो भारत तैयार है, रात के ही बजे के बाद ही स्ट्राइक की गई, ताकि नागरिकों को नुकसान न हो, टारगेट सिर्फ आतंकी अड्डे थे, न कि पाक सेना या सरकारी संस्थान, भारत ने 26 बेकसूर नागरिकों की मौत का बदला लेने के लिए सटीक कार्रवाई की, यह अहम है कि फ्रांस, रूस और इजरायल ने भारत के आत्मरक्षा के अधिकार का समर्थन किया है, जबकि चीन ने भी संयम और बातचीत की सलाह दी है।

**शशि थरूर**
**कांग्रेस सांसद**

# क्या किसी की भूख की तस्वीर लेना जरूरी है

## सोशल मीडिया युग में करुणा की कैद

सोशल मीडिया के युग में भलाई और करुणा अब मौन संवेदनाएं नहीं रहीं, वे कैमरे के फ्रेम में क़ैद होती जा रही हैं। आज अधिकांश मदद 'लाइक्स' और 'फॉलोवर्स' के लिए की जाती है, न कि सच्ची इंसानियत से। सहायता अब एक 'कंटेंट' बन चुकी है और ज़रूरतमंद की गरिमा अक्सर इस प्रदर्शन की भेंट चढ़ जाती है। यह लेख हमें आत्मपरीक्षण की ओर ले जाता हैकृक्या हम वाकई मदद कर रहे हैं या बस सोशल मीडिया पर नेकी की तस्वीर गढ़ रहे हैं?

आज का युग 'डिजिटल करुणा' का युग बन चुका है, जहाँ इंसानियत, परोपकार, और सहानुभूति जैसे मूल्य अब मौन संवेदनाओं की बजाय कैमरे की फ्लैश में दर्ज होते हैं। पहले जहां नेकी कर दरिया में डाल की परंपरा जीवित थी, अब वह बदलकर 'नेकी कर, सोशल मीडिया पर डाल' हो चुकी है। इस लेख के माध्यम से हम इसी प्रवृत्ति की साहित्यिक और सामाजिक समीक्षा करेंगे।

भलाई की भावना मनुष्य की सबसे पवित्र प्रवृत्तियों में से एक है। यह वह स्वाभाविक मानवीय गुण है जो हमें संवेदना, दया, और परस्पर सहयोग की ओर प्रेरित करता है। किन्तु आज के समय में यह गुण मंच पर आ चुका है एक ऐसा मंच जहां तालियां हैं, टिप्पणियां हैं, और सबसे ज़रूरी, एक कैमरा है जो हर क्षण को 'दृश्य' बनाता है।

एक समय था जब कोई वृद्ध भूखा दिखता, तो राह चलते लोग बिना कुछ कहे, बिना देखे, उसे कुछ खाने को दे जाते थे। आज वही द्रश्य होता है, लेकिन कैमरा पहले निकाला जाता है। भूखे की थाली से ज्यादा अहमियत उस एंगल की होती है, जिसमें वह थाली दिखाई दे। सेवा अब सीधी नहीं रही, वह एक स्क्रिप्टेड ऐक्ट में बदल गई है। आधुनिक मानव की आत्मा अब लाइक्स, शेयर, कमेंट्स की भूखी हो चली है। किसी की मदद करने के बाद हमें तसल्ली तब मिलती है, जब कोई कहे, ह्वाह, आप तो बड़े नेकदिल हैं। पहले मदद करने के बाद मन को जो संतोष मिलता था, अब वह 'फॉलोवर्स बढ़ने' के संतोष से बदला जा चुका है। यह न केवल इंसानियत की आत्मा को खरोंचता है, बल्कि मदद पाने वाले की गरिमा को भी आहत करता है। वह व्यक्ति जिसे मदद मिली है, उसकी ज़रूरतें तो पूरी होती हैं, लेकिन उसकी निजता, उसकी आत्मसम्मान की परतें एक-एक कर सोशल मीडिया के सामने उतार दी जाती हैं। सोचिए, अगर कोई कैमरा न हो, कोई



**भूखे की थाली से ज्यादा अहमियत उस एंगल की होती है, जिसमें वह थाली दिखाई दे सेवा अब सीधी नहीं रही, वह एक स्क्रिप्टेड ऐक्ट में बदल गई है, आधुनिक मानव की आत्मा अब लाइक्स, शेयर, कमेंट्स की भूखी हो चली है, किसी की मदद करने के बाद हमे तसल्ली तब मिलती है, जब कोई कहे, वाह आप तो बड़े नेकदिल हैं**

दर्शक न हो, कोई ताली बजाने वाला न हो क्या तब भी आप वही मदद करेंगे? यह प्रश्न हमारे भीतर झांकने की ज़रूरत को इंगित करता है। करुणा यदि सच्ची है, तो वह गुमनाम रहेगी। यदि उसमें प्रदर्शन है, तो वह करुणा नहीं डिजिटल ब्रांडिंग है। आज कई बार लगता है कि सहायता करना एक स्क्रिप्टेड इवेंट बन चुका है। वीडियो में सबसे पहले मदद मिलने वाले व्यक्ति की दयनीय स्थिति को दिखाया जाता है, फिर सहायता प्रदान की जाती है, और अंत में किसी नायक की तरह मददकर्ता का चेहरा। यह सब इतनी सफाई से किया जाता है कि वीडियो फिल्म जैसी लगती हैकृसंगीत के साथ, टाइटल के साथ, और अंत में एक गूढ़-सा संदेश।

इस सारी प्रवृत्ति में सबसे अधिक पीड़ित होती है नैतिकता। किसी की ज़रूरत को दिखावा बना देना उस व्यक्ति के अस्तित्व पर हमला है। एक भूखे की भूख अगर कैमरे में रिकॉर्ड न हो तो क्या उसका दुख कम है? क्या दया केवल तभी योग्य है जब वह पब्लिक डोमेन में हो? यह नई नैतिकता सिर्फ दूसरों के सामने दिखने के लिए जीती है। अब 'कृपा' भी एक मुद्रा बन गई है जिसे दिखाना पड़ता है, गिनाना पड़ता है। स्वार्थरहित सेवा का स्थान स्वार्थयुक्त प्रदर्शन ने ले लिया है। यह सब सुनकर अब साहित्यकार की लेखनी व्यंग्य से भर जाती है। कल्पना कीजिए एक दृश्य एक व्यक्ति सड़क किनारे बेहोश पड़ा है। एक 'सोशल वॉरियर' आता है, और उसके साथ उसका कैमरामैन। सबसे पहले कुछ तस्वीरें, फिर एक वीडियो 'हमने इनको उठाया, पानी पिलाया, एंबुलेंस बुलाई' और फिर



**प्रियंका सौरभ**

कैप्शनः 'हम सब मिलकर बदलाव ला सकते हैं'। कमेंट्स आते हैं 'वाह भाई साहब, आप तो फरिश्ता हैं।' किसी को यह नहीं सूझता कि क्या वह व्यक्ति कैमरे में आना चाहता था? क्या उसे अपने जीवन की सबसे कमजोर अवस्था में पब्लिकली दिखाया जाना चाहिए था। आज नेकी भी एक पूंजी बन गई है। इसका बाजार भाव बन गया है। जो जितनी ज्यादा भलाई करता है (या कहें, दिखाता है) उसका सामाजिक रेटिंग उतना ही ऊंचा हो जाता है। कई बार यह भलाई राजनीतिक होती है, कभी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत होती है, और कभी व्यक्तिगत ब्रांड निर्माण के लिए। ऐसे में वास्तविक करुणा कहां छिप जाती है? क्या वह अब केवल कविता में जीवित रह गई है? क्या वह अब सिर्फ कबीर और तुलसी के दोहों में ही सांस लेती है। सोचने का समय आ गया है। मदद करने वाला बड़ा है या मदद पाने वाला यदि कोई भूखा है, तो क्या उसकी भूख की तस्वीर लेना जरूरी है। क्या उसकी सहमति जरूरी नहीं। यदि हम उसे मदद देते समय उसकी पीड़ा को श्कंटेंटश बना दें, तो क्या हम वास्तव में सहायता कर रहे हैं या उसका उपभोग कर रहे हैं। आज जब भलाई की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तैरती हैं, तो कहीं-न-कहीं वे समाज को एक नई दिशा दे रही हैं एक ऐसी दिशा जहां सेवा भी दिखावे का अंग बन चुकी है। यह आवश्यक है कि हम पुनः आत्मपरीक्षण करें। भलाई मौन होती है, और उसका असर चुपचाप दिलों में उतरता है। यदि हमें सच में इस समाज को बेहतर बनाना है, तो जरूरत है कि हम बिना कैमरे, बिना मंच, और बिना स्वार्थ के किसी की मदद करें। नेकी कोई तस्वीर नहीं, वह तो संवेदना की वह रेखा है जो दिल से दिल तक जाती है बिना कोई सबूत मांगे।

# ऑपरेशन सिंदूरः बदलता कश्मीर और एक नई राजनीतिक सोच की जरूरत

हाल के दिनों में कश्मीर घाटी में जो घटनाएं घटीं, विशेषकर पहलगाम आतंकी हमले के बाद जिस प्रकार वहां की जनता ने आतंकवाद के खिलाफ खुलकर मोर्चा लिया, वह कश्मीर को लेकर एक नए युग की शुरुआत का संकेत देता है। इस संदर्भ में 'ऑपरेशन सिंदूर' को एक निर्णायक मोड़ माना जा सकता है जिसने न केवल घाटी के भीतर बदलाव की बयार बहाई है, बल्कि पूरे देश के मानस में कश्मीर को लेकर बना वर्षों पुराना 'हिंदू बनाम मुस्लिम' का परसेप्शन भी डगमगाया है। पहलगाम हमले के बाद जिस प्रकार आम कश्मीरी सड़कों पर निकल कर आतंकवाद के खिलाफ खड़ा हुआ, उसने दशकों से पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के एजेंडे को करारा जवाब दिया है। यह संदेश स्पष्ट है अब कश्मीर के लोग आतंकवाद नहीं चाहते। उन्हें समझ आ गया है कि आतंकी गतिविधियां न केवल उनके आर्थिक स्रोतों को समाप्त करती हैं, बल्कि उनके बच्चों के भविष्य को भी अंधकारमय बनाती हैं। टूरिज्म जो कश्मीर की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, आतंकवाद के रहते विकसित हो ही नहीं सकता। यही समझ आज घाटी के लोगों को भारत की मुख्यधारा में शामिल होने के लिए प्रेरित कर रही है।

इस बदलते कश्मीर के पीछे निस्संदेह केंद्र सरकार की नीति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलाए गए अभियानों की बहुत बडी भूमिका है। लेकिन यहां हमें एक जरूरी विमर्श की ओर भी बढ़ना चाहिए




भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को लेकर देश में जो राजनीतिक धारणा बनी है, क्या अब उसे पुनर्परिभाषित करने का समय नहीं आ गया है।

बीते दशकों में भाजपा को अक्सर कट्टर हिंदुत्व और मुस्लिम विरोध की राजनीति से जोड़ कर देखा गया। मगर 2014 में जब नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में स्वीकार किया गया, तो यह केवल उनकी हिंदुत्ववादी छवि का परिणाम नहीं था। गुजरात मॉडल और उनके विकासशील नेतृत्व ने भी बड़ी भूमिका निभाई। उनकी सरकार में नितिन गडकरी जैसे मंत्रियों के माध्यम से देश के इंफ्रास्ट्रक्चर खासकर सड़कों और परिवहन में हुए अभूतपूर्व सुधारों ने आम जनता को यह भरोसा दिलाया कि मोदी सरकार विकास की संवाहक है। रेलवे, हवाई यातायात, डिजिटल कनेक्टिविटी जैसे क्षेत्रों में भी भारत की तस्वीर बदली है। आज देश में ऐसा केवल 10-15 प्रतिशत तबका है जो कट्टर हिंदुत्व के आधार पर भाजपा का समर्थन करता है। लेकिन मोदी सरकार को बार-बार जनादेश इसलिए मिला क्योंकि जनता के बड़े वर्ग ने उन्हें विकास और कानून-व्यवस्था के प्रतीक के रूप में स्वीकार किया। इस पृष्ठभूमि में आज यह आवश्यक हो गया है कि भाजपा और उससे जुड़े संगठनों को यह विचार करना चाहिए कि क्या धर्म और राजनीति को अलग किया जाना चाहिए। क्या पार्टी को केवल विकास और



**विरेश तरार**

**2014 में जब नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में स्वीकार किया गया, तो यह केवल उनकी हिंदुत्ववादी छवि का परिणाम नहीं था, गुजरात मॉडल और उनके विकासशील नेतृत्व ने भी बड़ी भूमिका निभाई**

समावेशी राष्ट्रवाद के मार्ग पर चलना चाहिए। आर एस एस जैसी संस्था को भी अपने कट्टरपंथी छवि को त्यागकर एक समावेशी, भारतीय मानवतावादी विचारधारा के साथ आगे आना चाहिए। भाजपा को चाहिए कि वह कॉरपोरेट केंद्रित विकास से हटकर गांव, कृषि और आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता दे। आज का भारत बदलाव की दहलीज पर खड़ा है। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक एक ही आवाज उठ रही है आतंकवाद नहीं, विकास चाहिए। और यह तभी संभव है जब राजनीति धर्म से अलग होकर मानवता की नींव पर खड़ी हो। निश्चित रूप से, यही वह सोच है जो भारतीय जनता पार्टी को सत्ता में आने वाले दशकों तक मजबूती से टिकाए रख सकती है कृ न कि कट्टर विचारधाराएं, जो अब जनभावनाओं से मेल नहीं खातीं।

# पहले सर्जिकल फिर एयर स्ट्राइक, अब ऑपरेशन सिंदूर

## भारत के तीन प्रहारों से दहल उठा पाकिस्तान

पाकिस्तान को लगा भारत बुधवार को सिविल डिफेंस की मॉक ड्रिल करेगा। पाकिस्तानी हुकूमत और फौज, दोनों निश्चिंत होकर सोये रहे। लेकिन भारत की सेना ने आधी रात को 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू कर उसके सबसे डरावने सपने को हकीकत बना दिया। भारत का यह ऑपरेशन रणनीतिक चतुरता की मिसाल है। भारत ने बुधवार को देश के 244 जिलों में मॉक ड्रिल की योजना बनाई थी। खबर ने पाकिस्तान को यह यकीन दिला दिया कि भारत कोई बड़ा सैन्य ऑपरेशन नहीं करेगा। इसी भ्रम का फायदा उठाते हुए भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया।

पहलगाम अटैक के 15 दिन बाद भारत ने 6 मई की रात 1.44 बजे पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक की। इसे नाम दिया गया 'ऑपरेशन सिंदूर' भारतीय सेनाओं ने इस ऑपरेशन के दौरान पाकिस्तान में चार और पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकियों के पांच ठिकानों पर रॉकेट बरसाए। इन टारगेट में बहावलपुर, मुरिदके, बरनाला, तेहराकलां, मुजफ्फराबाद, कोटली और सियालकोट शामिल थे। इन जगहों पर लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों अड्डे संचालित थे। इसके अलावा आतंकी मौलाना मसूद अजहर का मदरसे को भी इस हमले में नेस्तनाबूद किया गया है।

गौरतलब है कि पाकिस्तान से आए आतंकवादियों ने 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में 27 लोगों की हत्याकर दी थी। इसमें 26 भारतीय व एक नेपाली नागरिक था। आतंकियों के इस कायराना हमले का करारा जवाब देने के लिए भारत ने सैन्य कार्रवाई से पहले कूटनीतिक हमले किए। हमले के 15 दिन बाद ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से अपनी सैन्य ताकत दिखा दी। ऑपरेशन सिंदूर पहलागाम हमले में मारी गई उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पति की हत्या उनकी आंखों के सामने ही आतंकवादियों ने की थी। इस स्ट्राइक में भारतीय सेना ने 24 मिसाइलों से आतंकी अड्डों पर हमला किया। जिसकी पीएम नरेंद्र मोदी, रक्षा



**हमले के 15 दिन बाद ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से अपनी सैन्य ताकत दिखा दी, ऑपरेशन सिंद ूर पहलगाम हमले की पीड़ित उन महिलाओं को समर्पित है, जिनके पति की हत्या उनकी आंखों के सामने ही आतंकवादियों ने की थी**

मंत्री राजनाथ सिंह और सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल लगातार मॉनीटरिंग कर रहे थे।

भारत के एयर स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान से जो वीडियो आ रहे हैं, उसमें खुद पाकिस्तान के लोग चीख-चीख बता रहे हैं कि आतंकी अजहर मसूद के ठिकाने पर मिसाइल से हमले किए गए हैं। इसमें पाकिस्तान की आवाम खुद बता रही है कि भारतीय सेना ने कैसे हमला किया है। इसके अलावा वीडियों में देख सकते हैं कि आतंकी ठिकाने से आग की लौ भी उठती दिख रही है। ये आतंकियों के ठिकाने को मिट्टी में मिलाने का सबसे बड़ा सबूत है। अहमद शरीफ चौधरी ने रात ही कहा कि भारत के हवाई हमलों में अब तक 8 नागरिक मारे गए हैं जबकि 35 घायल हुए हैं।

जैसा कि बताया जा रहा है भारत सेना के एयर स्ट्राइक में करीब 100 आतंकी मारे गए हैं। अस्पतालों में घायल आतंकवादियों की लाइन लगी है। हर तरफ एंबुलेंस दौर रहे हैं। ये भारत नहीं बल्कि तमाम इंटरनेशनल मीडिया संस्थान कह रहे हैं। ये संस्थाएं पाकिस्तान के हालात की तस्वीरें ला रही हैं। इससे पता चलता है कि भारत ने पहलगाम का बदला कैसा लिया। इन हमलों को राफेल, सुखोई जैसे फाइटर जेट्स या फिर बेहद आधुनिक ड्रोन से अंजाम दिया गया।

ऑपरेशन सिंदूर की जरूरत पर भारत ने दुनिया को जवाब दे दिया। भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि पाकिस्तान अपने नियंत्रण वाले क्षेत्र में आतंकियों पर एक्शन के लिए कोई कदम नहीं उठाता। खुफिया जानकारी के मुताबिक, भारत के खिलाफ आगे भी हमले हो सकते हैं। इसलिए ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के इंफ्रास्ट्रक्चर को समाप्त करने और भारत में भेजे जाने वाले आतंकियों को अक्षम बनाने के लिए है। उन्होंने यह भी कहा कि 25 अप्रैल को टीआरएफ के संदर्भ को हटाने के लिए पाकिस्तान के दबाव को भी ध्यान देना चाहिए। पाकिस्तान दुनिया भर में आतंकवादियों के शरणस्थल के रूप में पहचान बना चूका है। साजिद मीर का मामला अंतराष्ट्रीय प्रेशर बनाने के बाद वो जीवित पाया गया, इसका सबूत है। भारत ने



**अशोक भाटिया**

इसी तरह का हमला फरवरी 2019 में उस समय किया था, जब जम्मू कश्मीर के पुलवामा में सीआरपीएफ के एक काफिले को निशाना बनाया गया था। इस हमले का बदला लेने के लिए भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के बालाकोट में हमला कर आतंक के ठिकानों को तबाह कर दिया था। इस ऑपरेशन को नाम दिया गया था, 'ऑपरेशन बंदर'। बुधवार तड़के हुई कार्रवाई को पाकिस्तान ने युद्ध की कार्रवाई बताया है। उसका कहना है कि उसके पास जवाबी कार्रवाई का हक है। आइए देखते हैं कि 'ऑपरेशन बंदर' और 'ऑपरेशन सिंदूर' में क्या अंतर है। साल 1971 के युद्ध के बाद पहली बार है कि भारत की सेनाओं ने पाकिस्तान में घुसकर कार्रवाई को अंजाम दिया था। इससे पहले 2016 में हुए उड़ी हमला और 2019 के पुलवामा हमले के बाद भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में घुसकर कार्रवाई की थी। इन हमलों को सर्जिकल स्ट्राइक बताया था। भारत ने इस आत्मरक्षा के अधिकार के तहत की गई कार्रवाई बताया था। इसमें भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान में कोई निशाना नहीं बनाया था। भारतीय सेनाओं ने पहली बार पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में हमला किया। इससे पहले सेनाओं ने पंजाब में किसी ठिकानों को निशाना नहीं बनाया था। यह भारत की तीनों सेनाओं का एक संगठित प्रयास था। बालाकोट कैंप का चुनाव इसलिए किया गया था कि वह एक पहाड़ी की चोटी पर स्थित था। उसके आसपास कोई नागरिक नहीं था। यानी हमले से नागरिकों को कोई नुकसान नहीं होगा।

# अनार के साथ न खाएं ये चीजें सेहत को हो सकता है खतरा

अनार एक ऐसा फल है जो टेस्टी होने के साथ-साथ सेहत के लिए भी बहुत अधिक फायदेमंद माना जाता है। अनार को आप स्नैक्स के साथ-साथ सलाद या स्मूदी आदि में शामिल कर सकते हैं। यह फल विटामिन्स, एंटीऑक्सीडेंट्स और फाइबर से भरपूर है। इसके सेवन से ना केवल इम्यूनिटी को बढ़ाने में मदद मिलती है, बल्कि यह पाचन सुधारने और आपकी स्किन को ग्लो पाने में मदद मिलती है। इस बात में कोई दोराय नहीं है कि अनार का सेवन सेहत के लिए बहुत अधिक लाभदायक माना जाता है। लेकिन अगर आप इसे किस अन्य फूड के साथ खाते हैं, यह भी बहुत अधिक मायने रखता है। दरअसल, कुछ फूड कॉम्बिनेशन सेहत के लिए अच्छे नहीं माने जाते हैं। अनार के साथा कुछ फूड्स का सेवन पाचन समस्याओं का कारण बन सकता है या फिर इससे आपके शरीर को अनार के पोषक तत्वों को अच्छे से अवशोषित करने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### डेयरी प्रोडक्ट्स...

अनार के साथ डेयरी प्रोडक्ट्स जैसे दूध, दही व पनीर, आदि को साथ में खाने से बचना चाहिए। दरअसल, अनार को डेयरी प्रोडक्ट्स के साथ खाने से पाचन में समस्या हो सकती है। अनार की अम्लता और दूध के प्रोटीन के मिलने से पाचन में समस्या हो सकती है, जिससे गैस, सूजन और अपच हो सकता है। यह खासकर उन लोगों के लिए ज्यादा समस्या बन सकता है जो दूध के प्रति सेंसेटिव होते हैं। इससे आपको एसिडिटी, गैस, और पेट में ऐंठन हो सकती है।

### सिट्रल फल...

अनार के साथ सिट्रस फल जैसे संतरा व नींबू, आदि का सेवन करना भी अच्छा नहीं माना जाता है। इन सिट्रस फल अनार के साथ मिलाने पर ज्यादा अम्लीय हो सकते हैं। दोनों का अम्लता स्तर अधिक होता है, जो पेट की लाइनिंग को परेशान कर सकता है और अपच या एसिड रिफ्लक्स की समस्या पैदा कर सकता है। इन दोनों को साथ में लेने से एसिड उत्पादन बढ़ सकता है, जिससे हार्टबर्न और पेट की समस्या हो सकती है।

### अनानास...

अगर आप फ्रूट चाट बना रहे हैं तो अनानास और अनार को एक साथ ना खाएं। अनानास और अनार दोनों में अम्लीय गुण होते हैं, और इन्हें मिलाने से पेट में जलन हो सकती है। यह फूड कॉम्बिनेशन एसिड उत्पादन और पाचन संबंधी परेशानियों का कारण बन सकता है।



# भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराने का पाक का दावा निकला कोरा शिगूफा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ अपने देश में पांच भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराने के दावे के समर्थन में किसी भी किस्म का सबूत देने में नाकाम रहे और यह कहकर कन्नी कटाने की कोशिश करते नजर आए कि सब कुछ भारतीय सोशल मीडिया पर है।

सीएनएन द्वारा एक साक्षात्कार के दौरान यह पूछे जाने पर कि पांच भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराए जाने का सबूत कहां है, आसिफ ने कहा, यह सब सोशल मीडिया पर है, भारतीय सोशल मीडिया पर, हमारे सोशल मीडिया पर नहीं। इन लड़ाकू विमानों का मलबा भारतीय क्षेत्र में गिरा और यह सब भारतीय सोशल मीडिया पर है। सीएनएन द्वारा बहुत ही स्पष्ट रूप से सबूतों के विवरण के बारे में पूछे जाने पर और यह पूछे जाने पर कि क्या पाकिस्तान ने जिस राफेल जेट को मार गिराने का दावा किया है, उसमें किसी चीनी उपकरण का इस्तेमाल किया गया था, रक्षा मंत्री ने कहा भारतीय विमानों को पाकिस्तानी जेट विमानों के साथ लड़ाई के दौरान मार गिराया गया था। भारत ने पाकिस्तान के ऐसे सभी दावों को खारिज कर दिया है जो ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तानी दुष्प्रचार का हिस्सा हैं। भारत ने बुधवार को पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी शिविरों को ध्वस्त करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत की थी।

आसिफ ने यह भी चेतावनी दी कि अगर तनाव और बढ़ता है, तो वास्तविक खतरा परमाणु युद्ध का है। पाकिस्तान ने भारत की ओर से सीमा पार किए गए हमलों को युद्ध की एक स्पष्ट कार्रवाई करार दिया है। उसने कहा कि छह पाकिस्तानी ठिकानों को निशाना बनाया गया, जिसमें दो दर्जन हथियारों से हमला किया गया जिसके कारण 31 नागरिकों की मौत हो गई और 57 अन्य घायल हो गए।

## शहबाज ने तुर्की के राष्ट्रपति को भाई कहा

### चीन-तुर्की के अलावा कोई भी देश पाकिस्तान के साथ नहीं

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगन को भाई कहा है और भारत के खिलाफ साथ देने के लिए शुक्रिया कहा है। उन्होंने कहा कि यह पाकिस्तान के लिए कठिन समय है। पीएम शहबाज ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि मैंने राष्ट्रपति एर्दोगन से पाक सेना के एक्शन की जानकारी दी है और कहा है कि पाकिस्तान हर कीमत पर अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करेगा। पीएम शहबाज ने साउथ एशिया में तनाव कम करने और क्षेत्रीय शांति को बढ़ावा देने के लिए तुर्की की कोशिशों की भी सराहना की। तुर्की ने भारत के एयरस्ट्राइक के बाद पाकिस्तान का समर्थन किया था और इसे संप्रभुता का उल्लंघन माना था। पूर्व ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक ने भारत का सपोर्ट करते हुए लिखा कि किसी भी देश को दूसरे देश की जमीन से अपना यहां हो रहे हमले स्वीकार नहीं करने चाहिए। भारत का आतंकी ठिकानों पर हमला सही है। आतंकवादियों को किसी भी तरह की छूट नहीं दे सकते। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने एक्स पर पोस्ट कर बताया है कि वो भारत और पाकिस्तान के बीच स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। रुबियो ने कहा है कि शांतिपूर्ण समाधान समाधान के लिए भारत और पाकिस्तान के साथ बातचीत जारी रहेगी। राष्ट्रपति ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में कहा–यह बहुत भयानक है। मैं दोनों के साथ मिलकर काम करता हूं, मैं दोनों को बहुत अच्छी तरह से जानता हूं, और मैं उन्हें इसे सुलझाते हुए देखना चाहता हूं। मैं उन्हें रुकते हुए देखना चाहता हूं। उन्होंने जैसे को तैसा वाली नीति अपनाई है।

## संरा महासभा ने भारत व पाक युद्ध पर जताई चिंता

**न्यूयार्क।** संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष फिलेमोन यांग ने भारत एवं पाकिस्तान के बीच पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में सैन्य कार्रवाई ऑपरेशन सिन्दूर के बाद दोनों देशों में बढ़ती शत्रुता को लेकर चिता व्यक्त की है और दोनों पक्षों से संयम बरतने की अपील की है। यांग ने यहां अपने एक वक्तव्य में कहा, मैं दोनों पक्षों से अधिकतम संयम बरतने और तत्काल तनाव कम करने का आह्वान करता हूं।

मैं सभी आतंकवादी हमलों और नागरिकों तथा नागरिक बुनियादी ढांचे के विरुद्ध हमलों की निदा करता हूं। उन्होंने कहा कि मेरा दृढ़ विश्वास है कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुरूप बात. चीत तथा कूटनीतिक समाधान ही मतभेदों को सुलझाने, स्थाई शांति और स्थिरता प्राप्त करने का एकमात्र तरीका है। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर के पर्यटक स्थल पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले में करीब 26 लोग मारे गए थे। इस घटना के तुरंत बाद केन्द्र सरकार ने कूटनीतिक कदम उठाते हुए, अटारी बाघा सीमा चौकी बंद करने, व्यापार एवं हर प्रकार के लेन देन को बंद करने, वीसा रद्द करने और सिंधु जल संधि पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। इसके बाद छह एवं सात मई के दरमियानी रात में भारतीय सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों के कई ठिकानों को निशाना बनाकर उन्हें तबाह कर दिया है।

## यूरोपीय सुरक्षा के लिए रूस सबसे बड़ा खतरा: जर्मनी

**मॉस्को।** जर्मनी के नए चांसलर फेडरिक मर्ज़ ने कहा है कि यूरोपीय सुरक्षा के लिए रूस सबसे बड़ा खतरा बना हुआ है। मर्ज़ ने पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क के साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह टिप्पणी की जिसका प्रसारण वेल्ट टेलीविज़न चैनल द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि यूरोप की निवारक प्रणाली और रक्षा क्षमता को तुरंत मजबूत किया जाना चाहिए। फरवरी 2024 में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमे. रिकी पत्रकार टकर कार्लसन के साथ एक साक्षात्कार में विस्तार से बताया कि रूस, नाटो देशों पर हमला नही करने जा रहा है, इसका कोई मतलब नही है। रूसी नेता ने कहा कि पश्चिमी राजनेता नियमित रूप से एक काल्पनिक रूसी खतरे से अपने लोगों को डराते हैं।

## पाक, ईरान से 2200 से अधिक परिवार लौटे

**काबुल।** अफगानिस्तान के कुल 2276 परिवार रविवार से मंगलवार तक तीन दिनों में पड़ोसी देश ईरान और पाकिस्तान से स्वदेश लौटे जिनमें 12,565 सदस्य हैं। वापसी की समस्याओं के समाधान के लिए अफगानिस्तान के उच्चायोग ने बुधवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि शरणार्थी पूर्वी नंगरहार प्रांत में तोरखम सीमा पार से, दक्षिणी कंधार प्रांत में स्पिन बोल्डक सीमा पार से, पश्चिमी हेरात प्रांत में इस्लाम कला सीमा पार से और पश्चिमी निमरोज प्रांत में अबरीशाम सीमा पार से घर लौटे हैं। उच्चायोग लौटने वालों के लिए उनके संबंधित प्रांतों में अस्थाई आश्रय, पोषण, पानी, चिकित्सा देखभाल और परिवहन सेवाएं प्रदान करता है। यूएनएचसीआर के अनुसार अप्रैल में 250,000 से अधिक अफगान शरणार्थी पाकिस्तान और ईरान से अपने वतन लौटे हैं। लगभग 70 लाख अफ़गान शरणार्थी जिनमें से अधिकांश अनिर्दिष्ट प्रवासी हैं, वर्तमान में ईरान और पाकिस्तान में रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के अधिकारियों ने अनिर्दिष्ट विदेशी नागरिकों से अपने अवैध प्रवास को समाप्त करने और अपने घरों को लौटने के लिए कहा है। उच्चायोग ने कहा कि अफ़गानिस्तान की अंत. रिम सरकार बार-बार अफ़गान शरणार्थियों से विदेश में रहना बंद करने और अपने युद्धग्रस्त मातृभूमि के पुनर्निर्माण में योगदान देने के लिए घर लौटने का आह्वान कर रही है।



## अमेरिका से सीधी परमाणु वार्ता नहीं होगी: ईरान

**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका के साथ सीधी परमाणु वार्ता और दोनों देशों के राष्ट्रपतियों के बीच एक आसन्न बैठक पर तेहरान द्वारा प्रस्ताव के बारे में अटकलों को खारिज कर दिया है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बाघई ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने एक हालिया मीडिया रिपोर्ट और वाशिंगटन के साथ सीधी परमाणु वार्ता और ईरानी और अमेरिकी राष्ट्रपतियों के बीच एक आसन्न बैठक पर तेहरान द्वारा प्रस्ताव के बारे में अटकलों को खारिज कर दिया। बाघई ने इजरायली समाचार वेबसाइट वाईनेट की एक हालिया रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए ईरान के प्रेस टीवी पर यह टिप्पणी की जिसमें दावा किया गया था कि ईरानी विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने अमे. रिकी मध्य पूर्व दूत स्टीव विटकॉफ से संपर्क किया था, जिसमें दोनों पक्षों के बीच अंतर को पाटने के लिए ओमानी मध्यस्थता प्रयासों से निराशा के कारण अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के साथ सीधी परमाणु वार्ता का अनुरोध किया गया था। उन्होंने मीडिया की उन अटकलों को भी खारिज कर दिया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अगले सप्ताह सऊदी अरब की अपनी आगामी यात्रा के दौरान अपने ईरानी समकक्ष मसूद पेजेशकियन से मिल सकते हैं। प्रवक्ता ने मीडिया रिपोर्ट और अफवाहों को मनगढ़ंत और निराधार बताते हुए कहा कि ईरान की कूटनीतिक गतिविधियों जिसमें अमेरिका के साथ अप्रत्यक्ष वार्ता भी शामिल है के बारे में सभी अपडेट (ईरानी) विदेश मंत्रालय द्वारा पारदर्शी, पेशेवर और समयबद्ध तरीके से बताए जाते हैं। अराघची और विटकॉफ के नेतृत्व में ईरान और अमे. रिका के प्रतिनिधिमंडलों ने अब तक अप्रत्यक्ष वार्ता के तीन दौर आयोजित किए हैं। पहला और तीसरा दौर 12 अप्रैल और 26 अप्रैल को ओमान की



राजधानी मस्कट में और दूसरा 19 अप्रैल को रोम में आयोजित किया गया था। चौथा दौर जो मूल रूप से 3 मई को रोम में होने वाला था, मध्यस्थ ओमान द्वारा तार्किक कारणों के कारण स्थगित कर दिया गया था। ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद से संबद्ध नूर न्यूज़ ने मंगलवार को बताया कि ईरान और अमेरिका के बीच अप्रत्यक्ष वार्ता का चौथा दौर रविवार को मस्कट में आयोजित किया जाएगा। हालांकि बाघई ने बुधवार को पहले कहा कि ईरान-अमेरिका वार्ता के चौथे दौर की निश्चित तिथि और स्थान अभी तक निर्धारित नही किया गया है।

## भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौता होगा गेम चेंजर

**नई दिल्ली।** भारत व यूनाइटेड किंगडम के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते को भारत की अर्थव्यवस्था, खासकर परिधान और वस्त्र क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक और बड़ा बदलाव लाने वाला कदम है। इस समझौते के अंतर्गत भारत के 99 प्रतिशत निर्यात पर टैरिफ हटा दिए गए हैं, जिससे भारतीय उत्पादों के लिए यूके जैसे प्रीमियम बाजार में बड़े स्तर पर नए अवसर खुलेंगे। यह समझौता परिधान, वस्त्र, समुद्री उत्पाद, चमड़ा, जूते, खिलौने आदि जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों को खास फायदा देगा। खास तौर पर परिधान और वस्त्र उद्योग के लिए यह समझौता बड़ी व्यापारिक बाधाओं को हटाता है, बाजार की पहुंच बढ़ाता है। यह भारत को एक ग्लोबल हब बनाने की दिशा में मजबूत कदम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारतीय हस्तकला और नवाचार को वैश्विक मंच पर बढ़ावा देने के दृष्टिकोण के अनुसार है। डा. ए. सक्थिवेल, चेयरमैन, अपैरल मेड-अप्स एंड होम फर्निशिंग सेक्टर स्किल काउंसिल ने इस समझौते का स्वागत किया और प्रधानमंत्री मोदी व केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को इस ऐतिहा. सिक समझौते के लिए बधाई दी। यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है जो भारत के वस्त्र निर्यात को नई रफ्तार देगी और इस क्षेत्र में रोजगार व विकास को जबरदस्त बढ़ावा मिलेगा।

## लंका की सत्तारूढ़ पार्टी ने स्थानीय निकाय चुनावों में जीत हासिल की

**कोलंबो।** लंका के सत्तारूढ़ नेशनल पीपुल्स पावर ने 2025 के स्थानीय निकाय चुनावों में 43.26 प्रतिशत वोट के साथ जीत और 3,927 परिषद सीटें हासिल की हैं। चुनाव आयोग के बुधवार को जारी अंतिम परिणामों के अनुसार, मंगलवार को देशभर में हुए चुनावों में एनपीपी ने द्वीप के 339 स्थानीय सरकारी निकायों में से 266 में अपना दबदबा कायम किया। मुख्य विपक्षी दल समागी जन बालावेगया (एसजेबी) 21.69 प्रतिशत वोटों के साथ दूसरे स्थान पर रहा, उसने 1,767 सीटें जीती और 13 स्थानीय सरकारी निकायों में आगे चल रहा है। इस बीच, प्रमुख तमिल पार्टी इलंकाई तमिल अरासु काची (आईटीएके) ने 377 सीटें जीती और 37 स्थानीय सरकारी निकायों पर नियंत्रण किया। लंका मुस्लिम कांग्रेस (एसएलएमसी) ने 116 सीटें हासिल की और पांच स्थानीय सरकारी निकायों में आगे रही। चुनाव आयोग के अनुसार, चुनावों के लिए 17,156,338 पंजीकृत मतदाताओं में सक लगभग 60 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया था।

## साइबर सुरक्षा: 3 अरब यूरो का निवेश करेगा स्पेन

**मैड्रिड।** स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज़ ने कहा कि देश के सुरक्षा और रक्षा क्षेत्र के औद्योगिक और तकनीकी आधुनिकीकरण के लिए एक नई योजना के तहत, साइबर सुरक्षा विकसित करने पर लगभग तीन अरब यूरो खर्च करेगा। स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने संसद में बताया कि देश की सुरक्षा और रक्षा के लिए एक औद्योगिक व तकनीकी योजना के तहत तीन अरब यूरो साइबर सुरक्षा पर खर्च किए जाएंगे। यह राशि कृत्रिम बुद्धिमत्ता और क्वांटम कंप्यूटिंग पर आधारित साइबर सुरक्षा प्रणालियों को विकसित करने में लगेगी, इसमें स्पेन की अच्छी विशेषज्ञता है। सांचेज़ ने बताया कि स्पेन हर साल बुनियादी ढांचे पर हजार से अधिक साइबर हमलों का सामना करता है।

## इज़रायली हमले में 82 की मौत

### अल-रिमल पड़ोस में एक रेस्तरां व बाजार को बनाया निशाना

**गाजा।** गाजा पट्टी में इजरायली हमलों में बुधवार को कम से कम 82 फलस्तीनी मारे गए एवं कई अन्य घायल हो गए। गाजा में नागरिक सुरक्षा ने यह जानकारी दी है। नागरिक सुरक्षा के प्रवक्ता महमूद बसल के अनुसार गाजा शहर के पश्चिम में अल-रिमल पड़ोस में एक रेस्तरां और घनी आबादी वाले बाजार को निशाना बनाकर किए गए एक इजरायली हवाई हमले में कम से कम 39 लोग मारे गए और 86 अन्य घायल हो गए है। अल-शिफा अस्पताल में इलाज करा रहे 27 वर्षीय इब्राहिम साद ने कहा कि मैंने पहले सीटी सुनी, फिर विस्फोट-मैंने चारों ओर शव पड़े देखे जिनमें दो बच्चे शामिल थे जो कॉफी बेच रहे थे और एक अन्य मकई बेच रहा था। एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी अबू सालेह अब्दो ने कहा कि हमला बिना किसी चेतावनी के हुआ। इससे पहले दिन में गाजा शहर के पूर्व में तुफ़ाह पड़ोस में अल-करामा स्कूल पर एक इज़रायली हमले में 19 लोग मारे गए जिनमें से कई विस्थापित नागरिक थे जो शरण की तलाश में थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कूल पर कथित तौर पर दो बार हमला किया गया। प्रवक्ता ने कहा कि अतिरिक्त इज़रायली हवाई हमलों ने एन्क्लेव के विभिन्न हिस्सों में कम से कम 24 और लोगों की जान ले ली। हमास द्वारा संचालित गाजा सरकार के मीडिया कार्यालय ने बुधवार को कहा कि इज़रायली सेना ने 24 घंटे के भीतर नागरिक सुविधाओं पर चार नरसंहार किए। उन्होंने दावा किया कि हमलों का उद्देश्य अधिक से अधिक नागरिक हताहत करना है। इज़रायली सेना ने इन कथित हमलों पर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है। इस बीच तटीय एन्क्लेव में कई मोर्चों पर आगे बढ़ रहे फलस्तीनी उग्रवादियों और इज़रायली बलों के बीच लड़ाई जारी रही। हमास की सशस्त्र शाखा अल-क़स्साम ब्रिगेड ने अलग-अलग बयानों में कहा कि उसके लड़ाकों ने खान यूनिस और राफ़ा के दक्षिणी शहरों में इज़रायली बलों को निशाना बनाया, जिससे सैनिक हताहत हुए हालांकि कोई विशिष्ट संख्या नहीं बताई गई। इजरायली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई।

## मीडिया के क्षेत्र में चीन के साथ सहयोग मजबूती की ओर: पुतिन

**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि मीडिया क्षेत्र में देश का चीन के साथ सहयोग बढ़ रहा है और यह दोनों देशों के बीच व्यापक साझेदारी और रणनीतिक सहयोग का एक महत्वपूर्ण घटक है।

पुतिन ने बुधवार को द बीकन ऑफ द वर्ल्ड और न्यू हिस्टोरिक फ्रंटियर्स फोरम के प्रतिभागियों को अपने शुभकामना संदेश में कहा, मीडिया क्षेत्र में रूसी-चीनी सहयोग बहुत कुशलतापूर्वक और सफलतापूर्वक विकसित हो रहा है। यह मॉस्को और बीजिंग के बीच व्यापक साझेदारी और रणनीतिक सहयोग का दृश्यमान घटक के रूप में कार्य करता है।

## 19वीं सदी के जहाज का मलबा मिला

**कैनबरा।** शोधकर्ताओं ने दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के तट के पास 1857 में डूबे 19वीं सदी के डच व्यापारिक जहाज़ कोनिंग विलेम डी ट्वीडे का मलबा खोज लिया है। ऑस्ट्रेलियन नेशनल मैरीटाइम म्यूज़ियम की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक 800 टन का यह डच जहाज़ ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड रश दौर में चीनी प्रवासियों को लाने में शामिल था। यह जहाज 400 से ज्यादा चीन के खनिकों को विक्टोरिया के गोल्डफील्ड पहुंचाने के बाद दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के रोबे कस्बे के पास गीचेन बे में डूब गया था। विज्ञप्ति के अनुसार, 25 क्रू सदस्यों में से सोलह डूब गए और लॉन्ग बीच, रोब के टीलों में दब गए। खोजी टीम ने मरीन मैग्नेटोमीटर और अंडरवाटर मेटल डिटेक्टर की मदद से जहाज़ के विडलास, लकड़ी के तख्ते और हुल के हिस्सों की पहचान की जो अब समुद्र तल के नीचे दबे हैं। मलबे की जगह ऐतिहासिक रिकॉर्ड से मेल खाती है और आसपास किसी अन्य बड़े जहाज़ के डूबने के प्रमाण नही हैं। चुंबकीय आंकड़े जहाज की 42.7 मीटर लंबाई से मेल खाते हैं। मार्च 2023 में, 19वीं सदी की चीनी मिट्टी के बर्तन के टुकड़े मिलने से एक डूबे जहाज की पहचान की पुष्टि हुई है। ऑस्ट्रेलियन नेशनल मैरीटाइम म्यूज़ियम के नेतृत्व में यह खोज अप्रैल 2022 में शुरू हुई थी, जिसमें कई संस्थानों और नीदरलैंड की सरकार ने सहयोग किया। म्यूज़ियम के जेम्स हंटर ने कहा, अब हमें लगभग पूरा यकीन है कि यही वह जहाज है, लेकिन अगर उस पर नाम की घंटी मिल जाए तो यह पूरी तरह स्पष्ट हो जाएगा।

